RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 154
नई दिल्ली, सोमवार, 10 अप्रैल, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



फर्जी खबरों की पहचान के लिए नियमों में संशोधन पर परामर्श जारी

राष्ट्रीय-11

# भारत में प्रकृति की रक्षा संस्कृति का हिस्सा: मोदी

● पीएम ने इंटरनेशनल बिग कैट अलायंस की शुरुआत की, प्रोजेक्ट टाइगर के 50 साल पूरे होने पर बाघों की आबादी को लेकर नवीनतम आंकड़ा जारी किया और बताया कि 2022 में भारत में बाघों की संख्या 3,167 थी


**एजेंसी** । मैसुरु (कर्नाटक)

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि भारत पारिस्थितिकी और अर्थव्यवस्था के बीच संघर्ष में विश्वास नहीं करता बल्कि इन दोनों के बीच सह-अस्तित्व को महत्व देता है। मोदी ने कहा, भारत एक ऐसा देश है जहां प्रकृति की रक्षा करना इसकी संस्कृति का हिस्सा है। मोदी ने इंटरनेशनल बिग कैट अलायंस (आईबीसीए) की शुरुआत करते हुए कहा कि वन्यजीवों की सुरक्षा एक सार्वभौम मुद्दा है।

आईबीसीए को बिग कैट की प्रजातियों के संरक्षण एवं सुरक्षा के उद्देश्य से शुरू किया गया है। प्रधानमंत्री ने प्रोजेक्ट टाइगर के 50 साल पूरे होने के अवसर पर कर्नाटक राज्य मुक्त विश्वविद्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में इसकी शुरुआत की। इस मौके पर उन्होंने बाघों की आबादी को लेकर नवीनतम आंकड़ा जारी किया और बताया कि 2022 में भारत में बाघों की संख्या 3,167 थी। इस आंकड़े का हवाला देते हुए मोदी ने कहा, आज बाघों की जो संख्या है वह दिखाती है कि हमारे यहां इस परिवार के सदस्य बढ़ रहे हैं। यह गर्व का क्षण है। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद लोगों से बाघों की संख्या में वृद्धि पर खुलकर प्रशंसा करने का आह्वान करते हुए कहा, मुझे भरोसा है और मैं दुनिया को विश्वास दिलाता हूं कि आने वाले दिनों में इस दिशा में और अधिक हासिल करेंगे। आंकड़ों के अनुसार, देश में 2006 में बाघों की संख्या 1411, 2010 में 1706, 2014 में 2,226, 2018 में 2,967 और 2022 में 3,167 थी। कार्यक्रम में केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव और राज्य मंत्री अश्विनी कुमार चौबे एवं अन्य मौजूद थे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि प्रोजेक्ट टाइगर की सफलता न सिर्फ भारत, बल्कि पूरी दुनिया के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि भारत ने न सिर्फ बाघों को बचाया है, बल्कि उनकी आबादी बढ़ने के लिए अनुकूल पारिस्थितिकी भी कायम की है। मोदी ने कहा, भारत एक ऐसा देश है जहां प्रकृति की रक्षा करना इसकी संस्कृति का हिस्सा है। उन्होंने कहा, वन्यजीवों के फलने फूलने के लिए पारिस्थितिकी का फलना फूलना महत्वपूर्ण है। भारत में यही हो रहा है। उन्होंने कहा कि वन्यजीव का संरक्षण सिर्फ एक देश का मुद्दा नहीं है बल्कि यह एक वैश्विक मुद्दा है। उन्होंने कहा कि चीते दशकों पहले भारत में विलुप्त हो गए थे। प्रधानमंत्री ने नामीबिया और दक्षिण अफ्रीका से चीतों को भारत लाने की हालिया पहल का जिक्र करते हुए कहा कि यह विदेशों से चीतों का पहला सफल स्थानांतरण था। उन्होंने यह भी बताया कि मध्य प्रदेश के कुनो राष्ट्रीय उद्यान में इन मादा (शेष पेज 9)

**प्रधानमंत्री ने तमिलनाडु में हाथी शिविर का भी किया दौरा**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को तमिलनाडु के नीलगिरी जिले में थेप्पक्कडू हाथी शिविर का दौरा किया। उन्होंने हाथियों की देखभाल करने वाली बेली और बोम्मन से बातचीत की, जो ऑस्कर पुरस्कार जीतने वाले वृत्तचित्र द एलिफेंट व्हिस्पर्स में नजर आए थे। पीएम ने यहां हाथियों को गन्ना भी खिलाया। मोदी ने ट्विटर पर कहा, अद्भुत शख्सियत बोम्मन और बेली के साथ ही बोम्मी और रघु (हाथी के बच्चों) से मिलकर खुशी हुई। मोदी ने दंपति और हाथी के बच्चों के साथ की अपनी तस्वीरें साझा की हैं।

# यूपी में नगर निकाय चुनावों का ऐलान, दो चरणों में पड़ेंगे वोट



**पायनियर समाचार सेवा** । लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश के राज्य निर्वाचन आयोग ने रविवार को राज्य में नगरीय निकायों के चुनाव की अधिसूचना जारी करते हुए राज्य चुनाव आयुक्त मनोज कुमार ने रविवार को यहां पत्रकारों को बताया कि चुनाव दो चरणों में चार मई तथा 11 मई को होगा जबकि 13 मई को मतों की गिनती की होगी। कुमार ने बताया, राज्य के 760 नगरीय निकाय चुनाव के अन्तर्गत कुल 14,684 पदों पर चुनाव होंगे।

उन्होंने बताया कि इसमें 17 महापौर, 1420 पार्षद, नगर पालिका परिषदों के 199 अध्यक्ष, नगर पालिका परिषदों के 5327 सदस्य, नगर पंचायतों के 544 अध्यक्ष और नगर पंचायतों के 7178 सदस्यों के निर्वाचन के लिए चुनाव होगा। इसके पहले राज्य निर्वाचन आयुक्त ने तीन अप्रैल को जारी एक बयान में कहा था कि प्रदेश सरकार द्वारा आरक्षण की अंतिम सूचना प्राप्त होने के बाद प्रदेश के नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन-2023 की अधिसूचना जारी कर दी जाएगी। आयोग द्वारा निर्वाचन की अधिसूचना जारी करने से पहले उत्तर प्रदेश सरकार ने रविवार को नगर निगमों के महापौर, नगर परिषद और नगर पंचायतों के अध्यक्षों के लिए अंतिम आरक्षण सूची जारी की। अंतिम अधिसूचना के अनुसार, आगरा के महापौर (शेष पेज 9)

## पहले निकाय, फिर लोस चुनाव में खिलाना है कमल: मुख्यमंत्री

**भाषा** । गोरखपुर



**उत्तर** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को अपने गृह जिले के दौरे में निकट भविष्य में होने वाले नगर निकाय चुनाव के लिए कार्यकर्ताओं को उत्साहित करते हुए कहा कि हमें पहले निकाय और फिर लोकसभा चुनाव में कमल (भाजपा का चुनाव चिन्ह) ही कमल खिलाना है और इसके लिए रणनीति बनानी अभी से प्रारंभ हो जानी चाहिए।

रविवार को मुख्यमंत्री हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड (खाद कारखाना) के मैदान पर करीब 1046 करोड़ रुपए की लागत वाले 258 विकास कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण करने के बाद यहां आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि कमल निशान पर जो उम्मीदवार चुनाव लड़ेगा, वह हर एक नागरिक का प्रत्याशी होगा, हमें इस बात का संकल्प लेना होगा। उन्होंने कहा कि इसी संकल्प के साथ हम आगे बढ़ेंगे तो न कोई विकास बाधित कर पाएगा और न ही सुरक्षा में सेंध लगा पाएगा तथा योजनाओं के लाभ से भी कोई वंचित नहीं कर पाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विकास और जनकल्याण को आगे बढ़ाने में सफलता इसीलिए मिल रही है कि यहां डबल इंजन की सरकार होने के साथ प्रखंड एवं निकाय स्तर तक भाजपा के कार्यकर्ता हैं, इससे लोगों को योजनाओं (शेष पेज 9)

# लोकसभा चुनाव में पूरे महाराष्ट्र में लहराएगा भगवा: एकनाथ शिंदे

● महाराष्ट्र के सीएम ने रामलला के दर्शन किए, उद्धव पर साधा निशाना

**पायनियर समाचार सेवा** । अयोध्या

**महाराष्ट्र** के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने रविवार को कहा कि वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव के दौरान शिवसेना और भारतीय जनता पार्टी गठबंधन का भगवा महाराष्ट्र में पूरे बहुमत से लहराएगा। मुख्यमंत्री बनने के बाद पहली बार अयोध्या पहुंचे शिंदे ने संवाददाता सम्मेलन में आगामी लोकसभा चुनाव में अपनी भूमिका के बारे में पूछे जाने पर कहा, आने वाले चुनाव में हमारी भूमिका बिल्कुल स्पष्ट है।

हमारा भाजपा के साथ गठबंधन है। हम अयोध्या से ऊर्जा लेकर जाएंगे और 2024 में शिवसेना भाजपा का भगवा महाराष्ट्र में पूरे बहुमत से लहराएगा। शिंदे ने दावा किया कि अयोध्या और राम मंदिर शिवसेना तथा भाजपा के लिए कोई राजनीतिक मुद्दा नहीं है। उन्होंने कहा, यह हमारी आस्था और श्रद्धा का विषय है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री ने किसी का नाम लिए बगैर कहा, कई लोगों को हिंदुत्व से एलर्जी रही है और अब भी हो रही है। कई लोग जानबूझकर हिंदुत्व का अपमान कर रहे थे जबकि हिंदू धर्म एक जीवन प्रणाली है जिसमें एक सहिष्णुता है लेकिन कई लोगों को लगता है कि हिंदुत्व अगर सभी के मन में बस जाएगा तो हमारी राजनीतिक दुकान बंद हो जाएगी।

उन्होंने कहा, इसी डर की वजह से आजादी के बाद से कई लोगों ने लगातार ऐसी कोशिश की, लेकिन वर्ष 2014 में हिंदुत्व के विचार वाली सरकार नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में इस देश में स्थापित हुई तब हिंदुत्व का जागरण हुआ। शिवसेना और भाजपा की विचारधारा एक ही है। कुछ लोग जानबूझकर (शेष पेज 9)



अयोध्या में संत सम्मेलन में बोलते महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे

# पायलट ने अपनी सरकार के खिलाफ खोला मोर्चा

● पिछली वसुंधरा सरकार के कथित भ्रष्टाचार के खिलाफ कल जयपुर में करेंगे अनशन, कांग्रेस ने किया गहलोत सरकार का बचाव

**पायनियर समाचार सेवा** । जयपुर

**राजस्थान** के पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट ने विधानसभा चुनाव से ऐन पहले राज्य में अपनी ही पार्टी की गहलोत सरकार के खिलाफ नया मोर्चा खोल दिया है।

उन्होंने रविवार को कहा कि वह राज्य की पूर्ववर्ती भाजपा सरकार में कथित तौर पर हुए भ्रष्टाचार पर कार्रवाई की मांग को लेकर महात्मा ज्योति बा फूले की जयंती वाले दिन 11 अप्रैल को जयपुर में शहीद स्मारक पर एक दिन का अनशन करेंगे। इस साल के अंत में राज्य में होने वाले चुनावों को देखते हुए यह घटनाक्रम महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इसी को देखते हुए कांग्रेस फौरन एक्शन में आ गई और गहलोत का बचाव करते हुए कहा कि उनकी सरकार ने बड़ी संख्या में ऐसी योजनाएं लागू कीं, जिनसे लोगों को फायदा हुआ है। पार्टी ने दावा किया कि अपनी उपलब्धियों के साथ-साथ संगठन के सामूहिक प्रयासों के बल पर राजस्थान में एक बार फिर कांग्रेस को जनादेश मिलेगा।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक बयान में कहा कि राजस्थान में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की अगुवाई में कांग्रेस सरकार ने बड़ी संख्या में योजनाएं लागू की हैं और कई नई पहल की हैं, जिन्होंने लोगों को गहराई से प्रभावित किया है। राज्य में सचिन पायलट और गहलोत में छत्तीस का आंकड़ा रहा है। पायलट का यह ताजा कदम उनके और मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बीच पहले से खटास भरे संबंधों के और बिगड़ने को भी दर्शाता है। पायलट ने रविवार को यहां अपने निवास पर आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पिछली वसुंधरा राजे सरकार के दौरान (शेष पेज 9)

## दो दिन से गायब बच्ची की लाश पड़ोसी के घर मिली

**पायनियर समाचार सेवा** । नोएडा

**ग्रेटर** नोएडा में दो दिन से गायब दो साल की बच्ची की लाश पड़ोसी के घर में एक सूटकेस में बंद मिली है। घटना के उजागर होते ही पूरे इलाके में सनसनी फैल गई और आसपास के लोग जमा हो गए। फौरन सूरजपुर कोतवाली पुलिस, डायल 112 टीम, एसीपी और एडिशनल डीसीपी मौके पर पहुंच गए। फॉरेंसिक टीम ने घटना स्थल से नमूने लिए हैं। पूरे गांव में तनाव का माहौल है। गौतमबुद्ध नगर पुलिस कमिश्नरेट से मिली जानकारी के मुताबिक देवला कस्बे में 7 अप्रैल को बच्ची खेलते हुए लापता हो गई थी। काफी तलाश करने के बाद भी जब बच्ची के बारे में कुछ पता नहीं चल पाया तो अगले दिन 8 अप्रैल की सुबह सूरजपुर कोतवाली में बच्ची के पिता ने शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज की और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने बताया कि जांच के दौरान अब बच्ची का शव पड़ोस में रहने वाले एक व्यक्ति के घर मिला है। पुलिस के मुताबिक 2 साल की बच्ची की लाश एक सूटकेस में मिली है।

# राहुल पर मानहानि का केस दायर करेंगे असम के सीएम



**एजेंसी** । गुवाहाटी

● हिमंत विश्व शर्मा ने अडाणी समूह से जुड़े राहुल के ट्वीट को अपमानजनक बताया

**असम** के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने रविवार को कहा कि वह कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ अडाणी समूह से जुड़े एक ट्वीट को लेकर मानहानि का मामला दायर करेंगे। शर्मा ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मानहानि का मामला 14 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गुवाहाटी दौरे के बाद दायर किया जाएगा।

उन्होंने कहा, राहुल गांधी ने जो कुछ भी ट्वीट किया है, वह अपमानजनक है। प्रधानमंत्री के राज्य से रवाना होने के बाद हम जवाब देंगे। उन्होंने कहा, निश्चित रूप से मानहानि का मामला गुवाहाटी में दायर किया जाएगा। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने हाल के वर्षों में पार्टी छोड़ने वाले कुछ नेताओं पर तंज कसते हुए शनिवार को कहा था कि अडाणी मामले पर सच्चाई छिपाने के लिए रोजाना ध्यान भटकाया जा रहा है।

उन्होंने ट्विटर पर अडाणी का हवाला देते हुए गुलाम नबी आजाद, ज्योतिरादित्य सिंधिया, किरण कुमार रेड्डी और अनिल के. एंटनी के नाम लिखते हुए कहा था, सच्चाई छुपाते हैं, इसलिए रोज़ भटकाते हैं, सवाल वही है- अडाणी की कंपनियों में 20,000 करोड़ रुपए की बेनामी रकम किसकी है? कांग्रेस छोड़ने के बाद, आजाद ने अपनी पार्टी बनाई, जबकि बाकी भाजपा में शामिल हो गए। सिंधिया अब केंद्रीय मंत्री हैं और शर्मा असम के मुख्यमंत्री हैं। गांधी के ट्वीट का हवाला देते हुए, शर्मा ने पहले ट्वीट (शेष पेज 9)

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 59,832 | |
| निफ्टी | 17,599 | |
| सोना | 60,370 | /10g |
| चांदी | 74,040 | /kg |

## क्विक न्यूज

### धार्मिक झंडे के अपमान को लेकर जमशेदपुर में झड़प

**जमशेदपुर।** झारखंड में जमशेदपुर के शास्त्रीनगर में एक धार्मिक झंडे के कथित अपमान के बाद दो गुटों के बीच पथराव हुआ और उग्र भीड़ ने आगजनी भी की, जिसके बाद रविवार शाम को क्षेत्र में निषेधाज्ञा लागू कर दी गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पथराव में छह लोग घायल हो गए जबकि हिंसक भीड़ ने दो दुकानों और एक ऑटो-रिक्शा को आग लगा दी। भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे। अधिकारियों ने कहा कि कदमा थाना क्षेत्र के शास्त्रीनगर में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है। उप-संभागीय अधिकारी (धलभूम) पीयूष सिन्हा ने कहा, दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लागू की गई है।

# तैयारियां परखने को अस्पतालों में आज और कल मॉक ड्रिल

**कोविड-19**

● ड्रिल में सरकारी और निजी दोनों प्रकार के स्वास्थ्य केंद्र भाग लेंगे

**पायनियर समाचार सेवा** । नई दिल्ली

**कोविड**-19 के बढ़ते मामलों के बीच अस्पताल में तैयारियों का जायजा लेने के लिए 10 और 11 अप्रैल को देशव्यापी मॉक ड्रिल का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सरकारी और निजी दोनों प्रकार के स्वास्थ्य केंद्रों के भाग लेने की संभावना है। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया मॉक ड्रिल का निरीक्षण करने 10 अप्रैल को झज्जर के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) जाएंगे। मांडविया ने सात अप्रैल को हुई समीक्षा बैठक में राज्य के स्वास्थ्य मंत्रियों से अस्पताल जाने तथा मॉक ड्रिल का निरीक्षण करने का अनुरोध किया था। केंद्रीय मंत्री ने उन्हें आठ तथा नौ अप्रैल को जिला प्रशासन तथा स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ तैयारियों की समीक्षा करने की भी सलाह दी थी। राज्य के स्वास्थ्य मंत्रियों और प्रधान एवं अतिरिक्त मुख्य सचिवों के साथ हुई बैठक में मांडविया ने इन्फ्लुएंजा जैसी बीमारी (आईएलआई) तथा गंभीर तीव्र श्वसन संक्रमण (एसएआरआई) मामलों की प्रवृत्तियों पर नजर रखकर, जांच तथा टीकाकरण बढ़ाकर और अस्पतालों में बेहतर बुनियादी ढांचा सुनिश्चित करके आपातकालीन हॉटस्पॉट की पहचान करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने जीनोम अनुक्रमण बढ़ाने के अलावा कोविड अनुकूल व्यवहार का पालन करने को लेकर जागरूकता पैदा करने पर भी जोर दिया था।

## राज्य स्तर पर अल्पसंख्यकों की पहचान मामले में सुनवाई आज

**पायनियर समाचार सेवा** । नई दिल्ली

**राज्य** स्तर पर अल्पसंख्यकों की पहचान करने के अनुरोध वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट सोमवार को सुनवाई करेगा। न्यायमूर्ति संजय किशन कौल और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ इन याचिकाओं को सुनेगी। इन याचिकाओं में राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग अधिनियम, 1992 और अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्थान अधिनियम, 2004 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देना शामिल है। अधिवक्ता अश्विनी उपाध्याय द्वारा दायर याचिका में राज्य स्तर पर अल्पसंख्यकों की पहचान के लिए दिशा-निर्देश तैयार करने के निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। याचिका में कहा गया है कि 10 राज्यों में हिंदू अल्पसंख्यक हैं।

# फिटनेस के लिए सड़क पर उतरीं 15 हजार महिलाएं

● स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए सूरत में आयोजित हुआ साड़ी वॉकथॉन, 15 राज्यों की महिलाएं हुईं शामिल

**पायनियर समाचार सेवा** । सूरत



**देशभर** में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से 15 राज्यों की लगभग 15,000 महिलाओं ने रविवार को सूरत में आयोजित अपनी तरह के पहले 'साड़ी वॉकथॉन' में भाग लिया। वॉकथॉन में शामिल महिलाओं और युवतियों ने केवल साड़ी ही पहनी थीं और इस दौरान विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए।

वॉकथॉन का मकसद सूरत के मशहूर कपड़ा उद्योग को और बढ़ावा देना भी था, जो शहर की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देता है। यह साड़ी वॉकथॉन शहर के अठवा पार्टी प्लॉट से शुरू हुआ और पारले पॉइंट से होते हुए तीन किलोमीटर की दूरी तय कर पुन: आठवा पार्टी प्लॉट पर आकर ही संपन्न हुआ। इस आयोजन में केवल साड़ी पहनी हुई महिलाओं और लड़कियों को ही भाग लेने की अनुमति दी गई थी। वॉकथान में महिलाएं नाचते-गाते शामिल हुईं।

सूरत नगर आयुक्त शालिनी अग्रवाल ने कहा कि यहां रविवार को आयोजित साड़ी वॉकथॉन के लिए 15 राज्यों की करीब 15 हजार महिलाओं ने पंजीकरण कराया था। महिलाओं ने बड़े उत्साह से इसमें भाग लिया और इस दौरान कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताते हुए कहा कि यह गर्व की बात है कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत को जी20 की अध्यक्षता मिली। वॉकथॉन का आयोजन सूरत नगर निगम (एसएमसी) और सूरत स्मार्ट सिटी डेवलपमेंट (शेष पेज 9)

# ग्रेनो प्राधिकरण के खिलाफ 28 किसान पहुंचे हाईकोर्ट

## किसानों ने गौतमबुद्ध नगर के जिलाधिकारी मनीष वर्मा से मुलाकात कर अपनी जमीन वापस मांगी

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा शहर के इतिहास का सबसे बड़ा विवाद एक बार फिर सामने आ गया है। पतवाड़ी गांव के किसानों ने फिर इलाहाबाद हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। उत्तर प्रदेश सरकार, प्राधिकरण और जिला प्रशासन के खिलाफ 28 किसानों ने अवमानना याचिकाएं दायर की हैं।



इतना ही नहीं किसानों ने गौतमबुद्ध नगर के जिलाधिकारी मनीष वर्मा से मुलाकात करके अपनी जमीन वापस मांगी है। जिसके लिए हाईकोर्ट के आदेश का हवाला दिया गया है। जिसमें ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण पहले हाईकोर्ट और फिर सुप्रीम कोर्ट में किसानों से मुकदमा हार चुका है। कुल मिलाकर एक बार फिर ग्रेटर नोएडा वेस्ट में बड़े-बड़े बिल्डरों को आवंटित की गई लाखों वर्ग मीटर जमीन का मुद्दा गर्माने वाला है। यह कहानी ग्रेटर नोएडा वेस्ट के पतवाड़ी गांव में वर्ष 2008 में शुरू हुई। जिला प्रशासन ने इस गांव की 589.89 हेक्टेयर जमीन अधिग्रहित करने के लिए अधिसूचना जारी की।

इस अधिसूचना को गांव के किसानों ने 12 मार्च 2008 और 30 जून 2008 को दो रिट पिटिशन के जरिए इलाहाबाद हाईकोर्ट में चुनौती दी। इन याचिकाओं का इलाहाबाद हाईकोर्ट की अलग.अलग बेंच ने निस्तारण किया। 19 जुलाई 2011 को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने हर करण सिंह बनाम उत्तर प्रदेश सरकार एवं अन्य मामले में फैसला सुनाते हुए पुराने भूमि अधिग्रहण कानून की धारा 4,1 के तहत जारी अधिसूचना को रद्द कर दिया। अदालत ने अपने फैसले में कहा, याचिकाएं स्वीकार की जाती हैं। हम 12 मार्च 2008 को भूमि अधिग्रहण कानून.1894 की धारा 4,1 और 17 के के तहत जारी की गई अधिसूचना अर्जेंसी क्लॉज को रद्द करते हैं। जिसके जरिए पतवाड़ी गांव में 589.188 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण किया गया है। 30 जून 2008 को धारा 6 और 17,4 के तहत राज्य सरकार की ओर से लागू की गई सभी प्रक्रियाओं को रद्द किया जाता है। विपक्षियों को आदेश दिया जाता है कि वह भूमिधरों को उनकी जमीन पर वापस कब्जा दें।

इसके बाद पतवाड़ी गांव से से जुड़े ऐतिहासिक मुकदमे गजराज एवं अन्य बना उत्तर प्रदेश सरकार एवं अन्य का फैसला 21 अक्टूबर 2011 में आया। यह फैसला इलाहाबाद हाईकोर्ट की कांस्टीट्यूशनल बेंच ने सुनाया था। इस फैसले में भी हरकरण सिंह बनाम उत्तर प्रदेश सरकार के फैसले को कायम रखा गया। कांस्टीट्यूशनल बेंच के फैसले में पेज नंबर 365 पर कहा गया है, राज्य सरकार ने भूमि अधिग्रहण अधिनियम.1894 की धारा 17,1 और 17,4 का नाजायज उपयोग किया है। ऐसे में इस अदालत की डिविजन बेंचों की ओर से हरीश चंद्र और हर करण सिंह की याचिकाओं पर सुनाए गए फैसले सही हैं। उन फैसलों को यह फुल बेंच भी विकृत करती है। किसानों का कहना है कि 19 जुलाई 2011 को हर करण सिंह से जुड़े मामले में आए फैसले को राज्य सरकार और विकास प्राधिकरण ने कभी चुनौती नहीं दी।

फुल बेंच का फैसला आने के बाद ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण ने उच्चतम न्यायालय में हर करण सिंह की याचिका पर आए फैसले को चुनौती दी लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने कोई अंतरिम आदेश पारित नहीं किया। इसके बाद हर करण सिंह ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में एक अवमानना याचिका दायर की। जिसमें अदालत को बताया गया कि 19 जुलाई 2011 को पारित उनके आदेश का विकास प्राधिकरण पालन नहीं कर रहा। दूसरी तरफ इलाहाबाद हाईकोर्ट की फुल बेंच से आए फैसले को हर करण सिंह समेत पतवाड़ी गांव के किसानों और ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी।

सुप्रीम कोर्ट ने सावित्री देवी एवं अन्य के मामले को मुख्य याचिका मानते हुए बाकी सारी याचिकाओं को इस मुकदमे के साथ संबंधित करते हुए 3 फरवरी 2015 को फैसला सुनाया। सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के 21 अक्टूबर 2011 वाले फैसले को वैध घोषित किया।

इस तरह हर करण सिंह की याचिका पर आए फैसले पर भी सुप्रीम कोर्ट की मुहर लग गई। सुप्रीम कोर्ट से यह फैसला आने के बाद हर करण सिंह ने वर्ष 2015 में एक बार फिर प्राधिकरण के खिलाफ अवमानना याचिका दायर की।

# खेत पर गए किसान की मौत शव को लेकर थाने पहुंचे लोग

- परिजनों ने दबंगों पर लगाया जमीन कब्जाने का आरोप

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

निवाड़ी गांव में खेत पर गए किसान की रविवार करीब ढाई बजे मौत हो गई। परिवार के लोगों ने आरोप लगाया कि दबंगों ने उनकी करीब एक बीघा जमीन पर अवैध कब्जा कर लिया था। इसका विरोध करने पर दबंगों ने उनसे मारपीट की, जिसके चलते उनकी मौत हुई है।

उधर किसान के शव को लेकर परिवार के लोग निवाड़ी थाने पहुंच गए और हंगामा किया। आरोप लगाया कि दबंगों ने पुलिस की मिलीभगत से उनकी जमीन पर कब्जा किया है। निवाड़ी कस्बा निवासी सुशील त्यागी के पास करीब आठ बीघा जमीन है। आरोप है कि उनकी करीब एक बीघा जमीन पर पड़ोसी खेत वालों ने कब्जा कर लिया था। इस प्रकरण की शिकायत उन्होंने समाधान दिवस में की थी।

समाधान दिवस में दूसरे पक्ष को बुलाकर समझौता भी हो गया था और गलती दूसरे पक्ष की ही पाई गई थी। पुलिस के सामने आरोपितों ने आगे से जमीन पर कब्जा न करने की बात कही थी। इसके बावजूद सुशील त्यागी किसान जब रविवार को करीब ढाई बजे अपने खेत पर पहुंचे तो देखा कि आरोपित पक्ष खेत की जुताई कर रहा है। उन्होंने इसका विरोध किया तो आरोपित पक्ष ने उनसे मारपीट और गाली गलौज की।

इसके बाद किसान बेहोश होकर जमीन पर गिर गए। सूचना मिलने पर परिवार के लोग भी पहुंच गए।

किसान को बेहोश देख आरोपित पक्ष वहां से फरार हो गया। परिवार के लोग किसान को लेकर अस्पताल पहुंचे। जहां उनको मृत घोषित कर दिया गया।

# डूब क्षेत्र में 13 हजार वर्गमीटर पर अवैध कब्जा

- दो सालों में एनजीटी ने 100 लोगों पर नोटिस जारी किया, पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं

**पायनियर समचार सेवा।** नोएडा

एनजीटी की एक रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि 2 सालों के भीतर हिंडन नदी के पास डूब क्षेत्र में 13000 वर्ग मीटर भूमि पर अवैध अतिक्रमण हुआ है। पिछले 2 सालों के दौरान करीब 100 से भी ज्यादा लोगों को नोटिस दिया जा चुका है, लेकिन कोई भी एक्शन नहीं हुआ है।

हिंडन नदी के क्षेत्र में अतिक्रमण को लेकर एनजीटी में हिमांशु कपूर नामक एक व्यक्ति ने याचिका दाखिल की थी। इस मामले में जब जांच हुई तो पता चला कि 2 साल के भीतर गौतमबुद्ध




नगर और गाजियाबाद के डूब क्षेत्र में 13000 वर्गमीटर भूमि पर अवैध अतिक्रमण हुआ है। मिली जानकारी के मुताबिक दोनों जिला प्रशासन ने दो सालों में 100 से भी ज्यादा लोगों को नोटिस जारी कर जगह खाली करने का आदेश दिया।

हालांकि, कोर्ट ने कुछ लोगों की याचिका पर यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया हुआ है। हिंडन नदी के क्षेत्र में अतिक्रमण को लेकर एनजीटी में हिमांशु कपूर की ओर से याचिका दाखिल की हुई है। इस मामले में एनजीटी ने प्रशासन, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, सिंचाई विभाग और जीडीए की संयुक्त टीम बनाकर ग्राम शाहबाद उर्फ मिटठेपुर में खसरा संख्या 33 की स्थलीय जांच के आदेश दिए है। स्थलीय जांच के बाद टीम ने अपनी रिपोर्ट एनजीटी में दाखिल कर दी है। जिसमें दो वर्ष पूर्व हुई जांच की रिपोर्ट भी लगाई गई है।

प्रशासन ने फरवरी 2021 में टोटल सर्वे स्टेशन मशीन से सर्वे भी कराया। सर्वे के बाद पता चला कि 13 हजार वर्गमीटर नदी भूमि पर अतिक्रमण है।

प्रशासन की ओर से 100 से ज्यादा निर्माणकर्ताओं को नोटिस जारी किए हुए हैं। जिनमें से कुछ लोग उच्च न्यायालय चले गए। कोर्ट ने कुछ मामलों में यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया है। जीडीए ने कई बार हिंडन नदी क्षेत्र में हुए अवैध निर्माण और कालोनियों को अभियान चलाकर ध्वस्त किया है। संयुक्त जांच समिति की रिपोर्ट में इसकी भी जानकारी दी गई है।

# सोशल मीडिया से लेकर सड़कों तक मुस्तैद रही नोएडा पुलिस, चप्पे-चप्पे पर जवान तैनात

**हनुमान शोभायात्रा**

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में सेक्टर-45 स्थित कांशीराम पार्क से शोभायात्रा से निकाली गई है। यह यात्रा शहर के अनेकों हिस्सों में निकालकर सेक्टर-21ए स्थित नोएडा स्टेडियम पर समाप्त हुई।

इस 10 किलोमीटर शोभायात्रा के लिए 1 हजार से अधिक पुलिसकर्मियों की तैनाती किए गए थे। इसमें 200 महिला पुलिसकर्मी रहे। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर चप्पे-चप्पे पर ड्रोन से निगरानी रखी गई। इस शोभायात्रा में करीब 50 हजार से अधिक संख्या में लोगों के पहुंचे। पुलिस ने यात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था की बागडोर मुस्तैदी से संभाली। इसको लेकर नोएडा ट्रैफिक पुलिस द्वारा एडवाइजरी भी जारी की गई थी, जिसके तहत कुछ समय के लिए वैकल्पिक मार्ग पर जाने की सलाह दी गई।

एडीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि क्षेत्र को दो सुपर जोन, पांच जोन और 11 सेक्टरों में बांटा गया है। जोन की कमान संबंधित एसीपी और सेक्टरों की कमान कोतवाली प्रभारियों के हाथों में लिया। सभी तैयारियों को पूरा कर लिया गया है। सोशल मीडिया पर होने वाली हर गतिविधि की निगरानी के लिए भी एक टीम बनाई गई थी। टीम में शामिल पांच पुलिसकर्मी हर पोस्ट पर नजर रखी गई। ट्रैफिक डीसीपी अनिल यादव ने बताया कि रविवार को सेक्टर-45 कांशीराम पार्क से शुरू होकर सेक्टर-44, सेक्टर-37, अट्टा मार्केट, रजनीगंधा चौक, नयाबास, हरौला, बांसबल्ली मार्केट, शिवानी फर्नीचर चौक, मैट्रो अस्पताल चौक, नेहरू युवा केन्द्र सेक्टर.11, सेक्टर-12,22, सेक्टर-56 तिराहा से होते हुए रामलीला मैदान नोएडा स्टेडियम सेक्टर-21ए पर जाकर समाप्त हुई। इस दौरान हनुमान भक्तों का जोश देखने को बनता था।



हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य पर शोभायात्रा के दौरान श्रद्धालु।

## हनुमान जन्मोत्सव यात्रा में झांकी डीजे, वाहनों की लंबी लाइन रही

*गाजियाबाद के कस्बा लोनी में हिन्दू रक्षा दल ने हनुमान जन्मोत्सव के मौके पर हिन्दू राष्ट्र संकल्प यात्रा रविवार को निकाली। ये यात्रा लोनी में 100 फुटा रोड से प्रारंभ हुई। हजारों कार्यकर्ता शामिल हुए। झांकी, डीजे, वाहनों की लंबी लाइन रही। अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी उर्फ पिंकी भैया की अगुवाई में हजारों कार्यकर्ता इसमें पैदल, बाइक व अन्य वाहनों सहित शामिल हुए। इस यात्रा के मद्देनजर पुलिस बल अलर्ट मोड पर रहा। ड्रोन कैमरा उड़ाकर सुरक्षा व्यवस्था परखी गई। युवाओं ने जय श्री राम के नारे लगाए। ये यात्रा लोनी नंबर.100 फुटा रोड बिजलीघर से सुबह 9 बजे प्रारंभ होकर लोनी तिराहा होते हुए ट्रोनिका सिटी पर पहुंचकर संपन्न होगी। इसके मद्देनजर सुबह 9 बजे से दिल्ली-बागपत मार्ग पर वाहनों का डायवर्जन भी चल रहा है।*

## संक्षिप्त समाचार



अखिल भारतीय त्यागी ब्राह्मण सभा की वसुंधरा इकाई के अध्यक्ष बने आदेश।

### किसान के हितों की लड़ाई लड़ेंगे: आदेश त्यागी

**गाजियाबाद।** अखिल भारतीय त्यागी ब्राह्मण सभा गाजियाबाद की वसुंधरा इकाई के अध्यक्ष पद पर प्रहलाद गढ़ी निवासी किसान नेता आदेश त्यागी की सर्वसम्मति से समाज की बैठक में अध्यक्ष चुना गया। आज अखिल भारतीय त्यागी ब्राह्मण सभा गाजियाबाद की एक बैठक मदर्स प्राइड अकैडमी स्कूल वसुंधरा सेक्टर 12 में आहूत की गई, जिसकी अध्यक्षता विजेंद्र त्यागी मकनपुर ने की वहां उपस्थित महानगर व जिला की टीम की उपस्थिति में वसुंधरा निवासियों ने सर्वसम्मति से आदेश त्यागी को वसुंधरा इकाई का अध्यक्ष चुना। इस बैठक में अखिल भारतीय त्यागी ब्राह्मण सभा के संरक्षक आशाराम त्यागी, महानगर अध्यक्ष पुनीत त्यागी, जिला अध्यक्ष सुरेश चंद त्यागी, महानगर महामंत्री अरुण त्यागी, पूर्व अध्यक्ष अनिल त्यागी, पूर्व अध्यक्ष अजय त्यागी, संगठन मंत्री रामकिशन त्यागी, उपाध्यक्ष नितिन त्यागी एवं समस्त वसुंधरा निवासियों की उपस्थिति रही। इस अवसर पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष आदेश त्यागी ने कहा कि मैं सभी बुजुर्गों के आशीर्वाद से इनके दिशा निर्देशानुसार समाज को साथ लेकर संगठन को मजबूत करने का काम करूंगा और सभी के मान सम्मान का ध्यान रखते हुए संगठन को आगे बढ़ाने का काम करूंगा।

### लग्जरी गाड़ी चोरी करने वाले दो गिरफ्तार



**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा की थाना बीटा-2 पुलिस ने लग्जरी गाड़िया चोरी करने वाले दो चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन चोरों के कब्जे से चोरी की एक फॉर्च्यूनर कार 02 तमंचे, कारतूस व एक फर्जी नम्बर प्लेट बरामद की है। दरअसल पुलिस के द्वारा डाढ़ा गोलचक्कर चेकिंग की जा रही थी। उसी दौरान पुलिस को एक बिना नंबर प्लेट की फॉर्च्यूनर गाड़ी आती हुई दिखाई दी। पुलिस ने उस गाड़ी को रोक लिया। उस फॉर्च्यूनर पर आगे की तरफ नंबर प्लेट नहीं लगी हुई थी, लेकिन पीछे लगी हुई थी। जब पुलिस ने उन लोगों से उस गाड़ी के बारे में जानकारी जुटाने शुरू की तो गाड़ी में सवार दोनों युवक घबरा गए, इसके बाद पुलिस ने उन लोगों से कड़ाई से पूछताछ की। पूछताछ में पता चला कि यह फॉर्च्यूनर गाड़ी चोरी की है। इस पर लगी हुई नंबर प्लेट भी फर्जी है। पुलिस ने इस दौरान फॉर्च्यूनर गाड़ी में सवार प्रवीण त्यागी और प्रवीण शर्मा को गिरफ्तार कर लिया। यह दोनों ही गाजियाबाद के रहने वाले हैं।

### महिला को ऑनलाइन गाय खरीदना पड़ा भारी

**नोएडा।** सेक्टर-126 थाना क्षेत्र से एक महिला को ऑनलाइन गाय खरीदना भारी पड़ गया। ठगों ने पहले पीड़िता को व्हाट्सएप के माध्यम से गायों के फाटो भेजे। पैसे ट्रांसफर करने के बाद ठग ने फोन उठाना बंद कर दिया और किसी गाय को भी नहीं भेजा। तारकेश्वरी यादव ने बताया उन्होंने एक गाय खरीदने के लिए राजस्थान निवासी अनिल कुमार से संपर्क किया। अनिल ने व्हाट्सएप के माध्यम से 8.10 गायों की फोटो तारकेश्वरी को भेजी। 40000 रुपये में खरीदने की बात तय हो गई। तारकेश्वरी की छोटी बेटी संगीता ने 9 हजार अनिल को भेज दी। इसके बाद अनिल ने ड्राइवर के नाम पर 15500 रुपये ट्रांसफर करवा लिए। झांसे में लेने के लिए ड्राइवर ने कहा कि उन्होंने 15500 रुपये एक साथ ट्रांसफर कर दिए हैं।

# बेटा पैदा नहीं होने पर शादी के 18 साल बाद घर से निकाला

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

शादी के 18 वर्षों बाद भी जब महिला के बेटा नहीं हुआ तो ससुरालवालों ने उसको घर से निकाल दिया। अब पीड़िता ने पुलिस से मदद की गुहार लगाई है। पीड़िता अपनी दो बेटियों को लेकर जेवर कोतवाली पहुंची और पुलिस से मदद की मांग की है।

इस मामले में पुलिस ने आरोपी पति समेत ससुराल वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के मुताबिक खादर गांव में रहने वाली गीता की शादी 18 साल पहले मोमराज से हुई थी। गीता ने बताया कि उनकी अब एक बेटी 17 साल की है और दूसरी बेटी 11 साल की है। गीता और मोमराज का कोई बेटा नहीं है। जिसकी वजह से गीता को उसका पति और ससुरालवाले परेशान करते थे। गीता के मुताबिक उसको पिछले कुछ दिन पहले ही पता चला कि उसके पति मोमराज ने किसी अन्य महिला से अवैध संबंध है। जब उसने इस बारे में अपने ससुराल में बात की तो उसको जवाब मिला कि जब वह बेटा पैदा नहीं कर पा रही है।

# शराब पीने के दौरान हुआ विवाद, गला काटा

- हत्याकांड में दो सगे भाइयों को मोदी नगर पुलिस ने किया गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

मोदीनगर थाना क्षेत्र की इंदिरा पुरी कॉलोनी में शनिवार रात को चाकू से गला काटकर अधेड़ की हत्या कर दी गई। रविवार सुबह करीब 11 बजे मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी। पुलिस ने दो घंटे के भीतर घटना का पर्दाफाश कर दिया है।

दो आरोपित विक्की और नितिन को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। दोनों सगे भाई हैं। शनिवार रात विक्की, नितिन और राकेश ने साथ बैठकर शराब पी थी। इसी दौरान उनमें विवाद हो गया। पुलिस ने मुताबिक, तीनों के बीच गाली-गलौच हुई। इसके बाद विक्की और नितिन ने चाकू से राकेश का गला रेत दिया।

इससे पहले घटनास्थल का संयुक्त पुलिस आयुक्त दिनेश कुमार पी समेत आला अधिकारियों ने जायजा लिया। परिवार के लोगों ने दोस्तों पर सोची समझी साजिश के तहत हत्या करने का आरोप लगाया था। राकेश यहां इंदिरापुरी कालोनी में कृष्ण के मकान में किराए पर रहते थे। रोजाना की तरह जब मकान मालिक को राकेश दिखाई नहीं दिए तो वह कमरे में पहुंचे।

देखा कि राकेश का शव बेड पर लहूलुहान हालत में पड़ा था। आरोपितों ने धारदार चाकू से गला काट कर उनकी हत्या कर दी थी। कृष्ण ने इसकी सूचना राकेश की मां माया देवी व पुलिस को दी।

कमरे में खाने-पीने की सामग्री के अलावा खाली शराब की बोतल भी पुलिस को मिली। राकेश शराब पीने के आदी थे। पुलिस पूरे मामले को अवैध संबंधों से भी जोड़कर देख रही है।

# दोगुने लाभ का झांसा देकर कारोबारियों से युवती ने हड़पे डेढ़ करोड़ रुपये

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

कविनगर थाना क्षेत्र के राजनगर सेक्टर 14 में प्रापर्टी कारोबारियों को विदेशी मुद्रा में निवेश कर दोगुने लाभ का झांसा देकर एक युवती ने डेढ़ करोड़ रुपये ठग लिए। पीड़ित ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

राजनगर एक्सटेंशन की अजनारा सोसायटी के रहने वाले ओमप्रकाश राजनगर में अपने साथियों के साथ मिलकर प्रापर्टी का कारोबार करते हैं। उनका कहना है कि उन्हें सुरभि नाम की युवती का फोन आया और उसने फोरएक्स नाम की कंपनी के बारे में बताया। आरोपित युवती ने कहा कि यह कंपनी आनलाइन ट्रेडिंग ऐप है जो भारतीय मुद्रा को विदेशी मुद्रा में बदलकर मुनाफा दिलाती है। भरोसे में आकर ओमप्रकाश ने अपने साझेदारों धर्मेंद्र कुमार, सिद्धार्थ, संजय, राहुल त्यागी, संजू व रोशन शर्मा के साथ मिलकर डेढ़ करोड़ रुपये का निवेश कर दिया। इस रकम का मुनाफा देने के लिए दो माह का समय दिया गया। जब तय समय पर मुनाफा नहीं दिया गया तो पीड़ितों ने सुरभि को फोन किया।



आरोप है कि उसने जान से मरवाने की धमकी देते हुए अभद्रता की। पीड़ितों ने मामले की शिकायत एडिशनल कमिश्नर से की तो मामले में रिपोर्ट दर्ज की गई। एसीपी अभिषेक श्रीवास्तव का कहना है कि मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# फीस बढ़ोतरी के खिलाफ सड़क पर उतरे अभिभावक

- परिजनों का आरोप, स्कूल कर रहे है किताबों में भी अवैध धंधा

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा और ग्रेटर नोएडा में स्थित प्राइवेट स्कूलों के खिलाफ अभिभावकों ने प्रदर्शन करना शुरू कर दिया है। अभी तक 15 प्रतिशत फीस वापस नहीं मिली और अब प्राइवेट स्कूलों को एक और काला धंधा सामने आ गया है।

कुछ स्कूलों के द्वारा दवाब बनाया जा रहा है कि अभिभावक एक विशेष दुकान ने ही बच्चों की किताबें खरीदें। प्राइवेट स्कूलों के इस कारनामे के बाद अभिभावकों ने शिक्षा माफियाओं के खिलाफ हल्ला बोल दिया है। रविवार को ग्रेटर नोएडा वेस्ट में अभिभावकों ने प्राइवेट स्कूलों के खिलाफ सड़क पर उतरकर प्रदर्शन किया।




एक अभिभावक दीपांकर कुमार ने बताया कि शहर के प्राइवेट स्कूल में मनमानी चल रही है। प्राइवेट स्कूल अब बिल्डर की तरह नीति अपना रहे हैं। अभिभावकों ने बताया कि अभी तक कोरोना काल में ली गई फीस का 15 प्रतिशत वापस नहीं लौटाया गया है। हाईकोर्ट ने आदेश दिया है कि कोरोना काल में अभिभावकों से ली गई 15: फीस को वापस लौटाया जाए, लेकिन उसके बावजूद भी शिक्षा माफिया मनमानी कर रहे हैं। अभिभावकों का आरोप है कि प्राइवेट स्कूलों ने शिक्षा के आड़ में माफियागिरी शुरू कर दी है।

अंदाजा इस बात से लगा सकते हो कि अब स्कूल मैनेजमेंट की तरफ से किताबें बेचने वालों के साथ भी सांठगांठ हो गई है। स्कूल के द्वारा बच्चों पर दवाब बनाया जा रहा है कि एक विशेष दुकान से ही किताबों को खरीदा जाए। बकायदा इसको लेकर पर्ची बनाई जाती है। अगर उस पर्ची पर दुकानदार के साइन ना हो तो किताबें स्कूल वाले एक्सेप्ट नहीं करते हैं और वापस करने के लिए दवाब बनाते हैं। ज्ञात हो नोएडा-गाजियाबाद में कई नामी स्कूलों ने फीस बढ़ोतरी की है।

# बदमाशों ने दुल्हन के मौसा से लूटा पैसों से भरा बैग

- आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

गाजियाबाद के साहिबाबाद स्थित शालीमार गार्डन थाना क्षेत्र के 80 फुटा रोड पर रात को बाइक सवार दो बदमाशों ने दुल्हन के मौसा से 20 हजार रुपये से भरा बैग लूट लिया।

मामले में रिपोर्ट दर्ज करके पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। मथुरा के थाना गोविंदपुरम, गली ठठरान में दिनेश चंद वर्मा परिवार के साथ रहते हैं। उनके साढू की बेटी की शुक्रवार को शालीमार गार्डन के उत्सव फार्म से शादी थी। रात करीब साढ़े नौ बजे वह 80 फुटा रोड पर सर्विस लेन के पास चढ़त के दौरान दुल्हे का टीका करने गए थे। लौटते समय बाइक सवार दो बदमाशों ने उनसे रुपये से भरा बैग लूट लिया। उन्होंने शोर मचाया और कुछ दूर उनके पीछे भागे, लेकिन बदमाश फरार हो गए। बैग में करीब 20 हजार रुपये थे। उन्होंने पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी और मंडप में आकर परिवार को बताया। मौके पर पहुंची गाजियाबाद पुलिस ने जांच की तो पता चला की वारदात को अंजाम देकर बदमाश 150 फुटा रोड की ओर गलत दिशा में ही भागे हैं।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ऐ, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यवाहक कार्यकारी संपादक: विजय प्रकाश सिंह , स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# असली शिक्षा ज्ञान और व्यवहार में : एलजी

## उपराज्यपाल ने कहा, डिग्री पर किसी को घमंड नहीं करना चाहिए

## आतिशी ने उपराज्यपाल और भाजपा नेताओं से डिग्री दिखाने को कहा


वजीराबाद ड्रेन का निरीक्षण करते दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना।

### 30 जून तक 22 किमी तक यमुना तट करेंगे साफः वी.के सक्सेना

इससे पहले, रविवार को सक्सेना ने वजीराबाद बैराज का दौरा किया और यमुना के सफाई कार्य की समीक्षा की। उन्होंने आप सरकार की आलोचना के बारे में पूछे जाने पर कहा कि हम मिशन स्तर पर यमुना तट की सफाई कर रहे हैं।

हम 30 जून तक 22 किलोमीटर के क्षेत्र को साफ करेंगे। हम श्रेय लेने के लिए काम नहीं कर रहे, बल्कि लोगों को साफ यमुना देने के लिए काम कर रहे हैं।

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने रविवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधते हुए कहा कि डिग्री केवल शिक्षा की रसीद होती है लेकिन असली शिक्षा आपके ज्ञान और व्यवहार में होती है। किसी को अपनी डिग्री का घमंड नहीं करना चाहिए और कुछ लोग भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) में पढ़ने के बावजूद अनपढ़ रह जाते हैं। उन्होंने कहा कि सक्सेना से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की शैक्षणिक योग्यता और उनकी डिग्री को लेकर केजरीवाल की टिप्पणियों के बारे में पूछा गया था।

उपराज्यपाल ने कहा कि मैंने विधानसभा में माननीय मुख्यमंत्री द्वारा की गई टिप्पणियों के बारे में सुना है। किसी को अपनी डिग्री पर घमंड नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मैंने देखा है कि पिछले कुछ दिनों में कैसा व्यवहार दिखाया गया है। यह साबित हो गया है कि आईआईटी में पढ़े होने के बावजूद कुछ लोग कैसे अनपढ़ रह जाते हैं।

गौरतलब है कि गुजरात उच्च न्यायालय ने हाल में केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) के 2016 के उस आदेश को रद्द कर दिया था, जिसमें गुजरात विश्वविद्यालय को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की डिग्री के बारे में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जानकारी उपलब्ध कराने को कहा गया था। उच्च न्यायालय ने इस मामले में आवेदक केजरीवाल पर 25,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया था।

इसके बाद से ही आईआईटी से पढ़ाई करने वाले और आम आदमी पार्टी (आप) के प्रमुख केजरीवाल ने इस मुद्दे पर फिर से हमला करना शुरू किया है। वहीं, सक्सेना की टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया देते हुए आप नेता और दिल्ली की शिक्षा मंत्री आतिशी ने उन पर आईआईटी जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों पर सवाल उठाने का आरोप लगाया और कहा कि उपराज्यपाल तथा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेताओं को भी अपनी डिग्री दिखानी चाहिए। उन्होंने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, एलजी उन आईआईटी पर सवाल उठा रहे हैं जिनके नाम पर भारतीय छात्र बड़ी कंपनियों के सीईओ बने हैं और देश को गौरवान्वित किया है।

आतिशी ने कहा कि जिन्हें अपनी डिग्री छिपानी पड़ती हैं, वे दूसरों की डिग्री पर सवाल उठाएंगे ही। मैं एलजी से भी डिग्री दिखाने का अनुरोध करती हूं और भाजपा के अन्य नेताओं से भी अपनी डिग्री दिखाने के लिए कहती हूं।

### आप का डिग्री दिखाओ अभियान शुरू

शिक्षा मंत्री आतिशी मार्लेना ने रविवार को एक प्रेस वार्ता में कहा कि है कि हम आज से डिग्री दिखाओ अभियान शुरू कर रहे हैं। जिसके तहत हमारे सभी नेता हर दिन अपनी-अपनी डिग्री दिखाएंगे। आतिशी ने कहा कि मैं अपनी 3 डिग्री दिखाकर इसकी शुरूआत कर रही हूं। मैंने बीए की डीयू और दो मास्टर डिग्री ऑक्सफ़ोर्ड यूनिवर्सिटी से की है। ये तीनों डिग्री मैं देश के सामने रख रही हूं। इस दौरान आप नेता आतिशी ने कहा कि मैं देश के सभी नेताओं से अपील कर रही हूं। खासतौर पर बीजेपी के सीनियर नेताओं से कि वे भी अपनी अपनी डिग्री दिखाएं।

### *स्वास्थ्य मंत्री भारद्वाज ने साधा निशाना*

*सौरभ भारद्वाज ने उपराज्यपाल पर यमुना को साफ करने के लिए शहर की सरकार द्वारा किए गए काम का श्रेय लेने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, उनका (उपराज्यपाल) काम नालों का नहीं, बल्कि उनके तहत आने वाले विभिन्न पुलिस थानों का दौरा करना है। दिल्ली में 350 पुलिस थाने हैं। उन्हें उनका दौरा करना चाहिए लेकिन वह नालों का दौरा करते हैं जहां काम चल रहा है।*


**सौहार्द** नई दिल्ली में रविवार को ईस्टर के अवसर पर सेक्रेड हार्ट कैथेड्रल चर्च में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को प्रभु यीशु का प्रतीक चिह्न देते पादरी।

# ईस्टर के मौके पर गिरजाघर पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी

- चर्च पहुंचने पर पादरियों ने उन्हें शॉल ओढ़ाकर और फूलों का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ईस्टर के मौके पर रविवार को यहां सेक्रेड हार्ट कैथेड्रल चर्च पहुंचे। इस संबंध में जारी एक आधिकारिक वीडियो में मोदी को पादरियों और उपासकों का अभिवादन करते देखा जा सकता है। प्रधानमंत्री उनके साथ प्रार्थना में शामिल हुए। प्रधानमंत्री मोदी ने परिसर में एक पौधा भी लगाया। गिरजाघर से लौटने के बाद मोदी ने ट्वीट किया, आज ईस्टर के बेहद खास मौके पर मुझे दिल्ली के सेक्रेड हार्ट कैथेड्रल चर्च जाने का मौका मिला।

मैं ईसाई समुदाय के आध्यात्मिक नेताओं से भी मिला। मोदी के गिरजाघर पहुंचने को राजनीतिक मायने से भी देखा जा रहा है क्योंकि सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सक्रिय रूप से ईसाइयों को लुभाने में लगी है। इससे पहले दिन में मोदी ने ट्वीट कर ईस्टर की शुभकामनाएं देते हुए लिखा कि यह विशेष अवसर हमारे समाज में सद्भाव की भावना को गहरा करेगा। यह लोगों को समाज की सेवा करने और दलितों को सशक्त बनाने में मदद करने के लिए प्रेरित करेगा। हम इस दिन ईसा मसीह के पवित्र विचारों को याद करते हैं।

पीएम के चर्च पहुंचने पर पादरियों ने उन्हें साल ओढ़ाकर और फूलों का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। चर्च में बच्चों के सामूहिक प्रार्थना के दौरान आम लोग भी चर्च में उपस्थित थे। पीएम मोदी ने ईसा मसीह के प्रति की गई प्रार्थना शांत मुद्रा में सुनी। चर्च की ओर से पीएम मोदी को प्रभु यीशू वाला एक स्मृति चिन्ह भी भेंट किया गया। अंत में पादरियों और बच्चों ने पीएम मोदी के साथ फोटो खिंचवाई। पीएम मोदी के दौरे से पहले चर्च के पादरी फ्रांसिस स्वामीनाथन ने कहा था कि ऐसा पहली बार है जब कोई प्रधानमंत्री चर्च का दौरा कर रहा है। उन्होंने खुशी बयान करते हुए कहा था, हम रोमांचित हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज हमारे चर्च का दौरा कर रहे हैं।

### क्यों मनाया जाता है ईस्टर

ईस्टर को ईस्टर संडे भी कहा जाता है। यह गुड फ्राइडे (शोक का दिन) के बाद आता है। मान्यता है कि ईसा मसीह को जिस दिन सूली पर चढ़ाया गया था, उसका शोक मनाते हुए गुड फ्राइडे मनाया जाता है, वहीं तीसरे दिन प्रभु यीशु फिर से जीवित हो गए थे, इस वजह से ईस्टर मनाया जाता है।

# महापौर पद के लिए चुनाव 26 अप्रैल को : सौरभ

- कहा- आशा है कि एलजी कार्यालय सभी नियमों का पालन करते हुए शांतिपूर्ण चुनाव कराएगी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



दिल्ली सरकार के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने रविवार को कहा कि दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) महापौर पद का चुनाव 26 अप्रैल को होगा। नया महापौर चुने जाने तक वर्तमान महापौर शैली ओबेरॉय, कार्यभार संभालती रहेंगी। शैली ने भाजपा की रेखा गुप्ता को 34 मतों के अंतर से हराया था। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि मुझे आशा है कि उपराज्यपाल कार्यालय द्वारा सभी नियमों का पालन किया जाएगा और चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न होगा।

आम आदमी पार्टी (आप) की नेता शेली ओबेरॉय ने 31 मार्च को मेयर पद पर अपना 38 दिन का कार्यकाल पूरा किया है। इससे पहले इसी साल जनवरी में एमसीडी के सदन में भारी हंगामे के कारण तीन बार चुनाव नहीं हो पाया था।

भाजपा और आप के बीच काफी तकरार के बाद चौथे प्रयास में शैली ओबेरॉय को दिल्ली का मेयर चुना गया था। वे पहली बार 6 जनवरी को, दूसरी बार 24 जनवरी को और आखिरी बार 6 फरवरी को मेयर चुनाव के लिए सदन की बैठक को बुलाया गया था लेकिन चुनाव मेयर चुनाव नहीं हो पाया था।

बीजेपी ने भी मेयर और डिप्टी मेयर के लिए अपने उम्मीदवार उतारे थे। बता दें कि दिल्ली में नगर निगम के चुनाव 4 दिसंबर को हुए थे और परिणाम 7 दिसंबर को घोषित किए गए थे। आम आदमी पार्टी ने 250 में से 134 सीटें जीती थी. बीजेपी 104 और कांग्रेस 9 सीटें जीती थी।

# पड़ोसी की गोली लगने से गर्भवती महिला की एक सप्ताह बाद मौत

- हमले के बाद हुआ था गर्भपात

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

सिरसपुर में पड़ोसी द्वारा चलाई गई गोली से घायल 30 वर्षीय गर्भवती महिला की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई।

गोली लगने की वजह से महिला का गर्भपात हो गया था। उन्होंने बताया कि रंजू को उसके पड़ोसी हरीश ने तीन अप्रैल को कथित तौर पर गोली मार दी थी। आरोपी ने घर में आयोजित कार्यक्रम में बज रहे तेज संगीत पर महिला द्वारा आपत्ति जताने के बाद गोली मारी। पुलिस उपायुक्त (बाहरी दिल्ली) रवि कुमार सिंह ने कहा, महिला की हालत गंभीर बताई जा रही थी। उसका शहर के एक अस्पताल में इलाज चल रहा था।

हमें शनिवार को जानकारी मिली कि महिला की मौत हो गई है। मौत की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मामले में दर्ज प्राथमिकी में भारतीय दंड संहिता की धारा-302 (हत्या) जोड़ दी है। मामले में आरोपी हरीश और उसके दोस्त अमित को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# कोरोना संक्रमण के 699 नए मामले

- चार लोगों की मौत, पॉजिटीविटी रेट 21.15 प्रतिशत

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



दिल्ली में रविवार को कोविड-19 के 699 नए मामले सामने आए और संक्रमण दर 21.15 प्रतिशत रही। दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य विभाग की ओर से साझा किए गए आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। शहर में कोविड-19 से पीड़ित चार लोगों की मौत हो गई।

स्वास्थ्य बुलेटिन में, हालांकि कहा गया है कि केवल एक मामले में ही कोविड-19 मृत्यु का प्राथमिक कारण था। बुलेटिन में कहा गया है कि नए मामलों के साथ, दिल्ली में कोरोना वायरस के संक्रमितों की संख्या बढ़कर 20,14,637 हो गई है, जबकि मरने वालों की संख्या 26,540 हो गई है।

दिल्ली में शनिवार को 23.05 प्रतिशत की संक्रमण दर के साथ कोविड-19 के 535 नए मामले सामने आए थे। राजधानी में शुक्रवार को 733 नए मामले दर्ज किए गए थे, जो 19.93 प्रतिशत की संक्रमण दर से पिछले सात महीने से अधिक समय का एक दिन का सर्वाधिक आंकड़ा था।बुलेटिन के मुताबिक, शनिवार को दिल्ली में कोविड-19 के 3,305 नमूनों की जांच की गई।

# स्वर्ण जयंती एवं हिमाचली मिलन कार्यक्रम में शामिल हुए सुक्खू

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



राष्ट्रीय राजधानी में हिमाचल सोशल बॉडीज फेडरेशन द्वारा रविवार को नई दिल्ली में आयोजित 'स्वर्ण जयंती एवं हिमाचली मिलन कार्यक्रम' में मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राजधानी दिल्ली में प्रदेश की पहचान और संस्कृति को संरक्षित रखने में हिमाचलियों के योगदान को सराहा। पर्यटन विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष आरएस बाली ने दिवंगत पिता और पूर्व मंत्री जीएस बाली को 'हिमाचल रत्न' पुरस्कार ग्रहण किया। इस अवसर पर पूर्व प्रशासनिक अधिकारी डीएस, चुन्नी लाल कौशल, जेसी शर्मा, अंजलि शर्मा और प्रणव चंदेल को हिमाचल गौरव पुरस्कार सीएम ने प्रदान किया। इस अवसर पर केआर वर्मा, लक्ष्मी दास, मीरा मोहंती, प्रधान एसके सिंगला आदि मौजूद थे।

# कुत्ते को खाना देने के विवाद में प्रेमिका की मां को लगी गोली

**नई दिल्ली।** देशबंधु गुप्ता रोड पर पालतू कुत्ते को खाना खिलाने को लेकर हुए विवाद में कथित तौर पर प्रेमिका को धमकाने के लिए एक व्यक्ति ने गोली चला दी, जिससे एक महिला घायल हो गई।

उन्होंने बताया कि जिस महिला को गोली लगी है वह आरोपी की कथित प्रेमिका की मां है। पुलिस ने बताया कि महिला की हालत स्थिर है और उनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। उन्होंने बताया कि फरार आरोपी (28) को पकड़ने के प्रयास जारी हैं।

पुलिस ने बताया कि यह घटना शनिवार शाम करीब छह बजे मध्य दिल्ली के देश बंधु गुप्ता रोड इलाके में हुई। पुलिस उपायुक्त (मध्य) संजय सैनी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की संबंधित धारा और शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है और जांच जारी है। अधिकारी ने बताया कि आरोपी फरार है और उसके खिलाफ पहले भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं।

# गरीबों का सरकार पर पहला हक : मनोहर लाल



- हरियाणा में 2.30 लाख परिवारों के राशन कार्ड दोबारा बनाये गए

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

हरियाणा के सीएम मनोहर लाल ने कहा कि राज्य सरकार गरीबों व जरूरतमंदों की सरकार है। हम उनके कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं।

इनका सरकार पर पहला हक है और प्रदेश सरकार कल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना सुनिश्चित कर रही है। इसी दिशा में जिन परिवारों के राशन कार्ड कट गए थे, उनमें से 2.30 लाख परिवारों के राशन कार्ड दोबारा बनाये गए हैं। मुख्यमंत्री शनिवार शाम को गुरुग्राम से ऑडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ऐसे परिवारों से सीधा संवाद कर रहे थे। लाभार्थियों ने मुख्यमंत्री का धन्यवाद करते हुए कहा कि सरकार की पारदर्शी नीति से पात्र नागरिक को योजनाओं का लाभ मिल रहा है।

इस अवसर पर परिवार पहचान प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विकास गुप्ता, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के निदेशक मुकुल कुमार, मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार अमित आर्य और संयुक्त निदेशक गौरव गुप्ता उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार


हेट लगाकर धूप से बचाव करतीं युवती। फोटोः रंजन डिमरी

### राजधानी में बढ़ी गर्मी, पारा 34.8 डिग्री पहुंचा

**नई दिल्ली।** दिल्ली में रविवार को अधिकतम तापमान 34.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने यह जानकारी दी। विभाग के अनुसार, दिन का न्यूनतम तापमान इस मौसम के औसत से चार डिग्री नीचे 15.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आर्द्रता 21 से 80 प्रतिशत के बीच रही। मौसम विभाग के अनुसार, सोमवार को हल्के बादल छाए रहने और अधिकतम तथा न्यूनतम तापमान के क्रमशः 35 और 16 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है।

### सम्मेलन व सम्मान समारोह 30 को

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में राष्ट्रीय स्तर पर सीएसआर सेमिनार और प्योर सोशल इम्पैक्ट अवॉर्ड का आयोजन 30 अप्रैल को होगा। कार्यक्रम में विभिन्न राज्यों के 400 से अधिक सामाजिक संगठन, सामाजिक कार्यकर्ता, शिक्षा संगठन, स्कूल, कॉलेज, स्वास्थ्य संगठन और सामाजिक विकास से जुड़े लोग भाग लेंगे। प्योर इंडिया ट्रस्ट की ओर से होने वाले इस कार्यक्रम में सीएसआर के माध्यम से जमीनी स्तर पर कार्य करने वाले प्रमुख एनजीओ एवं सामाजिक कार्यों में मदद करने वाली हस्तियां अपने विचार रखेंगी।

### निजी स्कूलों में आरक्षित सीटों पर मिले प्रवेश

**नई दिल्ली।** राजधानी के निजी स्कूलों में आर्थिक रूप से पिछड़े, वंचित समूह तथा दिव्यांग श्रेणी के छात्रों के लिए आरक्षित 25 प्रतिशत आरक्षण के अंतर्गत छात्रों को जल्द से जल्द प्रवेश देने की मांग अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप)ने की है। अभाविप ने आरोप लगाया कि प्राइवेट स्कूलों की मनमानी के चलते दिल्ली के सैकड़ों छात्र शिक्षा से वंचित होने की कगार पर हैं। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद दिल्ली के प्रदेश मंत्री हर्ष अत्री ने कहा कि दिल्ली के स्कूलों की यह मनमानी अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण तथा छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाली है। अभाविप शिक्षा का व्यापारीकरण और छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कदापि स्वीकार नहीं करेगी।

# छात्रों को अच्छा इंसान बनाना सबसे जरूरी : आतिशी

- शिक्षा मंत्री ने किया स्कूलों के 5000 शिक्षकों से संवाद

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली


पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में शिक्षिकों से संवाद करती शिक्षा मंत्री।

छात्र-छात्राओं को विषय की जानकारी और परीक्षा में अच्छे नंबर लाने से ज्यादा जरूरी उन्हें अच्छा इंसान बनाना ज्यादा जरूरी है। इसमें अभिभावकों से अधिक भूमिका शिक्षकों की होती है।

यह बात शिक्षा मंत्री आतिशी मार्लेना ने रविवार को राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् (एससीईआरटी) दिल्ली के पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में राजधानी के 5 हजार शिक्षकों को संबोधित करते हुए कही। यह शिविर दिल्ली के सरकारी स्कूलों के शिक्षकों के हैप्पीनेस करिकुलम के उद्देश्यों को समझाने के आयोजित किया गया है।

प्रशिक्षण शिविर में शिक्षा मंत्री आतिशी ने शिक्षकों से प्रशिक्षण के दौरान उनके अनुभवों को जाना। शिक्षा मंत्री आतिशी ने कहा कि, अबतक की शिक्षा प्रणाली में बच्चों को विभिन्न विषय पढ़ाये जाते है। शिक्षा व्यवस्था का पूरा फोकस बच्चों को एक अच्छा प्रोफेशनल बनाना होता है। लेकिन स्कूली और उच्च शिक्षा का वास्तविक जीवन में इस्तेमाल पर जानकारी नहीं दी जाती है, जिसकी हमें सामाजिक और रोजमर्रा के जीवन में होती है।

उन्होंने कहा कि व्यस्क होने पर हम रोजाना अपनी जिन्दगी में कुछ चुनौतियों का सामना करते है कि परिवार में हमारे सम्बन्ध कैसे होने चाहिए, अपने से छोटों और बड़ों के साथ कैसा व्यवहार करना चाहिए, तनाव पर काबू कैसे किया जाये। इन चुनौतियों का सामना कर सकें इसके लिए मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल जी और दिल्ली शिक्षा क्रांति के जनक मनीष सिसोदिया ने हैप्पीनेस करिकुलम की शुरूआत की।

शिक्षा मंत्री ने कहा कि सरकार के स्कूलों में आज से लगभग 5 साल पहले इस करिकुलम की शुरुआत हुई और इसे सफलता मिल रही है। हमारे शिक्षक और बच्चे अपने जीवन के असल मकसद को समझ रहे है। उन्होंने कहा कि हम गणित, अंग्रेजी, इतिहास सब सीख सकते है लेकिन उससे पहले ये सीखना जरुरी है कि हमें एक अच्छा इन्सान कैसे बनना है और इस दिशा में हैप्पीनेस करिकुलम के अंतर्गत आने वाले जीवन विद्या जैसे ट्रेनिंग सत्र ने हमारे शिक्षकों की बड़ी मदद की है।

इससे मिली लर्निंग के द्वारा दिल्ली सरकार के स्कूलों में हमारे शिक्षकों ने बच्चों को एक अच्छा इन्सान बनाना अपनी पहली प्राथमिकता बना ली है। इस दिशा में माइंडफ़ुलनेस-मेडीटेशन और हैप्पीनेस को समझने का ये शिविर शिक्षकों को अपने क्लासरूम के बच्चों को एक अच्छा इंसान बनाने के लिए प्रेरित कर रहा है।

# गहलोत ने किराड़ी बस डिपो का किया शिलान्यास

**नई दिल्ली।** परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने रविवार को 140 बसों की पार्किंग के लिए बन रहे किराड़ी बस डिपो का शिलान्यास किया।

किराड़ी बस डिपो, केजरीवाल सरकार की लगातार बढ़ती बसों की संख्या को पार्क करने के लिए पूरे शहर में 9 नए बस डिपो बनाने की योजना का हिस्सा है। यह डिपो 5.4 एकड़ में फैला होगा और ईवी चार्जिंग सुविधाओं सहित सभी आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा। इस अवसर पर परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने कहा कि 2015 में, दिल्ली में 5,842 बसें थीं, जो अब 2023 में बढ़कर 7,379 बसें हो गई हैं। किराड़ी में नया बस डिपो बनाने के लिए 160 करोड़ खर्च कर रही है। इस राशि में डीडीए को भुगतान किए गए लगभग 40 करोड़, पीडब्ल्यूडी को भुगतान किए जाने वाले 40 करोड़ दिए।

# फिलीपिंस में जिम्नास्टिक चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम का हुआ चयन

**प्रयागराज में जिम्नास्टिक चैंपियनशिप के लिए ट्रायल में हुआ चयन**

**मई 2023 में फिलीपिंस में प्रतिभा दिखाएंगे ये खिलाड़ी**

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**खेल** गांव पब्लिक स्कूल प्रयागराज में एशियन रिदमिक जिम्नास्टिक्स चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम चुनने के लिए ट्रायल करवाये गए। इस ट्रायल में हरियाणा से 6 खिलाड़ियों ने भाग लिया। अब बेंगलुरु के गोपालन इंटरनेशनल स्कूल में सभी ग्रुप के खिलाड़ियों का एक महीने का राष्ट्रीय स्तर का कैंप लगेगा, जिसमें ये खिलाड़ी गहन प्रशिक्षण लेंगे। ट्रायल में जूनियर व्यक्तिगत वर्ग में हरियाणा की कुमारी मिहिरा का चयन हुआ है। सीनियर वर्ग के व्यक्तिगत वर्ग में कुमारी लाइफ अदलखा का चयन हुआ है। इसी तरह से सीनियर वर्ग में कुमारी ध्रुवीचौधरी का चयन ग्रुप इवेंट के लिए किया गया। ये तीनों खिलाड़ी गुरुग्राम के ही हैं। ये खिलाड़ी भारीतय जिम्नास्टिक टीम में फिलीपिंस 31 मई से 3 जून 2023 तक चैंपियनशिप में भाग लेंगे।



अंतरराष्ट्रीय जिम्नास्टिक चैंपियनशिप के लिए चुनी गई गुरुग्राम निवासी भारतीय टीम की खिलाड़ियों के साथ कोच संदीप कुमार।

खिलाड़ियों का राष्ट्रीय स्तर का कैंप बैंगलोर में लगाया जाएगा। ध्रुवी और लाइफ अदलखा गत वर्ष खेल विभाग द्वारा नेहरू स्टेडियम की नर्सरी की खिलाड़ी रही हैं। इस वर्ष भी ध्रुवी नर्सरी की जिमनास्टिक्स की खिलाड़ी है। लाइफऔर ध्रुवी को प्रशिक्षक संदीप कुमार व कविता सैनी द्वारा प्रशिक्षण दिया गया है।

खिलाड़ियों की सफलता पर हरियाणा जिम्नास्टिक्स एसोसिएशन के प्रधान सूरज पाल अम्मू द्वारा खिलाड़ियों को अपना आशीर्वाद दिया है। गुरुग्राम पहुंचने पर सभी खिलाड़ियों का स्वागत किया जाएगा। इस मौके पर हरियाणा जिम्नास्टिक्स एसोसिएशन के कार्यवाहक अध्यक्ष परस राम व जिला खेल अधिकारी संधू बाला ने सभी खिलाड़ियों को बधाई व शुभकामनायें दी है।

# हरियाणा सरकार किसानों के साथ हर सम्भव मदद दी जाएगी : कृषिमंत्री

**मंत्री जेपी दलाल ने आश्रम हरि मंदिर संस्कृत महाविद्यालय के वार्षिकोत्सव में की शिरकत**

**कृषि मंत्री ने मंच से आश्रम हरि मंदिर संस्कृत कालेज को 21 लाख रुपये की राशि देने घोषणा भी की**

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम के खंड पटौदी स्थित आश्रम हरि मंदिर संस्कृत महाविद्यालय के वार्षिकोत्सव पर बोलते कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जेपी दलाल।

**हरियाणा** के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि प्रदेश के किसानों पर जो प्रकृति की मार पड़ी है। उससे किसान संकट में है। संकट की इस घड़ी में सरकार किसानों के साथ खड़ी है। किसानों के नुकसान की भरपाई के लिए हर संभव मदद दी जाएगी।

कृषि मंत्री पटौदी स्थित आश्रम हरि मंदिर संस्कृत महाविद्यालय के तीन दिवसीय वार्षिक उत्सव के दूसरे दिन कार्यक्रम को बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि फसलों के नुकसान के आंकलन के लिए व्यापक स्तर पर गिरदावरी का कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल सहित वे स्वयं भी विभिन्न जिलों में जाकर नुकसान का जायजा ले रहे हैं। जेपी दलाल ने कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व हरियाणा में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में निरन्तर जनसेवा के कार्य किए जा रहे हैं। अंत्योदय के भाव के साथ बनाई जा रही सरकारी नीतियों में पूरी पारदर्शिता के साथ समाज की अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को भी विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जा रहा है। कृषि मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में हरियाणा एक हरियाणवी एक की भावना के साथ प्रदेश के सभी जिलों में समान रूप से विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह हमारी नि:स्वार्थ सेवा का ही परिणाम है कि प्रदेश की जनता ने वर्ष 2019 में हमें फिर से जनसेवा का आशीर्वाद दिया है।

कृषि मंत्री ने कहा कि प्रदेश के सभी नागरिक सुखी रहें। इसी उद्देश्य से पुरानी परंपराओं को तोड़ते हुए हरियाणा में निरंतर व्यवस्था परिवर्तन का दौर जारी है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार विकास, जनकल्याण और सुराज के लिए प्रतिबद्ध है। भारत सरकार एवं हरियाणा सरकार के विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं और कार्यक्रमों का पूरा लाभ उसके वास्तविक रूप से पात्र हितग्राही तक समय-सीमा में पहुंचे। सुशासन के इसी मूलमंत्र के साथ हम निरन्तर धरातल पर सेवा कार्य कर रहे हैं। कृषि मंत्री ने कहा कि यह हमारी सेवा का ही परिणाम है कि आज भारतीय जनता पार्टी विश्व की सर्वाधिक सदस्यों वाली पार्टी बनी है। जिसके प्रत्येक सदस्य में समाज सेवा का भाव सदैव अग्रणी रहता है। कृषि मंत्री ने अपने संबोधन में आश्रम हरि मंदिर को 21 लाख रुपये की राशि देने घोषणा भी की।

इस अवसर पर महामण्डलेश्वर स्वामी धर्मदेव, पटौदी के विधायक सत्य प्रकाश जरावता, बड़खल की विधायक सीमा त्रिखा, थानेसर के विधायक सुभाष सुधा, एसडीएम संजीव सिंगला, पशुपालन विभाग की उपनिदेशक पुनिता गहलावत, तहसीलदार रीटा ग्रोवर, नायब तहसीलदार सुरजीत सिंह, भाजपा नेता नवीन गोयल, पटौदी नगर पालिका के प्रधान चंद्रभान सहगल, राधेश्याम मक्कड़ सहित काफी संख्या में विभिन्न क्षेत्रों से आए आश्रम के भक्तगण उपस्थित थे।

# अवैध यूनिपोल व अन्य विज्ञापनों के खिलाफ निगम ने की कार्रवाई



नगर निगम द्वारा एक बिल्डिंग से हटाए गए अवैध विज्ञापन के बाद का दृश्य।

**नगर निगम की विज्ञापन शाखा ने की कार्रवाई**

**गुरुग्राम।** नगर निगम गुरुग्राम की सीमा में अवैध रूप से लगे हुए यूनिपोल व अन्य विज्ञापनों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसके तहत रविवार को भी अवैध विज्ञापन हटाने का अभियान जारी रहा।

संयुक्त आयुक्त प्रदीप कुमार व विजय यादव के नेतृत्व में विज्ञापन शाखा की टीम ने गोल्ड सूक, सेक्टर-63, उल्लावास, तुलिप चौक, सेक्टर-109 सहित आसपास के क्षेत्रों में अवैध विज्ञापन हटाए। टीम ने गोल्ड सूक मॉल के ऊपर लगे वॉल रैप को हटाया। इसके साथ ही सेक्टर-63 व उल्लावास क्षेत्र में भी अवैध विज्ञापनों के खिलाफ कार्रवाई की। टीम ने तुलिप चौक से 3 यूनिपोल हटाए, जबकि सेक्टर-109 व 110 क्षेत्र से विभिन्न बिल्डरों के 8 यूनिपोल को भी हटाया गया। नगर निगम आयुक्त पीसी मीणा द्वारा निगम क्षेत्र में अवैध विज्ञापनों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए संयुक्त आयुक्त प्रदीप कुमार व विजय यादव को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इन दोनों अधिकारियों के नेतृत्व में विज्ञापन शाखा की टीम लगातार कार्रवाई कर रही है।

अवैध विज्ञापनों के खिलाफ आगे भी यह अभियान जारी रहेगा। नगर निगम द्वारा विज्ञापन का प्रदर्शन करने वालों को आगाह किया गया है कि वे बिना अनुमति के किसी भी प्रकार का विज्ञापन प्रदर्शित ना करें। विज्ञापन के लिए नियमानुसार अनुमति के लिए आवेदन करें तथा निर्धारित फीस का भुगतान करें। अवैध विज्ञापनों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा तथा उन्हें हटाने में आने वाला खर्च व फीस की वसूली भी संबंधित से ही की जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### डॉ. नेहा राघव का परेड ग्राउंड में पास आउट रहा शानदार



असिस्टेंट कमांडेंट डॉ. नेहा राघव।

**सोहना।** सोहना निवासी असिस्टेंट कमांडेंट डॉ. नेहा राघव ने आइटीबीपी अकेडमी परेड ग्राउंड में पासिंग आउट और शपथ ग्रहण समारोह में देश भावना दिखाई। वहीं बेटी के कंधा पर असिस्टेंट कमांडेंट के स्टार लगता देख पिता भावुक हुए पिता की आंखें खुशियों के आसुओं से भर आई। खंड के गांव दौला मूल निवासी नेहा राघव का परिवार हाल में सोहना के वार्ड-16 के ठाकुरवाड़ा मोहल्ले में रहता है। नेहा राघव ने शनिवार को अपने बचपन में देखा सपना को उस समय पूरा कर दिया। जब उसके कंधा पर असिस्टेंट कमांडेंट की हैसियत से उच्चाधिकारियों ने कंधा पर स्टार लगाए। इस अवसर पर मौजूद पिता सतीश राघव समेत उसकी पत्नी बिमला राघव व डॉ. नेहा राघव के पति अमित सिंह साथ में खड़े होकर भावुक हो गए। शनिवार को उत्तराखंड के शहर मंसूरी में आइटीबीटी अकेडमी का परेड समारोह था। जिसमें डॉ. नेहा राघव भी पासिंग आउट की हिस्सा बनी। नेहा राघव के साथ दीक्षांत समारोह का आयोजन। कौशल, शास्त्रचालन, शारीरिक परीक्षण जैसे सैन्य और पुलिस संबंधी कठिन विषयों का प्रशिक्षण लेने के बाद 12 महिलाओं समेत 55 चिकित्साधिकारी बतौर सहायक सेनानी आईटीबीपी की मुख्य धारा से जुड़ गए। जिन्हें पश्चिम फ्रंटियर के एडीजी मनोज सिंह रावत शपथ ग्रहण दिलाई। इस उपलब्धि पर डॉ. नेहा राघव को क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने बधाई देते हुए उनके मंगलमय जीवन और देश भावना की सजगता में हमेशा आगे रहने की कामना की है। गणमान्य नागरिकों में पार्षद हरीश नंदा, समाज सेवी अनुज गुप्ता, ललित जिन्दल, कमल छावड़ी, सुभाष बंसल आदि ने अपना संदेश भेजा है।

### विवाहिता की शिकायत पर पति समेत सास व ससुर पर केस दर्ज

**सोहना।** शादी में गाड़ी न मिलने पर विवाहिता ने पति समेत सास व ससुर पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। आरोपियों द्वारा बेटा मारपीट करने और पिता के घर रहते बेटा को झपट कर ले जाने का आरोप लगाया है। भोंडसी थाना पुलिस ने विवाहिता की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी है। गांव अलीपुर निवासी नेहा ने बताया कि उसकी दिल्ली कंजाव्ला निवासी पंकज के साथ उसके पिता ने 9 दिसम्बर 2020 को सभी धार्मिक रीति रिवाजों को निभाते हुए शादी की थी। उसके पिता ने उसकी शादी में करीब 25 लाख रुपये खर्च किए थे, लेकिन पति पंकज, सास राजेश व ससुर विजय शादी में मिले दान दहेज और खाना पीने से खुश नहीं थे। उसके ससुराल वाले आएदिन पिता के घर से गाड़ी लाने की मांग करते हुए उसे प्रताड़ित करने लगे। पति पंकज भी शराब पीकर घर आने के बाद उसके साथ झगड़ा व मारपीट करता। 28 दिसम्बर को उसने एक बेटा को जन्म दिया। जिसका उसके पिता द्वारा छौछक दिया गया। छौछक में पिता ने 5 लाख रुपये खर्च किए थे, लेकिन फिर भी ससुराल वालों की गाड़ी मांगने की मांग समाप्त नहीं हुई। 23 मई 2022 को वह अपने पिता के घर पर रह रही थी। उसकी सास व पति आए और उसकी गोद में उसके बेटा को छीनकर ले गए। वह अपने बेटा के बिना सही से खाना पीना भी नहीं कर पा रही है। पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए जांच करनी शुरू कर दी है।

### एक किसान से एक दिन में सिर्फ 25 क्विंटल सरसों खरीदेंगे

**गुरुग्राम।** प्रदेश सरकार द्वारा यह नियम तय किया गया है कि एक दिन में एक किसान से 25 क्विंटल सरसों ही खरीदी जाएगी। वह भी उन्हीं किसानों की सरसों खरीदी जाएगी, जिन्होंने पोर्टल पर अपने आपको रजिस्टर्ड करवाया है। जिला उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने सरकारी नियमों का हवाला देते हुए किसानों से कहा है कि मंडी में सरसों की फसल लेकर आ रहे किसान असुविधा से बचने के लिए एक दिन में निर्धारित मात्रा में ही फसल को लेकर आएं। उन्होंने यह भी कहा कि गेहूं को लेकर अभी ऐसी कोई अधिकतम सीमा निर्धारित नहीं की गई है। डीसी निशांत कुमार यादव ने जिला के किसानों से आह्वान किया कि अगर वे अपनी फसलों का अच्छा भाव लेना चाहते हैं तो वे फसल को सूखा कर ही मंडी में बेचने के लिए लेकर आएं। उन्होंने कहा कि मौसम खराब होने के चलते गेहूं की कटाई पूरी तरह से नहीं हो पा रही है। किसानों को गेहूं की कटाई में बार बार विघ्न पड़ रहा है। बेमौसमी बरसात के चलते किसानों की सरसों की फसलें भी प्रभावित हुई हैं। ऐसे में मंडी में फसल बेचने आ रहे किसानों की फसल में निर्धारित मात्रा से अधिक नमी पाई जा रही है। किसानों को निर्धारित मानकों के अनुसार सरसों व गेहूं का तय न्यूनतम समर्थन मूल्य दिया जाएगा। सरकार द्वारा सरसों के लिए अधिकतम 8 प्रतिशत व गेहूं के लिए अधिकतम 12 प्रतिशत नमी की मात्रा निर्धारित की गई है। ऐसे में मंडी में फसल लेकर आ रहे किसानों को नमी की मात्रा के अनुसार ही संबंधित फसल का तय समर्थन मूल्य दिया जाएगा। इसलिए बेहतर होगा कि जिला के किसान अपनी फसलों को सूखा कर मंडी में लाएं।

# राष्ट्रीय पर्वों पर सैनिकों, शहीदों के परिवारों का हम सब करें सम्मान: सुनीता सिंगला

**गुरुग्राम।** शहीद अमर सिंह जी की 100वीं जयंती के उपलक्ष्य में शहीद अमर सिंह पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन करके उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान स्कूल के शिक्षक, अतिथि, बच्चों ने मिलकर शहीर अमर सिंह को नमन किया। इस अवसर पर विधायक सुधीर सिंगला की धर्मपत्नी श्रीमती सुनीता सिंगला मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची।

सुनीता सिंगला ने कहा कि गुरुग्राम जिला के गांव बिलासपुर में जन्में वीर शहीद अमर सिंह ने आजाद हिंद फौज में वर्षों तक अपने सेवाएं दी। इस दौरान वे नेताजी सुभाष चंद्र बोस के भी बहुत करीब रहे। उन्होंने देश सेवा में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। ऐसे महान देशभक्तों का हमें सदा सम्मान करना चाहिए। ऐसे महान व्यक्तियों की सात पीढ़ियों तक भी हम कर्ज नहीं उतार सकते। क्योंकि उन्होंने अनेक यातनाएं सहकर हमें आजाद कराने में अपना सब कुछ गंवा दिया। सुनीता सिंगला ने कहा कि क्रांतिकारियों का कोई धर्म-मजहब नहीं होता, वे तो देश के लिए जीते हैं देश के लिए मरते हैं। इसलिए देश की जांबाज जब सेना में आता-जाता है तो उसे हर किसी को सेल्यूट और स्वागत करना चाहिए। क्योंकि वे हमारे कल को सुरक्षित करने के लिए अपना आज दांव पर लगाते हैं। उन्होंने कहा कि देश का हर सैनिक हमारे लिए सम्मान का पात्र है। सीमा पर सैनिक तिरंगे की शान के लिए डटे हैं तो देश के भीतर हम सबका कर्तव्य है कि उन सैनिकों के परिवारों को हम सम्मान दें। सुनीता सिंगला ने कहा कि हर राष्ट्रीय पर्व पर हमें शहीदों, सैनिकों के परिवारों को सम्मानित करना चाहिए। हम सिविलियन का यह कर्तव्य होना चाहिए। सम्मान के रूप में अगर हम सैनिकों के परिवारों को एक फूल भी भेंट करते हैं तो यह उनके लिए बहुत बड़ा सम्मान होगा।



शहीद अमर सिंह की 100वीं जयंती पर कार्यक्रम में मौजूद विधायक सुधीर सिंगला की पत्नी सुनीता सिंगला व अन्य अतिथि।

# गिरजा घरों में ईस्टर धूमधाम से मनाया

**दबे कुचलों के लिए प्रभु यीशु कब्र में तीन दिन के बाद निकल आए थे जिन्दा होकर**

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**शहर** के गिरजाघरों में ईस्टर धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर प्रभु यीशु के द्वारा जन्म लेने का संदेश वचनों के माध्यम से दिया गया। गुडफ्राई डे के दिन प्रभु यीशु को मौत की सजा दी गई थी।

उसके बाद प्रभु यीशु को उनके विरोधियों ने कब्र में दफन कर दिया था। लेकिन प्रभु यीशु जनकल्याण के लिए कब्र में तीन दिन के बाद जिन्दा होकर निकल आए थे, क्योंकि उनका जीवन दबे-कुचले और बोझा ढोने वाले नागरिकों की सेवा में समर्पित था। शैतानों की हर चाल से नागरिकों को बचाने का मुख्य लक्ष्य था। आम नागरिकों के लिए ही उन्होंने कोड़े खाए थे। पत्थरों की मार झेली थी और अपना जीवन कुर्बान कर दिया था। यह सब संदेश शहर के गिरजा घरों में रविवार की सुबह हुई प्रार्थना सभाओं में बाईबिल के वचनों के माध्यम से फादर ने दिया। साधु सुन्दर सिंह गिरजाघर के फादर राजेश कैनोई ने वचनों के माध्यम से बताया कि यहूदियों को प्रभु यीशु के जीवित होने का विश्वास तक नहीं हुआ था। लेकिन उन्होने कोडियों को छूकर और अंधों को रोशन देकर अपने जीवित होने का संदेश दिया साबित किया था। एक मात्र प्रभु यीशु ही थे, जिन्होंने मानव जाति के कल्याण के लिए बार-बार जन्म लिया। आज भी प्रभु यीशु जीवित है और दबे कुचलों लोगों की सेवा में लगे रहते हैं।



रविवार को ईस्टर के अवसर पर शहर के गिरजाघर में प्रार्थना सभा में मौजूद अनुयायी।

# सीएम ने राशन कार्ड बनने पर किसी को दी बधाई तो कुछ के बनाने के दिए आदेश

**सीएम बोले, 2.30 लाख परिवारों के राशन कार्ड दोबारा बनाये गए**

**गरीब व जरूरतमंदों का सरकार पर पहला हक**

**कहा, सरकार की पारदर्शी नीति से पात्र नागरिक को मिल रहा योजनाओं का लाभ**

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल ने कहा कि राज्य सरकार गरीब व जरूरतमंदों की सरकार है। हम उनके कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। इनका सरकार पर पहला हक है और प्रदेश सरकार कल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना सुनिश्चित कर रही है। इसका सबसे बड़ा उदाहरण यह है कि परिवार पहचान पत्र में आय से संबंधित त्रुटियों के कारण जिन परिवारों के राशन कार्ड कट गए थे, उनमें से 2.30 लाख परिवारों के राशन कार्ड दोबारा बनाये गए हैं। मुख्यमंत्री गुरुग्राम से ऑडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से ऐसे परिवारों से सीधा संवाद कर रहे थे।

संवाद कार्यक्रम के दौरान लाभार्थियों ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल का धन्यवाद करते हुए कहा कि सरकार की पारदर्शी नीति से पात्र नागरिक को योजनाओं का लाभ मिल रहा है। लाभार्थियों ने कहा कि राशन कार्ड कटने पर शिकायत दर्ज करवाने पर जिस प्रकार त्वरित कार्रवाई कर उनके राशन कार्ड दोबारा बनाये गए, उससे सरकार की नागरिकों के प्रति जवाबदेही और संवेदनशीलता को दर्शाता है।



गुरुग्राम से ऑडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से कटे हुए राशन कार्ड बनने के लाभार्थी परिवारों से संवाद करते मुख्यमंत्री मनोहर लाल।

**स्वयं सरकार से मिलने वाले सारे लाभ छोड़ दूंगा..** मुख्यमंत्री ने आह्वान किया कि जिन परिवारों की आर्थिक रूप से संपन्न हो जाए, ऐसे परिवार स्वेच्छा से सरकारी लाभ को छोड़ दें ताकि जरूरतमंद परिवार को इसका लाभ मिल सके। इस आह्वान का असर उस समय देखने को मिला जब पेशे से मैकेनिक अंबाला निवासी अजय कुमार ने कहा कि जिस दिन उसकी आय 1 लाख 80 हजार रुपये से अधिक हो जाएगी, उसी दिन वह स्वयं ही सरकार से मिलने वाले सारे लाभ छोड़ देगा।

वहीं एक अन्य लाभार्थी गांव पिचौपा खुर्द जिला चरखी दादरी निवासी दलीप सिंह ने बताया कि उनका बीपीएल कार्ड तो बन गया, लेकिन आयुष्मान कार्ड नहीं बना है। इस पर मुख्यमंत्री ने तुरंत चरखी दादरी के उपायुक्त को संबंधित का आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश दिए। इसी प्रकार प्रेम नगर हिसार निवासी भीम सिंह ने भी अपने बीपीएल कार्ड दोबारा बनने पर मुख्यमंत्री का धन्यवाद किया।

**साढ़े 12 लाख नए राशन कार्ड बनाए :** मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि हमारे पास शिकायतें आती थी कि पात्र लोगों के राशन कार्ड नहीं बने हैं और अपात्र लोग कई प्रकार के लाभ लेते हैं। इसके लिए वर्तमान राज्य सरकार ने एक नया प्रयोग शुरू किया और प्रदेश के लगभग 72 लाख परिवारों का परिवार पहचान पत्र बनाया। कई टीमें लगाकर परिवारों का सर्वे कराया। पहले बीपीएल की आय पात्रता सीमा 1 लाख 20 हजार रुपये वार्षिक होती थी, जिसे हमने बढ़ाकर 1 लाख 80 हजार रुपये किया। परिवार पहचान पत्र के माध्यम से ऑटोमेटिक राशन कार्ड बनाने की प्रक्रिया शुरू की और जनवरी माह में लगभग साढ़े 12 लाख नए राशन कार्ड बने हैं। सरकार ने खाकी राशन कार्ड यानी ओपीएच श्रेणी को समाप्त कर इसे भी बीपीएल कार्ड की श्रेणी में जोड़ लिया।

# दबंग तीन भाइयों ने महिला और तीन बच्चों को घर में घुसकर पीटा

**सोहना।** नगर परिषद के वार्ड-एक के गांव लाखूवास में दबंग तीन भाइयों ने अपने ही पड़ोसी के घर में घुसकर महिला समेत बेटी और उसके दो बेटों को लात, घुसे व डंडों से मारा पीटा। पुलिस ने महिला की शिकायत पर नामजद तीन भाइयों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

लाखूवास निवासी राजबती ने पुलिस को बताया कि शनिवार को उनके पड़ोस में रह रहे सतीश व विरेन्द्र अपने गेहूं मशीन से निकाल रहे थे। इस दौरान फसल का गर्दा उड़कर उनके घर में आ रहा था। वजह ये थी कि उन्होंने मशीन का मुंह उनके घर की तरफ किया हुआ था। उसका बेटा निखिल सतीश और विरेन्द्र से घर में आ रहा गर्दा की शिकायत करने उनके पास गया। लेकिन दोनों भाइयों ने उसके बेटा को गालियां व मारने पीटने की धमकी देकर वहां से भगा दिया। कुछ समय के बाद सतीश और विरेन्द्र सायं छह बजे उनके घर हाथों में डंडे लेकर आए। उसे तथा बेटी अंजली व बेटा निखिल को मारना शुरू कर दिया। कुछ समय के बाद उसका दूसरा बेटा नितिन भी वहां आ गया। आरोपियों ने उसे भी डंडों से पीटा। सतीश का दूसरा भाई अमित भी शोर सुनकर उनके घर आ गया।

# पर्यावरण सुधारने को नवीन गोयल के साथ हजारों ने भरी हुंकार

**नवीन गोयल बोले, हर व्यक्ति 5-5 पेड़ लगाकर बदल दें गुरुग्राम की सूरत**

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम में रेलवे रोड स्थित नेकी राम फार्म में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन जागरुकता सभा को संबोधित करते मुख्य अतिथि पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल।

**पर्यावरण** सुधारने को अधिक से अधिक पेड़ लगाएं, जल का सीमित मात्र में उपयोग करें, पॉलिथीन का इस्तेमाल बंद करें, ई-वाहनों का अधिक प्रयोग करें। पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल के इस आह्वान पर हजारों हाथ एक साथ उठे और अपने जीवन में इन कार्यों को अपनाने के लिए लोगों ने नवीन गोयल का समर्थन किया। साथ ही उन्हें राजनीति के क्षेत्र में भी अपना पूर्ण समर्थन देने का वायदा किया। कार्यक्रम में मातृ शक्ति की अच्छी-खासी संख्या रही।

अवसर था रेलवे रोड स्थित नेकी राम फार्म में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन जागरुकता सभा का। यह सभा श्री श्याम सलोना परिवार के प्रधान एवं बेरी बाग लक्ष्मण विहार आरडब्ल्यूए के प्रधान प्रद्युम्न जांघू की ओर से आयोजित की गई। अपने संबोधन में नवीन गोयल ने कहा कि पर्यावरण बहुत ही महत्वपूर्ण विषय है। इस पर जितना काम किया जाए, उतना कम है। उन्होंने समारोह में मौजूद हजारों लोगों के हाथ उठवाकर यही प्रण कराया कि अपने जीवन में कम से कम 5 पेड़ लगाकर उनका पालन करेंगे। उनको बचाएंगे और बड़ा करेंगे। जब हर व्यक्ति इस प्रण को पूरा करेगा तो हमें कभी सिलेंडरों में ऑक्सीजन की जरूरत नहीं पड़ेगी। क्योंकि पर्यावरण हमारा स्वच्छ होगा और बीमारियों हमसे दूर रहेंगी। नवीन गोयल ने कहा कि गुरुग्राम के हर घर में उनकी टीम के मेंबर जाएंगे और लोगों से सिंगज यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल ना करने के प्रति जागरुक करेंगे। हम छोटी-छोटी चीजों को आज मानकर चलेंगे तो अपना कल सुरक्षित कर लेंगे। नवीन गोयल ने कहा कि पर्यावरण के लिए चिंतित होने से अधिक हमें काम करने की जरूरत है। चिंता करने वाले बहुत मिल जाएंगे, लेकिन काम करने वाले हम सब हैं।

हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि पेड़ हमारी हर जरूरत को पूरा करते हैं। जन्म से लेकर मरण तक पेड़ों का हमारे जीवन में महत्व है। नवीन गोयल के समक्ष यहां क्षेत्र के लोगों ने मांग रखी कि लक्ष्मण विहार में सामुदायिक केंद्र बनाया जाए और सड़कों का सुधार किया जाए। इसके लिए उन्होंने प्रद्युम्न जांघू को एक कमेटी बनाने को कहा, ताकि मुख्यमंत्री मनोहर लाल, केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ आदि से मुलाकात करके इन मांगों को पूरा कराया जा सके।

# कोरोना : मरीजों की बढ़ती संख्या देख, भीड़ में मास्क अनिवार्य

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

### रविवार को कोरोना के 41 पॉजिटिव मिलने से एक्टिव केस हुए 262

**जिले** में कोरोना के मामले लगातार बढ़ते जा रहे है। वहीं बाजारों के साथ साथ स्कूलों में दाखिले के लिए बच्चों की भीड़ भी जुट रही है। जिसे देखते हुए गत दिवस देर शाम 100 से अधिक एकत्रित होने वाले लोगों में सरकार ने मास्क अनिवार्य कर दिया है, लेकिन जिले में अभी भी मास्क का उपयोग नहीं किया जा रहा है। वहीं बच्चों के बचाव की सलाह के लिए निजी अस्पतालों में लगातार अभिभावक आ रहे हैं।

निजी चिकित्सकों के पास आ रहे बच्चों और उनके अभिभावकों को चिकित्सक मास्क और सैनेटाइजर का इस्तेमाल करने के निर्देश दे रहे हैं। वहीं जब इन आदेशों को स्कूलों में जारी किया गया है या नहीं, इस विषय में जानने के लिए नोडल अधिकारी डॉ. रामभगत को रविवार को फोन पर पुष्टि करते हुए बताया कि 100 लोगों के एकत्रित होने पर मास्क लगाना अनिवार्य है। वहीं जिले में मौजूद कोविड-19 अस्पतालों में आज मॉकड्रिल होगा।




**यह है आंकड़ा:** जिले में पिछले आठ दिनों से लगातार मरीजों की संख्या का आंकड़ा बढ़ रहा है। रविवार को कोरोना के 41 नए संक्रमित सामने आने से एक्टिव केसो की संख्या का आंकड़ा जिले में 262 पर पहुंच गया है। जिले में राहत की बात यह रही कि 18 कोरोना पॉजिटिव मरीजों को विभाग ने स्वास्थ्य घोषित किया है। जिसमें जिले में सात मरीज अस्पताल में भर्ती दर्शाये हैं और 255 को होम आईसोलेशन में दर्शाया गया है। जिले में पिछले 24 घंटे में 312 सैम्पल जांच किए गए है। फिलहाल जिले में निजी प्रयोगशाअलों के 57 और सरकारी प्रयोगशालाओं में लिए गए 139 मरीजों के सैम्पलों की रिपोर्ट आनी शेष है।

**आए हैं आदेश:** हरियाणा सरकार के हेल्थ डिपार्टमेंट के एडिशनल चीफ सेक्रेटरी की तरफ से सभी जिला उपायुक्तों और सभी सीएमओ को आदेश जारी किए गए है कि भीड़ वाले स्थानों पर मास्क पहनना अनिवार्य किया जा रहा है। वहीं सैनेटाइजर के इस्तेमाल के साथ ही लोगों को सोशल डिस्टेंसिंग का भी ध्यान रखना होगा। 100 या उससे अधिक लोग एकत्रित होने पर मास्क पहनें।

**आज मॉकड्रिल:** जिले में कोविड-19 के 78 अस्पतालों में आज ऑनलाइन मॉकड्रिल होने की संभावनाएं है, क्योंकि इसे लेकर विभाग की तरफ से सभी अस्पतालों को सूचना दे दी गई थी। वहीं दूसरी तरफ बताया गया है कि यह मॉकड्रिल पूरी तरह से ऑनलाइन होगा, जिसमें मरीजों के आने से लेकर डाटा की एंट्री तक समय पर देनी होगी।

# मैट्रीमोनियल साइट के जरिए ठगने वाले दो नाइजीरियन समेत तीन गिरफ्तार

### खुद को लंदन का नागरिक बता शहर की महिला से ठगे थे 10.52 लाख रुपये

### आरोपी करीब 70-80 महिलाओं को अपना बना चुके हैं शिकार

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद


पुलिस गिरफ्त में बैठे आरोपी।


डीसीपी सेंट्रल पूजा वशिष्ठ।

**मैट्रीमोनियल** साइट पर झूठा प्रोफाइल बनाकर लोगों को शादी का झांसा देकर और अलग-अलग बहानों से लोगों से पैंसे ऐंठने वाले एक गिरोह के तीन सदस्यों को साइबर अपराध थाना सेंट्रल ने गिरफ्तार किया। आरोपियों में दो नाइजीरियन भी शामिल हैं। आरोपियों ने शहर में रहने वाली एक महिला से ऐसे ही 10 लाख 52 हजार रुपये ठगे थे।

डीसीपी सेंट्रल पूजा वशिष्ठ ने प्रेसवार्ता में बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में चिनाएवेजे एंथोनी ओबियोरा, ओबिन्ना यूजीन ओरलुमा नाइजीरियन है व एक भारतीय आरोपी राहुल नारंग शामिल है। सभी आरोपी फिलहाल दिल्ली में रह रहे थे। आरोपियो ने मैट्रीमोनियल साईट पर शादी का झांसा देकर फरीदाबाद की निवासी एक महिला से 10 लाख 52 हजार रुपये हड़प लिये। पीड़ित महिला की मुलाकात आरोपी आभट वर्मा से भारत मैट्रीमोनियल साइट पर हुई थी। जहां पर आरोपी ने खुद को लंदन का नागरिक बता कर दोस्ती की और फिर प्यार के जाल में फंसा लिया। आरोपी ने महिला को फोन करके बताया कि 10 जनवरी 2023 को मुम्बई में आपसे मिलने आ रहा हूं। अगले दिन महिला के पास अलग-अलग नम्बरों से कस्टम, इनकम टैक्स, मनी लोन्डरिंग और मनी ट्रान्सफर अधिकारी बनकर फोन आने लगे। आरोपी ने महिला को बताया कि उसे कस्टम अधिकारियों ने मुम्बई एयरपोर्ट पर पकड़ लिया है, क्योंकि मेरे पास कुछ ज्वेलरी व लंदन की करंसी है। आप जब तक मुझे पांच लाख रुपये नहीं भेजोगी तब तक मुझे क्लीयरेंस नहीं मिलेगा। आरोपियों ने पीड़िता से टुकड़ों में 10 लाख 52 हजार रुपये ठग लिये। धोखाधड़ी का पता चलते ही पीड़िता ने शिकायत थाना साइबर अपराध में दी। जिस पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई।

पुलिस आयुक्त विकास अरोडा के आदेश और डीसीपी सेंट्रल पूजा वशिष्ठ के मार्गदर्शन में प्रबंधक थाना साइबर अपराध सतीश कुमार के नेतृत्व में टीम का गठन किया। तकनीक का प्रयोग करके कड़ी मेहनत से आरोपियों को साइबर फ्रॉड के मामले में दिल्ली के तिलक विहार एरिया से गिरफ्तार किया है। आरोपियों से एटीएम कार्ड, लेपटॉप, 22 मोबाईल फोन, 58 सिम, जिनमें 31 विदेशी और 27 भारतीय सिम व 20500 रुपये नगद बरामद किए गए। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि आरोपियों के फर्जी बैंक खाते से पता चला कि वे अब तक 70-80 भारतीय महिलाओं के अलावा डेटिंग एप पर अपनी रूचि दिखाने वाली विदेशी महिलाओं के साथ भी धोखा कर चुके हैं । चार फर्जी अकाउंटों की स्टेटमेंटों से दो माह में करीब दो करोड़ रुपये का फ्रॉड होना पाया गया है। चार फर्जी अकाउंटों के माध्यम से बिटकोइन में बदलकर नाईजिरिया भेज दिये हैं । आरोपियों को पूछताछ के लिए चार दिन का पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पूछताछ के बाद आरोपियों को अदालत में पेश कर जेल भेजा जाएगा।

# मोहन भागवत के शिक्षा और स्वास्थ्य पर बयान की मंच ने की सराहना

प्रवीन शर्मा। फरीदाबाद

**राष्ट्रीय** स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने कहा है कि शिक्षा-चिकित्सा सेवा की बजाय व्यावसायीकरण से महंगी हो गई है। उन्होंने सेवा और धर्म को परिभाषित करते हुए कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य दोनों ही हर व्यक्ति की मूलभूत जरूरतें हैं, दोनों ही महंगी और दुर्लभ हो रही हैं। इसका एक कारण तो जनसंख्या के आधार पर उपलब्धता की कमी, दूसरा कर्तव्य और सेवा के स्थान पर व्यावसायिक होना है। इसके लिए समाज को आगे आना होगा। भागवत ने यह बात आत्ममनोहर जैन चैरिटेबल ट्रस्ट करनाल की ओर से धर्मार्थ बनाए गए श्री आत्ममनोहर जैन बहुविशेषीय अस्पताल का लोकार्पण के समय कही।

संघ के स्वयंसेवक व हरियाणा अभिभावक एकता मंच के प्रदेश महासचिव कैलाश शर्मा ने भागवत के बयान की प्रशंसा करते हुए संघ के प्रचारक रहे मुख्यमंत्री मनोहर लाल व भारतीय जनता पार्टी के सभी जनप्रतिनिधि व नेताओं से अपील की है वे भागवत की भावनाओं की कदर करते हुए शिक्षा के व्यवसायीकरण पर पूरी तरह से रोक लगवाने के लिए अपने पद का सदुपयोग करें और प्राइवेट कॉलेज व स्कूलों द्वारा सभी नियम कानूनों का उल्लंघन करके की जा रही महंगी शिक्षा से गरीब व मिडिल क्लास अभिभावकों को राहत दिलाएं। कैलाश शर्मा ने कहा है कि इससे पहले भी भागवत ने विजयदशमी के अवसर पर नागपुर में दिए गए अपने भाषण में शिक्षा के व्यवसायीकरण पर चिंता जाहिर की थी और सरकार से मांग की थी कि वह इसको रोकने के लिए कार्य करें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी उत्तर प्रदेश विधानसभा के चुनाव प्रचार के दौरान आगरा में कहा था कि उनकी जानकारी में आया है कि निजी स्कूल प्रबंधक अपने स्कूल में गरीब अभिभावकों के बच्चों को दाखिला नहीं देते हैं और शिक्षा का व्यवसायीकरण कर रहे हैं। उनकी सरकार इसको रोकने के लिए उपाय कर रही है। मंच का कहना है कि भागवत व नरेंद्र मोदी के बयान के बाद अभिभावकों को यह लगा था कि भाजपा के राज में निजी स्कूलों की लूट व मनमानी पर रोक लगेगी लेकिन ऐसा दिखाई नहीं दिया है। शिक्षा का व्यवसायीकरण और बढ़ गया है। मंच के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट ओपी शर्मा व प्रदेश संरक्षक सुभाष लांबा ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल से मांग की है कि भागवत द्वारा शिक्षा के व्यवसायीकरण पर जाहिर की गई चिंता को मद्देनजर रखते हुए पदोषी स्कूलों के खिलाफ उचित कार्रवाई करें।

# सामाजिक संस्थाओं ने लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**गांव** हीरापुर बल्लभगढ़ में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। जिला रेड क्रॉस सोसाइटी फरीदाबाद, राजस्थान एसोसिएशन, मारवाड़ी युवा मंच, जय सेवा फाउंडेशन ने अमृता हॉस्पिटल के सहयोग से इस शिविर का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिला रेड क्रॉस सोसाइटी के जिला प्रशिक्षण अधिकारी पुरुषोत्तम सैनी एवं वॉइस चेयरमैन ज़िला परिषद फरीदाबाद धर्म कुमार उपस्थित रहे। पुरुषोत्तम सैनी ने बताया कि शहरों में सुविधाएं ज्यादा होने के कारण लोगों को स्वास्थ्य का लाभ जल्दी से प्राप्त हो जाता है, हमारा उद्देश्य यह है कि सभी संस्थाओं के सहयोग से जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य जांच शिविर


कैम्प का लाभ लेते लाभार्थी।

का आयोजन किया जाए। जिसमें समय रहते लोगों की बीमारी पता चलने पर उन्हें तुरंत प्रभाव से उसका उपचार संभव हो सके। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए गांव हीरापुर की सरपंच एवं सभी सामाजिक संगठनों का उन्होंने आभार प्रकार किया और बताया कि शिविर मे 125 ग्रामीण लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। हीरापुर की सरपंच प्रभादेवी ने सभी सामाजिक संगठनों का विशेष रूप से धन्यवाद ज्ञापित किया।

# मास्क और सैनिटाइजर बच्चों को कोरोना से रखेगा दूर

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**दिल्ली-एनसीआर** में कोरोना के बढ़ते मामलों के बीच स्कूल का खुलना जारी है। अभिभावकों को इस बात की चिंता सता रही है कि स्कूल जाते वक्त बच्चे संक्रमण की चपेट में न आ जाए। इसलिए वह बच्चों को स्कूल भेजने से डर रहे हैं। उनके मन में सवाल है कि बच्चे कैसे स्कूल में अपनी केयर करेंगे और कहीं किसी के संपर्क में आने से उनमें संक्रमण का खतरा न बढ़ जाए। हालांकि डाक्टरों का कहना है कि इससे घबराने की जरूरत है।

मेट्रो अस्पताल की बाल रोग विशेषज्ञ डॉ मेघना फड़के ने कहा कि कोरोना संक्रमण की रफ्तार फिर से बढ़ गया है। इसलिए अभिभावक अपने बच्चों को स्कूल भेजने से पहले कुछ सावधानियां जरूर बरतें। बच्चों को स्कूल भेजने से पहले अच्छी क्वालिटी का मास्क उन्हें पहनाएं। बच्चों के बैग में कॉपी किताब के साथ ही एक अच्छा सैनिटाइजर, हैंड वॉश और कुछ टिशू पेपर जरूर दें। बच्चों को बताएं कि वह टिफिन खाने के बाद अपने हाथ और मुंह को अच्छे से धोएं और रुमाल की जगह टिशू पेपर इस्तेमाल कर उसे फेंक दें। बच्चा जिस भी गाड़ी से स्कूल जाता हो, ध्यान दें उसमें सभी एक दूसरे से दूरी पर बैठे हों और वाहन अच्छी तरह सैनिटाइज किया गया हो। बच्चों को यह भी सिखाएं कि किसी भी दरवाजे या खिड़की को खोलने के लिए सीधे अपने हाथ का इस्तेमाल न करते हुए उसे कोहनी से खोलें या दरवाजे के


डॉ मेघना फड़के।

हैंडल को टिशू पेपर से खोलें। बच्चे को सही तरीके से मास्क पहनने की ट्रेनिंग देनी चाहिए, ताकि भविष्य में किसी भी किस्म के गंभीर मामलों के पैदा होने पर, वह पहले से ही सही ढंग से तैयार रहे। इसका कोई विकल्प नहीं है। सुनिश्चित करें कि मास्क साफ-सुथरे हों और उन्हें बार-बार बदला जाए। बच्चे के शरीर में सही मात्रा में पानी होना चाहिए।

# मंदिर से बकरी भगाने पर पुजारी से की मारपीट

**फरीदाबाद।** सेक्टर-56 स्थित आशियाना फ्लैट के पास स्थित एक मंदिर में रहने वाले एक पुजारी के साथ रविवार को कुछ लोगों ने जमकर मारपीट कर दी। पीड़ित पुजारी का कसूर सिर्फ इतना था कि उन्होंने मंदिर में घुस आई एक बकरी को वहां से भगा दिया था। इसी बात को लेकर बकरी के मालिक ने अपने परिजनों के साथ मिलकर पुजारी की पिटाई कर दी।

पीड़ित पुजारी ने सेक्टर 55 पुलिस चौकी में शिकायत दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। समाचार लिखे जाने तक मामला दर्ज नहीं हुआ है। सेक्टर 56 स्थित आशियाना फ्लैट के पास स्थित एक मंदिर में सीशर दास नामक व्यक्ति रहता है। वह मंदिर में पुजारी का काम करता है। रविवार को मंदिर परिसर में एक बकरी घुस कर पौधों को खाने लगी।

# किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता के समापन पर पुरस्कार वितरण

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद




**नीलम-बाटा** रोड स्थित वैश्य भवन में फरीदाबाद जिला किक बॉक्सिंग संघ के तत्वावधान में दो दिवसीय 22वीं जिला स्तरीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। फरीदाबाद जिला किकबॉक्सिंग संघ के संस्थापक महासचिव संतोष कुमार अग्रवाल ने बताया की इस प्रतियोगिता में फरीदाबाद जिले के विभिन्न स्कूल एवं कॉलेज के लगभग 300 खिलाड़ियों ने भाग लिया, इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले खिलाडी को आगामी राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने का मौका मिलेगा।

समापन समारोह के अवसर पर नरेंद्र गुप्ता विधायक फरीदाबाद एवं संदीप जोशी पूर्व प्रदेश महामंत्री भारतीय जनता पार्टी मुख्य अतिथि थे। समारोह की अध्यक्षता डा युवराज चेयरमैन आर्थोपेडिक विभाग एकॉर्ड हॉस्पिटल ने की। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि अंतर्राष्ट्रीय कवि दिनेश रघुवंशी, क्रीड़ा भारती फरीदाबाद के जिलाध्यक्ष आनंद मेहता, शतायु मल्टीस्पेशलिटी क्लीनिक के चैयरमेन डॉ ललित अग्रवाल एवं जवाहर लाल नेहरू कॉलेज के प्राचार्य डॉ एमके गुप्ता उपस्थित रहे। सभी उपस्थित अतिथियों ने संस्था द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। मुख्य अतिथि नरेंद्र गुप्ता ने किकबॉक्सिग खेल को आत्मरक्षा का उत्तम साधन बताया और कहा की इस खेल के माध्यम से बच्चे एवम युवा अपने आपको शारीरिक एवं मानसिक दृष्टि से फिट रख सकते हैं। मुख्य अतिथि संदीप जोशी ने कहा की किकबॉक्सिंग खेल के माध्यम से खिलाड़ी के सम्पूर्ण शरीर का सर्वांगीण विकास होता है। एकॉर्ड हॉस्पिटल के डा युवराज ने कहा की वे किकबॉक्सिंग खेल को पूरी तरह सपोर्ट करते हैं और उनका हॉस्पिटल इस खेल से जुड़े सभी खिलाड़ियों के इलाज में विशेष छूट दी जाएगी। इस अवसर पर संस्था द्वारा विभिन्न स्कूल एवम कॉलेज में चलाए जा रहे आत्मरक्षा विषय के शेरनी प्रोजेक्ट के पोस्टर एवम थीम का भी अनावरण अतिथियों द्वारा किया गया। इस अवसर पर अन्य अतिथियों में मुख्य रूप से आनंद गुप्ता एवं ओपी बंसल उपस्थित थे।

# नशे के सौदागरों पर पुलिस कस रही शिकंजा

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम मुकेश मल्होत्रा के द्वारा आपराधिक मामलों में संलिप्त आरोपियों की धरपकड़ के दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर 56 प्रभारी सुंदर सिंह की टीम ने गांजा सहित आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम देव है। आरोपी बल्लभगढ़ की भीम सेन कॉलोनी का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच टीम ने आरोपी को अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना से थाना सदर बल्लभगढ़ के एरिया दयालपुर गांव के पास से काबू किया है। आरोपी की तलाशी लेने पर आरोपी से 1.470 किलोग्राम गांजे बरामद हुआ है। आरोपी के खिलाफ थाना शहर बल्लभगढ़ में अवैध नशा तस्करी की धाराओं में मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी गांजा को उत्तर प्रदेश के कोसी से रुपये 10000 में खरीद कर लाया था। आरोपी पहले कपड़े की दुकान पर काम करता था। आरोपी ने अधिक पैसे कमाने के लालच में आकर गांजा बेचने का काम शुरू किया था।

# विधायक नरेंद्र गुप्ता ने सड़क निर्माण का उद्घाटन किया


उद्घाटन करते हुए लोग।

**फरीदाबाद।** विधानसभा क्षेत्र की सभी सडकें बेहतर हों तथा गड्ढामुक्त हों, इसके लिए लगातार कार्य जारी है। उक्त वाक्य विधायक नरेंद्र गुप्ता ने सैक्टर-18 भीम बस्ती में सड़क निर्माण कार्य के शुभारंभ के दौरान व्यक्त किए। इस मौके पर विधायक नरेन्द्र गुप्ता ने बताया कि इसकी आधी सड़क सीवरेज लाइन डालने के कारण टूट गई थी जिसका आज शुभारंभ किया गया है। उन्होंने बताया कि 51 लाख रुपये की लागत से सड़क तैयार होगी तथा सड़क निर्माण कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों व संबंधित ठेकेदार को निर्देश जारी कर दिए गए हैं। विधायक नरेंद्र गुप्ता ने बताया कि कल से डीसी रेजीडेंस के सामने वाली सडक् का निर्माण कार्य शुरु किया जाएगा। इसी प्रकार जो भी सड़क लंबित हैं, क्रम अनुसार व प्राथमिकता के आधार पर उनका निर्माण करवाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ओल्ड फरीदाबाद में मल्टी लेवल पार्किंग का कार्य तेज गति से किया जा रहा है। वहीं मानसून सीजन में जलभराव को लेकर विधायक नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि इसे लेकर अधिकारियों से ब्लैक स्पॉट चिन्हित करने के निर्देश दिए गए हैं तथा स्पॉट्स पर पहले से ही जल निकासी के उचित इंतजाम किए जाएंगे। इस मौके पर स्थानीय लोगों ने विधायक नरेंद्र गुप्ता के समक्ष अपनी अन्य समस्याएं भी रखीं। इस मौके पर विधायक नरेंद्र गुप्ता ने बाबा साहब अंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण करते हुए रविदास मंदिर में भी उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। इस मौके पर सुभाष आहुजा, विनोद भाटी, ओल्ड मंडलाध्यक्ष सचिन शर्मा, पुनीत गौतम, श्रीचंद गौतम, टोनी पहलवान, सुरेंद्र बबली, मनोज मंगला, देवेंद्र शर्मा, बलवान शर्मा, हेमा ठाकुर, विवेक खटान सहित अन्य गणमान्यजन मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### एशेलान में अनुसंधान पद्धति पर कार्यक्रम आयोजित



**फरीदाबाद।** एशेलान इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, फरीदाबाद ने अनुसंधान पद्धति पर अपने संकाय विकास कार्यक्रम के दूसरे चरण को सफलतापूर्वक पूरा किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य संकाय सदस्यों के अनुसंधान कौशल को बढ़ाना और एक ज्ञान और विचारों के आदान-प्रदान का मंच प्रदान करना था। एक सप्ताह के कार्यक्रम के दूसरे चरण में देश के विभिन्न हिस्सों के प्रमुख विश्वविद्यालयों के प्रतिष्ठित वक्ताओं ने भाग लिया। दूसरे चरण के पहले दिन डॉ. सूरजभान शर्मा ने संकाय सदस्यों को अनुसंधान पद्धति में डेटा की वैधता और विश्वसनीयता की भूमिका पर प्रबुद्ध किया। जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, फरीदाबाद के डॉ. आशुतोष निगम ने शोध पद्धति से संबंधित विभिन्न विषयों जैसे साहित्य समीक्षा और संबंधित विधियों पर विस्तृत चर्चा की। चितकारा यूनिवर्सिटी, चंडीगढ़ के डॉ. मनीष शर्मा ने कार्यक्रम के दूसरे चरण के दूसरे दिन अनुसंधान, अनुसंधान उपकरण और शोध पत्रों की संरचना के महत्व पर व्याख्यान दिया। कार्यक्रम के अंतिम दिन डॉ. एन.पी. सिंह (प्रो-वाइस चांसलर एमवीएन, यूनिवर्सिटी, पलवल) ने संकाय सदस्यों को Multivariate data analysis पर प्रशिक्षित किया। समापन समारोह में विभिन्न विभागाध्यक्षों द्वारा सभी संकाय सदस्यों को भागीदारी प्रमाण पत्र का वितरण शामिल था।

### प्लेस ऑफ सेफ्टी के कुक ने लगाई फांसी


प्लेस ऑफ सेफ्टी हाउस की तस्वीर।

**फरीदाबाद।** एनएच पांच के फ्रुट गार्डन में स्थित बाल सुधार गृह एवं प्लेस ऑफ सेफ्टी में रसोईये पद पर कार्यरत एक युवक ने इमारत की तीसरी मंजिल में स्थित बाथरूम में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह पता चलते ही मामले की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके का मुआयना करने के बाद शव पोस्टमॉर्टम के लिए बीके अस्पताल भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक मूलरूप से राजस्थान के झुनझुनू के रहने वाले रामसिंह का 25 वर्षीय बेटा कर्मजीत कौशल विकास के माध्यम से वर्ष 2021 से फ्रुट गार्डन स्थित प्लेस ऑफ सेफ्टी हाउस में रसोईये का काम कर रहा था। वह यहां रहने वाले बच्चों और स्टाफ के लिए भोजना बनाने का काम करता था। अन्य दिनों की तरह बीती रात भी काम खत्म होने के बाद कर्मजीत अपने कमरे में जाकर सो गया था। सुबह वहां कार्यरत अन्य कर्मचारी तीसरी मंजिल पर बने बाथरूम में गए तो कर्मजीत का शव फांसी के फंदे से झूल रहा था। सूचना मिलने पर थाना एनआइटी पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच शुरू कर दी। मौके पर पलवल से एफएसएल टीम को जांच के लिए बुलाया गया। शव पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस छानबीन कर रही है।

### शतरंज प्रशिक्षण शिविर हुआ सम्पन्न



**फरीदाबाद।** स्टार किड्स शतरंज अकादमी द्वारा शतरंज प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। तीन दिवसीय चला यह शिविर सात से 9 अप्रैल तक सूरजकुंड रोड स्थित इबिजा टाउन सोसायटी के क्लब हाउस में आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण शिविर को इंटरनेशनल मास्टर हेमंत शर्मा और दिल्ली एनसीआर के नामी प्रशिक्षक गोविंद बल्लभ जोशी द्वारा लिया गया। शिविर के आयोजक प्रखर राज ने जानकारी देते हुए बताया कि इस शिविर में कुल 34 शतरंज खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर फरीदाबाद शतरंज संघ की सचिव अलका छिकारा ने शिविर का उद्घाटन किया और सचिव अलका छिकारा ने घोषणा की, कि इस तरह से प्रशिक्षण शिविर का हर छह महीनों में लगाने का प्रयास रहेगा। शिविर में बच्चों ने बहुत आनंद लिया और बहुत सारी नई चालें सीखीं।

### दुर्गा मंदिर में वार्षिक उत्सव का आयोजन



**फरीदाबाद।** ग्रेटर फरीदाबाद क्षेत्र में साईं काम्प्लेक्स कॉलोनी में आज सिद्धपीठ शीतला माता दुर्गा देवी मंदिर के प्रथम वार्षिक उत्सव में आज पूर्व उद्योग मंत्री विपुल गोयल ने बतौर मुख्यतिथि शिरकत की। इस मौके पर आयोजनकर्ताओ ने ढोल नगाडो व फूल मालाओं के साथ-साथ शाल ओढ़ाकर पूर्व उद्योग मंत्री का स्वागत किया। इस मौके पर पहुंचे पूर्व उद्योग मंत्री विपुल गोयल ने मंदिर में माथा टेक प्रभु का आशीर्वाद लिया ओर अपने क्षेत्र की जनता की खुशहाली ओर उन्नति की कामना की। मौजूद लोगों ने पूर्व मंत्री का कार्यक्रम में आने पर आभार जताया ओर मंदिर की चोटी बनवाने की मांग रखी। जिस पर पूर्व मंत्री ने लोगों की मांग स्वीकार करते हुए मंदिर का छतर चोटी सहित बनवाने की हामी भर सभी को मंदिर के प्रथम वार्षिक उत्सव की बधाई दी ओर मंदिर के पुजारियों को सम्मानित भी किया। इस मौके पर सिद्धपीठ शीतला माता दुर्गा देवी मंदिर कमेटी के सभी पदाधिकारी, पंडित एल.के. मिश्रा, प्रवीन भाटी, वेद प्रकाश, टीका राम, नवीन भाटी, मीना गुप्ता, राम स्नेह कौशिक सहित सैकड़ो लोग कॉलोनी के मौजूद रहे।

### विधायक राजेश नागर ने इन्द्रेश कुमार का किया स्वागत




**फरीदाबाद।** तिगांव के विधायक राजेश नागर ने अपने भतौला निवास पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य इन्द्रेश कुमार का जोरदार स्वागत किया और राष्ट्र निर्माण एवं सेवा के पथ पर चलने के लिए मार्गदर्शन प्राप्त किया। फरीदाबाद पहुंचे इन्द्रेश कुमार यहां विधायक राजेश नागर के विशेष आग्रह पर उनके निवास पर पहुंचे। यहां विधायक एवं उनके पिता रूप सिंह नागर ने आरएसएस नेता इन्द्रेश कुमार का शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। इस अवसर पर इन्द्रेश कुमार ने देश को प्रथम मानते हुए समाज की सेवा किए जाने को ही मां भारती की सेवा बताया। उन्होंने कहा कि जनता ने आपको अपना जनप्रतिनिधि चुना है, आपको जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए हर संभव प्रयास करने चाहिए। इस पर विधायक राजेश नागर ने उन्हें अपनी कार्यविधियों के बारे में जानकारी दी कि किस प्रकार उन्होंने अपने क्षेत्र की जनता की आवाज को विधानसभा से लेकर मुख्यमंत्री मनोहर लाल तक पहुंचाया और उसका सकारात्मक असर हो रहा है। विधायक राजेश नागर ने कहा कि जनता ने मुझे अपना प्रतिनिधि चुना है, लेकिन दुनिया के सबसे बड़ा राजनैतिक दल ने मुझे अपना प्रत्याशी बनाया था, उसी दिन जनता की जिम्मेदारी मुझे दे दी थी। मैं इस जिम्मेदारी को पूरी तरह से निभाने का प्रयास कर रहा हूं। इस अवसर पर विधायक के पिता रूप सिंह नागर ने भी अपने आरएसएस के अनुभवों को वरिष्ठ नेता के साथ साझा किया और उनसे भविष्य में भी श्रेष्ठ मार्गदर्शन प्राप्त होते रहने की प्रार्थना की। गौरतलब है कि इन्द्रेश कुमार राष्ट्रीय मुस्लिम मंच और राष्ट्रीय ईसाई मंच के भी संरक्षक हैं जिनके माध्यम से वह देश में धार्मिक भाईचारे एवं सौहार्द के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। हाल ही में उन्होंने पूर्वोत्तर में मोदी सरकार द्वारा किए जाने वाले कार्यों की प्रशंसा की थी।

# रिजर्व बैंक का निर्णय

## संतुलनकारी प्रयास

**भारतीय रिजर्व बैंक**–आरबीआई ने रेपो दर न बढ़ाने का निर्णय इस समझदारी पर किया है कि मुद्रास्फीति संबंधी सरोकारों को संबोधित करने में सफलता मिलेगी। यह एक संतुलनकारी निर्णय है। रेपो दर को 6.5 पर स्थिर रख कर भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति–एमपीसी ने शेयर बाजारों तथा भारतीय उद्योगपतियों को आश्चर्यचकित किया है। इस तथ्य को देखते हुए कि भले ही इस वर्ष फरवरी में खुदरा मुद्रास्फीति की दर 6.44 प्रतिशत थी जो जनवरी की 6.52 प्रतिशत से कम थी, लेकिन इसके बावजूद ज्यादातर लोगों को रेपो दर में 25 बीपीएस वृद्धि की आशंका थी। आरबीआई का मुद्रास्फीति को 4–6 प्रतिशत के बीच रखने का लक्ष्य रहा है। इस निर्णय के बावजूद केन्द्रीय बैंक ने मूल्यवृद्धि के प्रति अति–संवेदनशीलता से बचने का प्रयास किया है। एमपीसी के सभी 6 सदस्यों ने एकमत से नीतिगत दर को 6.5 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखने का निर्णय किया। लेकिन यह एक प्रकार से 'रूढ़िगत' ठहराव है। आरबीआई प्रेस वक्तव्य के अनुसार, आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा, 'सीपीआई के आधार पर मुद्रास्फीति लगतार हमारी सहनशक्ति सीमा से अधिक बनी हुई है, लेकिन एमपीसी ने दृढ़ता से मुद्रास्फीति को लक्ष्य से जोड़े रखने पर ध्यान दिया है। यह कीमतों पर दबावों को रोकने तथा मुद्रास्फीति को सीमाओं में रखने के लिए जरूरी है।' मई, 2022 से नीतिगत दर चरणों में कुल 250 बेसिस प्वाइंट बढ़ी थी। आरबीआई ने मुद्रास्फीति पर नियंत्रण तथा वृद्धि की आवश्यकता के बीच संतुलन बनाने का प्रयास किया है।



उसका तर्क है कि टिकाऊ आधार पर घरेलू आर्थिक गतिविधियों में दृढ़ता बनाए रखने के लिए कम व स्थिर कीमतें जरूरी हैं। हालांकि, केन्द्रीय बैंक ने कीमतों पर गहरी नजर रखने की बात करते हुए यह भी कहा है कि 'एमपीसी मुद्रास्फीति के रुझान तथा वृद्धि परिदृश्य पर गहरी नजर रखेगी तथा भावी बैठकों में आवश्यक कार्रवाई से हिचकेगी नहीं।' इस ठहराव पर आश्चर्य इसके बावजूद था कि आरबीआई समेत विभिन्न संगठनों ने आमतौर से अच्छी वृद्धि का अनुमान लगाया है। अनुमान है कि वर्तमान वित्त वर्ष में संशोधित वृद्धि दर बढ़ कर 6.4 से 6.5 प्रतिशत हो जाएगी। अन्य अनुमान भी इससे ज्यादा अलग नहीं हैं। सरकार के आर्थिक सर्वेक्षण 2022–23 ने वर्तमान वित्त वर्ष में सकल घरेलू उत्पाद–जीडीपी में 6.5 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान लगाया था। 2023–24 में भारत की जीडीपी वृद्धि दर का एशियाई विकास बैंक–एडीबी का अनुमान इससे अधिक 6.7 प्रतिशत है। एडीबी के अनुसार यह 'निजी उपभोग व निजी निवेश से संचालित होगा क्योंकि सरकार ने परिवहन ढांचे, लाजिस्टिक्स व बिजनेस परिस्थितिकी में सुधार की नीतियां बनाई हैं।' हालांकि, विश्व बैंक ने वर्तमान वित्त वर्ष में भारत की जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान 6.6 प्रतिशत से घटा कर 6.3 प्रतिशत कर दिया है, लेकिन उसने हाल में कहा है कि 'भारत अब भी दुनिया की सबसे तेज प्रगति करने वाली अर्थव्यवस्थाओं में से एक है।' विश्व अर्थव्यवस्था की स्थिति को देखते हुए यह वृद्धि शानदार है। अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष–आईएमएफ प्रमुख क्रिस्टलीना जार्जियेवा के अनुसार इस वर्ष विश्व आर्थिक वृद्धि दर 3 प्रतिशत से भी कम रहेगी। भारत और चीन इस वर्ष वैश्विक वृद्धि में लगभग आधे का योगदान करेंगे। अकेले भारत ही कुल वैश्विक जीडीपी विस्तार में 15 प्रतिशत का जिम्मेदार है। आरबीआई ने 2023–24 में मुद्रास्फीति के 5.2 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। उसे विश्वास है कि मुद्रास्फीति सरोकारों को व्यवस्थित ढंग से संबोधित किया जा रहा है। उम्मीद करनी चाहिए कि उसका यह अनुमान सही होगा और ऐसा न होने पर वह फिर रूढ़िवादी दृष्टिकोण अपनाने को बाध्य हो सकता है।

# वि-वैश्वीकरण नामक नई लहर

**कार्यबल की विकसित होती प्रकृति को देखते हुए सामाजिक अनुबंध का उच्चीकरण किया जा सकता है। यह रोजगार बाजार को सुरक्षा दे सकता है।**



**उत्तम चक्रवर्ती**
(लेखक, प्रबंधन क्षेत्र से संबद्ध हैं)



वैश्वीकरण प्रवाह समझने या उलटने के अनेक प्रयास हुए हैं। इसे स्थानीयकरण व पोस्ट–नियोलिबरलाइजेशन से चुनौती मिली। हाल ही में एयर इंडिया द्वारा एयरबस और बोइंग से विमान खरीदने को वि–वैश्वीकरण का उदाहरण कहा जा रहा है। इसके नए स्वामी टाटा समूह इस राष्ट्रीय प्रतीक को पुनर्जीवित कर रहे हैं। यूरोप और संयुक्त राज्य अमेरिका नई दिल्ली के साथ आर्थिक संबंध बढ़ा रहे हैं। जब सरकारें संकट में होती हैं तब बड़े पैमाने पर छंटनी तथा कुछ कंपनियों की पूर्ण बंदी जैसी चीजें सामने आती हैं। वि–वैश्वीकरण ऐसी प्रक्रिया है जिसके माध्यम से वस्तुओं व सेवाओं का उत्पाद उपभोग बिंदुओं के निकट जाता है। इससे नौकरियां बची रहती हैं तथा कीमतें व कार्बन फुटप्रिंट कम होता है। एयर इंडिया में परिवर्तन का कारण एयरबस व बोइंग खरीद के माध्यम से तकनीक हस्तांतरण तथा लाजिस्टिक्स व श्रम पर खर्च में कमी है। तकनीक हस्तांतरण से भारतीय विमानन उद्योग को भी लाभ होगा। इससे भारतीय एयरोस्पेस कंपनियों की क्षमतायें बढ़ेंगी जो निर्यात वृद्धि में सहायक होंगी। क्षेत्रीय एयरलाइन इंडिगो ने भी एयरबस से 300 विमान खरीदने का 33 बिलियन डालर का आदेश दिया है। संकेत है कि अन्य भारतीय बिजनेस भी एयर इंडिया के रास्ते पर चलते हुए वि–वैश्वीकरण के लाभ समझेंगे। इससे भारत को नई तकनीकें, रोजगार के अवसर तथा टिकाऊ आर्थिक वृद्धि का लाभ मिलेगा। वि–वैश्वीकरण के अनेक लाभ हैं। रणनीतिक प्रभावों के साथ ही इससे भारत, यूरोप व अमेरिका को मजबूती मिल सकती है। मजबूत आर्थिक संबंधों का लाभ एक दिन राजनीतिक व राजनयिक संबंधों में दिख सकता है। यूरोप में अनेक कारणों से आर्थिक वृद्धि घटी है। यह ऐसे समय हुआ है जब अर्थव्यवस्थाओं में काफी बदलाव आ रहे हैं। सही जवाबों के लिए इन सवालों पर गंभीरता से विचार करना होगा कि इसके पीछे कौन परिवर्तनकारी शक्तियां हैं, वे कैसे वृद्धि को प्रभावित कर सकती हैं और इनका नीतियों पर क्या प्रभाव पड़ेगा?

आर्थिक वृद्धि का प्राथमिक दीर्घकालीन संचालक उत्पादकता में वृद्धि है। खोजों ने संभव बनाया है कि तकनीक उत्पादकता का मुख्य संचालक हों। लेकिन डिजिटल तकनीकों की विस्फोटक वृद्धि के बावजूद उत्पादकता वृद्धि धीमी हुई है। विकसित देशों में पहले के 15 वर्षों की तुलना में हालिया 15 वर्षों में यह धीमी हुई है। हालांकि, उत्कृष्ट तकनीकी कंपनियों को उत्पादकता में लाभ हुए हैं, पर इसका समग्र उत्पादकता पर ज्यादा प्रभाव नहीं पड़ा है। बाजार के ढांचे आज कम प्रतियोगी हुए हैं तथा बड़ी कंपनियों ने अपनी शक्ति बढ़ाई है। लेकिन बिजनेस गतिशीलता घटी है। तकनीकों के बेलगाम तरीके से आने के कारण श्रम बाजार संकट में हैं। परंपरागत रूप से कम व मध्यस्तरीय कौशल वाले श्रमिकों की मांग की तुलना में उच्चस्तरीय व संवेदनशीलन विश्लेषकों, तकनीकी व प्रबंधकीय कौशल वाले लोगों की मांग बढ़ी है। सप्लाई पक्ष में सहायक कौशलों तक श्रमिकों की पहुंच घटी है जिससे अर्थव्यवस्थाओं में खोजों का व्यापक विस्तार नहीं हो पा रहा है। शिक्षा व प्रशिक्षण में सुधार से तकनीक के खिलाफ दौड़ समाप्त हुई है। बहुसंख्य बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के सामने बुढ़ाती जनसंख्या की समस्या भी है। आर्थिक वृद्धि के लिए इन प्रवृत्तियों से उत्पादकता व तकनीकी उच्चीकरण पर ज्यादा जोर दिया जा रहा है। इसके साथ ही वृद्धि कम समावेशी व बेचैन करने वाली बनी है। अमेरिका समेत अधिकांश विकसित देशों में आय असमानता बढ़ रही है। कुछ देशों में इससे चिन्ताजनक स्थिति पैदा हुई है। पूंजी तथा उच्चस्तरीय कौशलों का पक्ष लेने वाली नई तकनीकों के कारण श्रमिकों की आय में कमी आई है तथा वेतन असमानता बढ़ रही है। श्रमिकों तथा पूंजी के बीच आय वितरण में असमानता की स्थिति और खराब हुई है जिसके कारण आय श्रमिकों के बजाय पूंजी की ओर बढ़ रही है। बढ़ती असमानता तथा रोजगार की बढ़ती अनिश्चितता के कारण राजनीतिक ध्रुवीकरण व सामाजिक तनाव बढ़ा है। अनेक देशों में लोकरंजकता में वृद्धि हुई है। हम हम पर जिम्मेदारी है कि बेहतरी के लिए हम क्या करें तथा स्वयं को कैसे ढालें। मनुष्यों के बजाय मशीनों का चयन एक महत्वपूर्ण सवाल है। अनेक देशों में आय असमानता बढ़ने के बजाय यह देशों के बीच घटी है क्योंकि तेजी से उभरती अर्थव्यवस्थायें अपने व विकसित अर्थव्यवस्थाओं के बीच आय में अंतर कम कर रही हैं। इस आर्थिक कनवर्जेंस में नई तकनीकें चुनौती पैदा कर रही हैं। उभरती अर्थव्यवस्थाओं के पास श्रम–बहुल उत्पादन का तुलनात्मक लाभ है। कम–कुशल व कम–वेतन वाले श्रमिकों की बहुलता के कारण ये कनवर्जेंस में प्रमुख संचालक बनी हुई हैं। लेकिन कम–कुशल श्रमिकों के बजाय स्वचालीकरण के कारण यह लाभ समाप्त हो रहा है और यह तकनीकी परिवर्तन को बढ़ा रहा है।

आर्टीफिसियल इंटेलीजेंस, अद्यतन रोबोटिक्स व साइबर–भौतिक व्यवस्थायें डिजिटल क्रांति को बढ़ावा दे रहे हैं। इससे तकनीकी परिवर्तन और तेज होगा तथा वृद्धि को प्रभावित करेगा। इस प्रकार 'चौथी औद्योगिक क्रांति'–4आईआर निकट आने वाली है। इसके साथ ही वैश्वीकरण ज्यादा डिजिटल होता जा रहा है जिसे 'वैश्वीकरण 4.0' कहा जा रहा है जो 4आईआर के समतुल्य है। डिजिटल तकनीक में प्रगति से आर्थिक वृद्धि व उत्पादकता तेज होने की क्षमता बहुत बढ़ी है। इससे पुराने समाप्त हुए रोजगारों के स्थान पर नए व बेहतर रोजगार सामने आएंगे। आने वाले दस साल में प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं की संभावित उत्पादकता वृद्धि में नई डिजिटल तकनीकों का हिस्सा दो तिहाई हो सकता है। लेकिन तकनीकी परिवर्तन अपनी प्रकृति से विघटनकारी हो सकता है और इसको चुनौती देने वाली परिवर्तनकारी स्थितियां बन सकती हैं। वैश्वीकरण की तरह इससे भी अपरिहार्य रूप से विजेता व पराजित पैदा होंगे जिनमें नीतियां महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेंगी। नई तकनीकी संभावनाओं का बेहतर प्रयोग भावी नीतिगत एजेंडे में केन्द्रीय स्थान पर होना चाहिए। सुधारों से बिजनेसों और कर्मचारियों के लिए ज्यादा उपयुक्त परिवेश तैयार होना चाहिए। दोनों की पहुंच उन अवसरों तक बढ़नी चाहिए जो तकनीकी उच्चीकरण से सामने आ रहे हैं। बाजारों पर नियंत्रण करने वाले संस्थानों व नीतियों को तकनकी परिवर्तनों को स्वीकार करना चाहिए। बाजारों द्वारा बिजनेसों को खुला व समान स्तर प्रदान करना सुनिश्चित करने के लिए कठिन प्रतियोगिता को बढ़ावा देना चाहिए तथा एकाधिकारी ढांचों के विकास पर लगाम लगनी चाहिए। प्रतियोगिता संबंधी नीतियों को डिजिटल युग के अनुरूप बदला जाना चाहिए। डिजिटल अर्थव्यवस्था का जीवन नई नियामक नीतियों पर निर्भर करेगा जिनमें डेटा संबंधी मुद्दों का समाधान निकाला जाना चाहिए। बाजारों में स्वयं को ढांचागत परिवर्तनों तथा व्यवधानों के लिए बदलने की क्षमता प्राप्त करनी होगी जिसमें डिजिटल परिवर्तन महत्वपूर्ण होगा।

तकनीकी खोजों को सामंजस्य बनाने वाला तथा विकास से संतुलन स्थापित करने वाला होना चाहिए। अन्य तत्वों को अनदेखा कर यह काम जल्दबाजी से नहीं होना चाहिए। खोज को बढ़ावा देने वाली परिस्थितिकी से तकनीकी मोर्चा मजबूत किया जाना चाहिए। इससे नए परिवर्तनों के व्यापक आर्थिक प्रभावों को भी बढ़ावा मिलना चाहिए। तकनीकों के व्यापक प्रसार के लिए नए ज्ञान, शोध एवं विकास व्यवस्थाओं तथा पेटेंट व्यवस्थाओं में सुधार जरूरी है। डिजिटल ढांचा तथा डिजिटल साक्षरता का विकास जरूरी है। कमियों के बावजूद डिजिटल विभाजन कम हो रहा है। शिक्षा व प्रशिक्षण में निवेश बढ़ाना जरूरी है। इसे भावी रोजगारों के लिए आवश्यक कौशलों के अनुरूप बदला जाना चाहिए। श्रम बाजार नीतियों को बदल कर वर्तमान रोजगार बचाने के बजाय रोजगार बदलने की श्रमिकों की क्षमता बढ़ाने पर केन्द्रित होना चाहिए। ऐतिहासिक रूप से औपचारिक तथा सेवायोजकों व कर्मचारियों के बीच दीर्घकालीन संबंधों पर आधारित सामाजिक सुरक्षा व्यवस्थाओं में बदलाव जरूरी है ताकि वे बदलते रोजगार बाजार के उपयुक्त बन सकें। सामाजिक अनुबंधों को श्रमिकों की बदलती व विकसित होती प्रकृति के अनुरूप होना चाहिए। बिजनेसों व श्रमिकों में हाने वाले परिवर्तनों के प्रभाव के साथ ही आय वितरण की नई गत्यात्मकताओं पर गौर किया जाना चाहिए। डिजिटल अर्थव्यवस्था में पैदा होने वाली नई कर चुनौतियों को देखते हुए कर व्यवस्थाओं के पुनर्गठन पर भी ध्यान देना चाहिए। पूंजी, श्रम व संपदा पर टैक्स को संभावित कर सुधार एजेंडे में शामिल करना चाहिए। समझदार मशीनों के युग में काफी संभावनायें हैं। सही नीतियां बनाने पर भावी आर्थिक वृद्धि ज्यादा तेज, मजबूत तथा समावेशी हो सकती है। समावेशन ऐसे में सही मंत्र है और इसे सभी क्षेत्रों में बढ़ावा

# भारत में वैचारिक धुंध को दूर करती भाजपा

**भाजपा अपने चिर-परिचित हिंदुत्ववादी आग्रह पर अंगद की तरह अडिग और अटल है।**

**प्रवीण गुगनानी**
(लेखक विदेश मंत्रालय में भाषा सलाहकार हैं)



चर्चा या नैरेटिव के नाम पर भारत में एक अघोषित युद्ध चल रहा है, जो विशुद्ध रूप से राजनीतिक है। राजनीति और कुछ नहीं बल्कि समाज का एक संक्षिप्त प्रतिबिंब है। चर्चा में यह प्रतिबिंब विषय और समय के अनुसार कुछ छोटा या बड़ा हो सकता है। यदि हम भाजपा की राजनीति को एक सामाजिक प्रतिबिंब के रूप में देखें तो हमें वैचारिक बंदिशों, वर्जनाओं और मर्यादाओं से मुक्ति मिलती है। वैचारिक दृष्टि से भाजपा ही एकमात्र भारतीय राजनीतिक दल है जो वैचारिक गुलामी से मुक्त है। भाजपा अपने चिर–परिचित हिंदुत्ववादी आग्रह पर अंगद की तरह अडिग और अटल है।

भाजपा नए और पुराने का एक अभिनव संगम बन गई है। आरएसएस ने हमें भाजपा के माध्यम से राजनीति का एक विशाल और मुक्त वैचारिक कैनवास दिया है। हम– भारत के राजनीतिक, गैर–राजनीतिक और यहां तक कि बीजेपी वाले भी– बीजेपी की राजनीति को सही शब्दों में पूरी तरह से व्यक्त नहीं कर पा रहे हैं. यह अवैयक्तिकीकरण भाजपा के नेतृत्व या भाजपा के शब्दों या समझ की कमी के आलोचकों के कारण नहीं है। गैर भाजपाई शब्दों के कुटिल जादूगर हैं। यह निजीकरण इसलिए है क्योंकि भाजपा का सर्व–समावेशीता, सर्व–धारणा और सर्वव्यापी का लक्ष्य समाज में तेजी से बदलाव के साथ हमारे सामने प्रस्तुत है।

यह निर्विवाद रूप से सभी स्वीकार करते हैं कि पिछले तीन दशकों में, विशेष रूप से पिछले दशक में, भारत ने सैकड़ों वर्षों के परिवर्तन को कवर किया है। इन सामाजिक परिवर्तनों को धीरे, तेजी से और तीव्रता से अभिव्यक्त करने के लिए भाजपा का वैचारिक तंत्र सबसे बड़ा भारतीय संस्थागत उर्वर ढांचा बन गया है। भाजपा को यह सज्जनता संघ से मिली है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय का एकात्म मानववाद का सिद्धांत संघ की इस सज्जनता को स्वीकार करने की मशीन है। बीजेपी ने अपनी रीढ़ की हड्डी की रक्षा करना और अपनी रीढ़ की हड्डी पर टिके रहना दोनों ही बहुत अच्छे से सीख लिया है। यह बरगद के पेड़ की प्रकाश संश्लेषण की प्रक्रिया है जिसे बीजेपी कहा जाता है। मोटे तौर पर कहें तो भारत में राजनीति की चार धाराएं हैं : भाजपा, कांग्रेस, वामपंथ और समाजवाद। भाजपा स्वयं आरएसएस परिवार से निकली एक धारा है। इसने अपना कोई डमी या सरोगेट नहीं बनाया। बाकी तीन राजनीतिक विचार डमी बनाकर धोखा देना जारी रखते हैं। जैसे कांग्रेस को ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस या शरद पवार की एनसीपी। कांग्रेस, वामपंथियों और समाजवादियों ने कम सकारात्मक चर्चाएँ पैदा कीं लेकिन नकारात्मक चर्चाओं में ये लोग उस्तादों के उस्ताद हो गए।

भाजपा के बड़े पैमाने पर सत्ता में आने के बाद लोग अक्सर एक बात कहते हैं, अरे, यह अब पार्टी विद ए डिफरेंस नहीं है। विपक्ष अपने आराम और आनंद के लिए यह कह सकता है, लेकिन बीजेपी अभी भी पार्टी विद डिफरेंस है! विभिन्न दलों के करोड़ों कार्यकर्ता आए और बीजेपी में शामिल हुए, लाखों सैकड़ों पदाधिकारी, और हजारों सांसद और विधायक आए और भाजपा में शामिल हो गए; लेकिन क्या भाजपा ने अयोध्या छोड़ दी? या कश्मीर? या सामान्य नागरिक संहिता? यदि आप पिछले एक या दो में सभी भारतीय दलों द्वारा विकसित चर्चाओं और आख्यानों की जांच करें दशकों बाद आप जानेंगे कि वैचारिक दृष्टि से बाकी पार्टियों ने कंफर्ट जोन अपना लिया है, लेकिन बीजेपी ने अपनी सख्त वैचारिक जिद नहीं छोड़ी है.आज भी बीजेपी अपनी संघी पोल पर अडिग है. एकात्म पर, अंत्योदय पर, अयोध्या पर, समान नागरिक संहिता सहित और भी कई असहज करने वाले विषयों पर दूसरी ओर अन्य पार्टियां इन दिनों अपना वैचारिक आधार नहीं बनाना चाहती हैं। वे अपने विचार, परिवार और आधार बदलते हैं। कांग्रेस कम्युनिस्ट होकर कटु हो गई है। कम्युनिस्ट इस्लामवादी होने का ढोंग कर रहे हैं। पता नहीं कम्युनिस्ट समाजवादी क्या कर रहे हैं। भारतीयता का परित्याग एक बड़ा शब्द है, लेकिन मैं आपके सामने कांग्रेस द्वारा आपातकाल लगाने के बाद के दौर के कुछ सामाजिक संदर्भ रख रहा हूं।

आदिवासियों को हिंदुओं से अलग बताना, कुछ समुदायों को अलग–अलग धर्म या अल्पसंख्यक बनाना, शाह बानो केस में कोर्ट के फैसले को बदलना, एक देश दो विधान, आर्य–अनार्य का मुद्दा, राम मंदिर को संघ भाजपा का कार्यालय बताना, श्रीराम को काल्पनिक बताना, की गिरफ्तारी दीवाली की रात शंकराचार्य, कोविड वैक्सीन को बीजेपी की वैक्सीन बता रहे, वैक्सीन डिप्लोमेसी का विरोध, नक्सलवाद, खालिस्तान, बोडो, माओवाद, आर्टिकल 370, पंडित विहीन कश्मीर, दक्षिण में हिंदी विरोधी राजनीति, पूर्वोत्तर राज्यों का अलगाव, भारत के रिश्ते चीन के साथ, आदि। विवाद में चीन की ओर झुकाव जैसे अन्य मुद्दे भी हैं। इस पर और इस तरह के कई अन्य मुद्दों पर, भारत के तथाकथित बौद्धिक और प्रगतिशील राजनीतिक तत्वों ने हमेशा राष्ट्र की मूल भावना के विपरीत व्यवहार किया है। ये लोग नक्सलियों से लड़ते हुए सीआरपीएफ के 75 सीआरपीएफ जवानों के बलिदान का जश्न मनाते रहते हैं। इन सब हथकंडों को करने के बाद जब ये अलग–अलग राजनीतिक दल सत्ता प्राप्ति के लिए एकजुट होने की कोशिश करते हैं, तो बहुत हास्य पैदा होता है।

सांप–नेवले और कुत्ते–बिल्ली–चूहे का जोड़ा बनाकर समाज का सहयोग मांगा जाता है। क्या समाज सोचता है कि उसे किसका समर्थन करना चाहिए? कुत्ते को देखकर, यदि तुम उसका साथ दोगे, तो वह बिल्ली को खा जाएगा, यदि आप इसे बिल्ली को देते हैं, तो यह चूहे को खाएगी, यदि आप इसे एक चूहे को दे देंगे, तो यह देश को कुतर देगा। प्रश्न वास्तव में बहुत बड़ा है और गंभीर भीख मांगता है।

# आप की बात

## बढ़ता कोरोना

**देश** में कोरोना के मरीजों की संख्या में धीरे–धीरे बढ़ोतरी होने लगी है! और अस्पतालों में भी मरीजों के आने की संख्या बढ़ गई है। अच्छी बात है कि केंद्र व राज्य सरकारें समय रहते इस बारे में विचार विमर्श कर रही हैं तथा स्वास्थ्य सेवाओं की कमियों को दूर किया जा रहा है। भले ही यह वायरस अब जानलेवा और अधिक खतरनाक नहीं रह गया है मगर कब यह खतरनाक हो जाएगा इसका कोई भरोसा नहीं है। वैसे भी वृद्धों, जीर्ण रोगों से ग्रस्त व पहले कोरोना का शिकार हो चुके लोगों के लिए खतरा गंभीर हो सकता है। कहा भी गया है कि कर्ज और मर्ज को कभी छोटा नहीं समझना चाहिए। सरकार अपने पैमाने पर सतर्क है! मगर आम जनता बेफिक्र है। भीड़भाड़ वाले आयोजन जारी हैं और मास्क तभी लगाएंगे जब जुर्माने की घोषणा होगी। इम्यूनिटी टीका लगाने वालों की सुधरी हुई है, मगर बूस्टर डोज लगाने के बाद भी 6 माह से अधिक का समय हो गया है। ऐसे में सरकार को आवश्यकता होने पर मुफ्त में खासकर ज्यादा संकटग्रस्त लोगों को एक बार और नए बूस्टर डोज लगाने की घोषणा करना चाहिए। आखिरकार दुनिया के अनेक देश अपने नागरिकों व खासकर वयोवृद्ध लोगों को कई बूस्टर डोज़ दे चुके हैं।

– **सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

## बालीवुड की समझ

**एक समय** था जब पूरे देश मे बॉलीवुड की धूम मचती थी। बॉलीबुड की अधिकतम फिल्में हिट होती थी या फिर अच्छी कमाई कर लेती थी। लेकिन पिछले कुछ समय से लगातार बॉलीवुड की फिल्मों को भारत की जनता नकार रही है, जबकि साउथ की कई फिल्मों को पूरे देश की जनता ने पसन्द ही नही किया बल्कि बॉलीवुड फिल्मों से ऊपर महत्व दिया। बॉलीवुड की कई बड़ी फिल्मों के फ्लॉप होने के बाद पठान ने कुछ बाहरी रूप से उम्मीद जगाई परन्तु इसके हिट होने की सच्चाई सभी को पता है। लगातर असफल होते बॉलीवुड ने अब साउथ सिनेमा व साउथ के कलाकारों का साथ लिया है। इनमें शाहरुख खान, अजय देवगन, रितिक रौशन, सलमान खान तथा रणवीर सिंह प्रमुख नाम है जिन्होंने अपनी आगामी फिल्मों साउथ के सितारों को साथ लिया है। बॉलीवुड में ताना जी मालसुरे जैसी ऐतिहासिक फ़िल्म बनाने वाली ओम राउत ने भगवान श्री राम पर बनी अपनी आगामी बड़ी फिल्म आदिपुरुष में बॉलीवुड सितारों की जगह तेलगु सुपरस्टार प्रभास को लिया है। बॉलीवुड को समझना चाहिए कि भारतीय परंपराओ का सम्मान करके जनता का समर्थन लिया जाता है।

– **ललित शंकर,** गाजियाबाद

## स्वास्थ्य और तकनीक

**आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस**–एआई के साथ स्वास्थ्य सेवाओं में ऑगमेंटेड रियलिटी–एआर के प्रयोग से चिकित्सकीय पढ़ाई में क्रांतिकारी परिवर्तन व सुधार होने जा रहा है। जो मेडिकल स्टूडेंट अभी तक मृत शरीरों से शिक्षा प्राप्त कर रहे थे अब एआई व एआर के माध्यम से वह जो स्टडी करेंगे वह जीवित इंसान के शरीर पर अध्ययन करने के समान हो जाएगी। मगर भारत के मेडिकल कॉलजों में अभी भी दो दशक पुरानी मेडिकल स्टडी कराई जाती है। मेडिकल स्टूडेंट को यथासंभव शीघ्रातिशीघ्र नई शोध, नयी खोज और नई दवाओं के बारे में जानकारी मिलनी चाहिए। अधिकांश डॉक्टर अपने पेशे में व्यस्त होने के बाद नई रिसर्च व खोजें पढ़ने में टाइम नहीं दे पाते हैं। डॉक्टरों को इंटरनेट के जरिए विश्वव्यापी नई खोजों का अध्ययन करवाया जाना जरूरी है। स्वास्थ्य मंत्रालय को मेडिकल कालेजों में नई शोध, निदान व दवाओं संबंधी उपकरणों, पुस्तकों व संसाधनों की व्यवस्था करने के प्रयास करने चाहिए। इसके साथ ही विशेषज्ञता प्राप्त डाक्टरों की योग्यता का लाभ गरीब मरीजों को दिलाने की व्यवस्था तेज करने तथा इसे गांव–गांव तक पहुंचाने की आवश्यकता है।

– **विभूति बुपक्या,** खाचरोद

## संसद में हंगामा

**संसद** में बहस नहीं बकवास और हंगामा ही हुआ। उल्लेखनीय है कि संसद का सत्र इस बार पूरी तरह हंगामे की ही भेंट चढ़ गया। विडंबना है कि देश के बजट जैसी महत्वपूर्ण चीज पर बहस व विचार–विमर्श के बजाय दोनों पक्ष राजनैतिक स्वार्थ साधने हेतु अपनी जिद पर अड़े रहे। जनता विभिन्न मुद्दों पर सांसदों की बहस व विचार–विमर्श से प्रभावित होती है न कि हंगामे से। किंतु सांसदों ने बहस करना उचित नहीं समझा तथा हंगामा मचाकर संसदीय कार्रवाई की बलि दे दी। हालांकि यह स्थिति वर्षों से निर्मित होती रही है किंतु इस बार तो संसद में सब कुछ अमर्यादित और चिंतनीय ही दिखा। गौरतलब है इससे संसद की महत्ता कम ही होती है। अच्छा हो कि भविष्य में दोनों पक्ष अपनी जिद छोड़ें और संसद को दलगत सियासी अखाड़ा न बनने दें। सांसदों के इस प्रकार हंगामा करने से निर्वाचित प्रतिनिधियों के बजाय नौकरशाही हावी होती है तथा जनता का राजनीतिक प्रणाली पर से ही विश्वास उठने लगता है। सभी दलों के सांसदों को ऐसी अशोभनीय स्थितियों से बचना चाहिए।

– **बी एल शर्मा,** उज्जैन

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

# जाति के नाम पर बांटने वाले संकट के समय भाग जाते हैं: सीएम

● मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 2791 करोड़ की 1058 विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण व शिलान्यास

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/महराजगंज



**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ** ने रविवार को महराजगंज के जीएसवीएस इंटर कॉलेज के मैदान से नगर निकाय चुनाव को धार दी। सीएम योगी ने लोगों से भाजपा को वोट देने की अपील करते हुए कहा कि सभी संस्थाओं में एक ही विचारधारा की सरकार होने से विकास की योजनाओं को गति मिलती है। उन्होंने कहा कि जाति के नाम पर बांटने वाले संकट के समय भाग जाते हैं। ऐसे लोग सिर्फवोट बैंक की राजनीति करते हैं और जनता को कुछ नहीं देते हैं। वहीं पिछले छह वर्ष में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप डबल इंजन की सरकार ने बिना भेद भाव के गांव, गरीब, किसान, नौजवान, महिला और समाज के प्रत्येक तबके तक विकास की योजनाओं को पहुंचाया है।

सीएम योगी ने 2791 करोड़ की 1058 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया और फ्रि लोगों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि आय प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र और किसी भी तरह के अन्य वेरिफिकेशन के लिए हम प्रदेश के सभी नगर निकायों को ऑनलाइन कर रहे हैं। सीएम योगी ने कहा कि हमारी सरकार नगर निकायों में एक तरह की स्ट्रीट लाइट, सुरक्षा के लिए सीसीटीवी, अच्छी सड़कें, जल निकासी के लिए नाली सहित अन्य कई तरह की योजनाओं पर कार्य कर रही है।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि आज विकास की परियोजनाएं बताती हैं कि अब उत्तर प्रदेश में जातिए मत और मजहब के आधार पर बंटवारा नहीं किया जा सकता है। आज उत्तर प्रदेश में शासन की योजनाओं को पूरी पारदर्शिता के साथ पहुंचाने की एक मिशनरी खड़ी हो गई है। उन्होंने कहा कि छह वर्ष हमारी सरकार ने ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के 54 लाख गरीब परिवारों को एक.एक आवास उपलब्ध कराया है। 2.61 लाख परिवारों को एक.एक शौचालय दिया है। 1.55 लाख गरीब परिवारों को बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराने में हम सफल रहे हैं। हमारी सरकार पिछले तीन वर्ष से उत्तर प्रदेश में 15 करोड़ लोगों को फ्री में राशन की सुविधा दे रही है।

सीएम योगी ने कहा कि 2017 से पहले यूपी का युवा अपनी पहचान छुपाता था। आज उत्तर प्रदेश का नौजवान अपनी पहचान का मोहताज नहीं है। वह गर्व से देश के किसी भी राज्य में जाकर अपनी पहचान को बता सकता है। उन्होंने इंसेफ्लाइटिस का उदाहरण देते हुए कहा कि 2017 से पहले महराजगंज पूर्वांचल के उन शापित जनपदों में था जहां इंसेफ्लाइटिस से मौतें होती थीं। छह वर्षों में डबल इंजन की सरकार ने अपने सामर्थ्य से पूर्वी उत्तर प्रदेश को इंसेफ्लाइटिस से मुक्त कर दिया है। कोई सोच नहीं सकता था कि महराजगंज में मेडिकल कॉलेज खुल सकता हैए लेकिन हमारी सरकार ने करके दिखाया अगले छह महीने में हम महराजगंज में मेडिकल कॉलेज का उद्घघाटन करेंगे।

सीएम योगी ने कहा कि एकीकृत स्वास्थ्य की सुविधा हर नागरिक का अधिकार है। हमारी सरकार आपके जनपद में हेल्थ एटीएम की सुविधा दे रही है। 70 तरह की जांच उसके माध्यम से हो जाएगी। आज यहां के सभी 18 वनटांगिया गांवों में सरकार की सभी सुविधाओं का लाभ मिल मिल रहा है। उन्होंने कहा कि 2024 तक महराजगंज के हर घर तक स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करा देंगे। सीएम योगी ने कहा कि मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के माध्यम से नौजवानों को फ्री में कोचिंग दी जा रही है। इस वर्ष के उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की परीक्षा में इस कोचिंग के 54 अभ्यर्थियों हुआ चयनित हुए हैं।

### विकास लेकर आती है डबल इंजन की सरकार

**ऐतिहासिक** साथ-साथ आध्यात्मिक पृष्ठि भूमि से भी इस जनपद का जुड़ाव रहा है। कहा जाता है इसी महराजगंज जनपद में देवदह के पास भगवान बुद्ध का जन्म हुआ था। आजादी के आंदोलन में इस जनपद के तमाम स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को कोई विस्मृत नहीं कर सकता है। देश की संविधान सभा में जिन प्रतिनिधियों का चयन हुआ था उनमें प्रोफेसर शिब्बन लाल सक्सेना यहीं के थे। उन्होंने अपना कार्य क्षेत्र इसी जनपद को बनाया था। उन्होंने कहा कि आज यह जनपद प्रगतिशील कृषकोंए जन सेवकों और नौजवानों की प्रतिभा के माध्यम से देश और दुनिया में झंडा गाड़ रहा है। इस अभियान को नई गति देने के लिए डबल इंजन की सरकार विकास की परियोजनाओं को लेकर आती है। कार्यक्रम में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी, उत्तर प्रदेश सरकार के आयुष तथा खाद्य सुरक्षा एवं औषधी प्रशासन के राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार डॉक्टर दया शंकर मिश्र समेत अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# नगर निकाय चुनाव में भाजपा प्रचण्ड जीत दर्ज कराएगी: भूपेन्द्र चौधरी

**लखनऊ।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने उप्र राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगर निकाय चुनाव की घोषणा किए जाने का स्वागत किया। चौधरी ने कहा कि जनता के आशीर्वाद से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में भाजपा नगर निकाय चुनाव में प्रचण्ड जीत दर्ज कर 13 मई को प्रदेश में ट्रिपल इंजन की सरकार बनाएगी। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि कार्यकर्ता केंद्र व प्रदेश की डबल इंजन भाजपा सरकार का रिपोर्ट कार्ड लेकर संपर्क व संवाद के माध्यम से जन जन तक पहुंचे और पार्टी की विजय का मार्ग प्रशस्त करे। चुनाव की अधिसूचना जारी होते ही अब और अधिक परिश्रम तथा सजग रहकर निश्चित विजय के संकल्प के साथ हम सभी को जुटना है। मोदी जी व योगी जी के नेतृत्व की भाजपा सरकारों की जनकल्याणकारी योजनाएं, सुशासन तथा आधुनिक सुविधाओं से पूर्ण हो रहे नगरों से सर्वोत्तम प्रदेश की ओर अग्रसर हो रहे उत्तर प्रदेश की तस्वीर लेकर हर दहलीज तक पहुंचना है। उन्होंने कहा कि मजबूत बूथ संरचना से अभेद्य व्यूह रचना तैयार करके प्रत्येक नगर निगमए नगर पालिका तथा नगर पंचायत के साथ प्रत्येक वार्ड में कमल खिलाना है।



चौधरी ने कहा कि समाजवादी पार्टी सहित तमाम विपक्षी दलों ने निश्चित हार से आश्वस्त होकर नगर निकाय चुनावों में अड़ंगा लगाने की भरपूर कोशिश की परन्तु साफ नीयत के साथ बिना किसी वर्ग के हितों को प्रभावित किए योगी जी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने सभी बधाओ को दूर करने का काम किया है। चुनाव दर चुनाव जनता द्वारा नकारे जा रहे विपक्ष द्वारा एक और पराजय को टालने के लिए अपने स्लिीपर सेल्स के माध्यम से आजमाए गए तमाम हथकंडे चुनाव की अधिसूचना के साथ ही ठंडे पड़ गए। उन्होंने कहा कि सपा चुनाव को रोकने के षड़यंत्र करती रही और भाजपा चुनाव की तैयारी करती रही। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता एक बार फ्रि से भाजपा को अपना आशीर्वाद व समर्थन देकर निकाय चुनावों में भी भाजपा की प्रचंड जीत का मार्ग प्रशस्त करेगी।

# समाजवादी पार्टी स्वयं वेंटिलेटर पर है: ब्रजेश पाठक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी पार्टी** के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा प्रदेश की स्वास्थ्य सेवा को वेंटिलेटर पर बताने को लेकर दिये गये बयान पर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने पलटवार किया है। पाठक ने कहा कि यूपी की स्वास्थ्य सेवाएं नहीं बल्कि समाजवादी पार्टी वेंटिलेटर पर है। अखिलेश यादव अपना मानसिक संतुलन खो बैठे हैं।



रविवार को जारी बयान में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा है कि अखिलेश यादव की सरकार ने स्वास्थ्य विभाग को गर्त में पहुंचाने का काम किया था। आज आम जनमानस को उच्चकोटि की स्वास्थ्य सेवाएं मिल रही हैं जो कि विपक्षियों को को पसंद नहीं आ रहा है। अखिलेश यादव अपना मानसिक संतुलन खो बैठे हैं और अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं। उन्हें बाहर निकल कर सच्चाई देखनी चाहिए। पाठक ने कहा कि आज के दौर में यूपी की स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर हुई हैं और लोगों को नि:शुल्क इलाज मुहैया कराया जा रहा है। अस्पतालों में दवाइयां मिल रही हैं। चिकित्सक समय पर पहुंच रहे हैं। वन डिस्टिक. वन मेडिकल कॉलेज योजना को अमलीजामा पहनाया जा रहा है।

### राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने सीएम को लिखा पत्र

**लखनऊ।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने प्रदेश के मुख्यमंत्री को पत्र प्रेषित कर भारत सरकार के कार्यालय ज्ञाप 03 मार्चए 2023 के क्रम में उत्तर प्रदेष में भी 28 मार्च 2003 से पूर्व रिक्त पदों हेतु जारी नोटिफिकेशन विज्ञापन के आधर पर नियुक्ति शिक्षकों, कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना से आच्छादित करने की मांग की है। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष हरिकिशोर तिवारी ने बताया कि यूपी में वर्ष 2018 में कर्मचारियों और शिक्षकों द्वारा किये गये समेकित आन्दोलनों के बाद पुरानी पेंशन व्यवस्था हेतु एक उच्च समिति मुख्यमंत्री के निर्देष पर तत्कालीन मुख्य सचिव अनूप चन्द्र पाण्डे जी द्वारा बनाई गई थी उसमें पीएफ्आरडीए के अधिकारी भी नामित किये गये थे इसकी 02 माह बैठकें चली। समिति सदस्य अविनीष अवस्थी एवं परिषद के अध्यक्ष होने के नाते हरिकिशोर तिवारी दिल्ली पीएफ्आरडीए के शीर्ष अधिकारियों से वार्ता करने भेजा गया।

### सपा का प्रतिनिधिमण्डल 15 को जाएगा कानपुर देहात

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार समाजवादी पार्टी का एक 6 सदस्यीय प्रतिनिधिमण्डल 15 अप्रैल को जनपद कानपुर देहात जायेगा। प्रतिनिधिमण्डल कानपुर देहात के ग्राम हारामऊ के विधान सभा सिकन्दरा में एक गरीब परिवार की झोपड़ी में लगी आग से बंजारा समाज के 5 लोगों की जिन्दा जलकर हुई दर्दनाक मौत की जॉच करेगा और शोक संतप्त परिवार के प्रति सांत्वना व्यक्त करेगा। प्रतिनिधिमण्डल में प्रदीप यादव विधायक दिवियापुर, धर्मराज उर्फ सुरेश यादव विधायक बाराबंकी, अमिताभ बाजपेयी विधायक आर्यनगर, मिथलेश कटियार पूर्व विधायक, अरूण कुमार बब्लू राजा, जिलाध्यक्ष समाजवादी पार्टी एवं रामपाल नायक बंजारा पूर्व प्रदेश सचिव पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ शामिल हैं।

### सपा मुखिया ने व्यक्त किया शोक

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं नेता विरोधी दल अखिलेश यादव ने आगरा जनपद की एत्मादपुर विधानसभा क्षेत्र से विधायक रहे श्री चन्द्रभान मौर्य के निधन पर गहरा शोक जताया है। अखिलेश यादव ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की और शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि श्री चन्द्रभान मौर्य जी के निधन से अपूरणीय क्षति हुई है। चन्द्रभान मौर्य एत्मादपुर विधानसभा से पहली बार लोक दल के टिकट पर 1977 में चुनाव जीते थे। उसके बाद 1985 में लोक दल और 1989, 1991 जनता दल, 1993 में समाजवादी पार्टी से विधानसभा चुनाव जीते थे।

# कारागारों के निरीक्षण के लिए पांच आईपीएस अधिकारियों की टीम गठित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**माफियाओं** के प्रति सख्त रूख अख्तयार करने वाली प्रदेश की योगी सरकार के निर्देश पर जेल प्रशासन ने अब जेलों में मौजूद अपराधियों की गतिविधियों व जेल व्यवस्था पर भी शिकंजा कसने के लिए पांच आईपीएस अधिकारियों की टीम गठित कर दी। आईपीएस की इस टीम में शिवहरि मीना, सुभाष चन्द्र शाक्य, हिमान्शु कुमार, राजेश कुमार श्रीवास्तव व हेमन्त कुटियाल शामिल है। आईपीएस की यह टीम कारागारों का निरीक्षण कर मुख्यालय को रिपोर्ट सौंपेगी। जेलों में अपराधियों को मिलने वाली रियायत व मनमानी पर लगाम लगाने के लिए जेल प्रशासन सख्त नजर आ रहा है।

डीजी जेल ने 12 जेलों के निरीक्षण की जिम्मेदारी आईपीएस अधिकारियों को सौंपी है। 12 जिलों की जेलों के निरीक्षण के लिए 5 आईपीएस अधिकारियों की खास टीम तैयार की गई है। यह टीम 12 अप्रैल तक जांच कर रिपोर्ट डीजी जेल को देगी।

जेलों में माफियाओं की मनमानी पर लगाम लगाने के लिए 5 आईपीएस अधिकारियों की टीम बनाई गई हैं जो केंद्रीय कारागार वाराणसी, प्रयागराज, चित्रकूट, जौनपुर, आजमगढ़, वाराणसी, सोनभद्र, बलिया, मऊ, फतेहपुर और बांदा जेल का निरीक्षण करेगी। यह टीम डीजी जेल के सामने रिपोर्ट पेश करेगी। डीजी जेल एनएस साबत ने जहां एक ओर जेलो के निरीक्षण के लिए 5 आईपीएस अधिकारियों की टीम बनाई है तो वहीं दूसरी ओर जेल अधीक्षक के साथ.साथ जिला पुलिस के सहयोग वह मॉनिटरिंग करने के लिए भी कहा हैण् डीजी जेल ने 12 अप्रैल तक रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं।

उत्तर प्रदेश की जेलों में अपराधियों को मिलने वाली रियायत व माफियाओं के नेटवर्क को समाप्त करने के लिए जेल प्रशासन सख्त नजर आ रहा हैए जहां एक ओर जेलों के निरीक्षण के लिए 5 आईपीएस अधिकारियों की टीम बनाई गई हैण् वहींए इससे पहले जिन जिलों में अनियमितताएं की शिकायतें मिली थी उन जिलों के जेल अधीक्षकों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए पिछले दिनों उन्हें निलंबित कर दिया गया था। निलंबन के माध्यम से सरकार ने जेलों में अपराधियों की मनमानी व माफ्यिा को मिलने वाली रियायत को न बर्दाश्त करने का सीधा संदेश दिया है।

# 2017 के मुकाबले अब प्रदेश में 93 एसएनसीयू क्रियाशील

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** में समुदाय आधारित नवजात शिशु देखभाल के अलावा संस्थागत नवजात शिशु देखभाल में भी प्रगति हुई है। जहाँ एक ओर 2017 में मात्र 49 एसएनसीयू ही कार्यरत थे, वहीं अब 93 एसएनसीयू (स्पेशल न्यू बॉर्न केयर यूनिट) संस्थागत नवजात शिशु देखभाल सेवायें प्रदान कर रहें हैं। इनमें वर्ष 2022 में 114 प्रतिशत बेड ओकुपेंसी रेट के साथ एक लाख चौदह हजार नवजात शिशुओं को भर्ती की सुविधा प्रदान की गयी। जबकि प्रदेश में ब्लॉक स्तर पर लगभग 170 एनबीएसयू (न्यू बॉर्न स्टेब्लाइजेशन यूनिट) क्रियाशील हैं।

प्रदेश में नवजात शिशु की मृत्यु दर को कम करने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा कई कदम उठाये गए हैंए जिनके सकारत्मक परिणाम सामने आये हैं। 2015 से संचालित होम बेस्ड न्यू बोर्न केयर योजना प्रमुख है। इसके लिए प्रदेश में एक लाख साठ हजार से अधिक आशाओं को चरणबद्ध तरीके से प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के उपरांत इन आशाओं द्वारा नवजात शिशु और माँ की गृह भ्रमण कर स्वास्थ्य संबंधी जांच और जानकारी प्रदान की जायेगी। अप्रैल-दिसंबर 2022 के बीच 24 लाख 60 हजार से अधिक नवजात बच्चों का गृह भ्रमण आशाओं द्वारा किया गया है। 2017 में जहां गृह भ्रमण का प्रतिशत 59 था वहीं 2022 में आशाओं द्वारा 86 प्रतिशत गृह भ्रमण किया गया है। इन सभी प्रयासों का ही परिणाम है कि एसआरएस रिपोर्ट के अनुसार 2019 में नवजात मृत्यु दर 30 प्रति हजार जीवित जन्म थी, जो कि एसआरएस रिपोर्ट 2020 के अनुसार घटकर 28 प्रति हजार जीवित जन्म रह गई है। होम बेस्ड न्यू बोर्न केयर योजना की सफलता को देखते हुए सरकार द्वारा होम बेस्ड यंग चाइल्ड केयर योजना को भी प्रारम्भ किया गया है।

# यूपी में अपराधियों को संरक्षण देने वालों को कोई बचा नहीं पाएगा: पंकज सिंह

● भाजपा ने 'प्रभावी मतदाता सम्मेलनों' से जनसंपर्क अभियान किया तेज

**लखनऊ।** प्रभावी मतदाता सम्मेलन के माध्यम से भाजपा ने जनता के बीच पहुंचकर जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया है। रविवार को रामलीला मैदान महानगर और सिटी मांटेसरी स्कूल एलडीए कॉलोनी कानपुर रोड में 'प्रभावी मतदाता सम्मेलनो' का आयोजन किया गया। रामलीला मैदान में आयोजित सम्मेलन में बड़ी संख्या में उपस्थित पर्वतीय समाज को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता विधायक पंकज सिंह ने कहा कि भाजपा के नेतृत्व की भाजपा की सरकार की छवि के कारण और मुख्यमंत्री योगी की जन कल्याणकारी नियत और भ्रष्टाचार को खत्म करने के संकल्प की छवि के कारण इंवेस्टर्स समिट में 35000 करोड रुपए के इन्वेस्टमेंट के प्रस्ताव प्राप्त हुआ है और पूरे विश्व से लोग आज उप्र में इन्वेस्टमेंट प्राप्त हुआ है जिसके कारण उप्र में एक बड़े रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। भाजपा के जन सेवा के कार्यक्रमों की सोच दूसरी पार्टियों की सोच में और नीति में नहीं आता क्योंकि हम लोग सरकार बनाने के लिए नहीं बल्कि इस संकल्प के साथ कि भारत माता के मस्तक को विश्व गुरु के रूप में स्थापित करना हैं इस संकल्प के साथ भाजपा कार्य कर रही है। भाजपा की यात्रा चुनावों तक सीमित नहीं है बल्कि भाजपा कार्यकर्ताओं की यात्रा अनवरत चलती रहेगी जब तक हम करोड़ों करोड़ों जरूरतमंद लोगों के मान सम्मान की चिंता करके उनके चेहरे पर चमक और उनकी की आंखों में खुशी ना ले आए तब तक यह यात्रा अनवरत चलती रहेगी। हम पूरे विश्व का नेतृत्व कर सकते हैं और सवा सौ करोड़ लोग मिलकर एक दिशा में कदम बढ़ाया दिया तो किसी में इतनी ताकत नहीं है कि वह हिंदुस्तानियों के कदम को रोक पाए यह विश्वास हमारे देश के पीएम के नेतृत्व में बना है। उप्र के अंदर जो भी गुंडे बदमाश है अपराधियों को संरक्षण देने वाले हैं उनको कोई बचा नहीं पाएगा और यह तय है कि योगी आदित्यनाथ की सरकार में कोई उनका संरक्षण नहीं कर पाएगा।




केंद्र सरकार की सभी योजनाओं का क्रियान्वयन करने में उप्र आज अग्रणी प्रदेशों में है। नगर निगम चुनाव भी नजदीक है आपसे आग्रह है की सरकार की सही नियत और नीति के अनुसार लखनऊ का विकास आपके आशाओं के अनुरूप ही होगा। विधायक पंकज सिंह ने कहा कि मेरा उत्तराखंड से नाता जुड़ा है और वहां की बेटी से शादी हुई है इसलिए वहां के रीति रिवाजों और संस्कारों से भी भलीभांति परिचित हूं। उत्तराखंड के लोगों की अलग पहचान है। उत्तराखंड के हर परिवार से देश की सेवा के लिए सेना से जुड़कर अपनी जान न्योछावर करने का जज्बा है। विश्व के किसी कोने में जाएं और विश्व की बड़ी से बड़ी जगह पर बैठकर खाना खाते हैं तो बैठा हुआ शेफ का भी कहीं ना कहीं उत्तराखंड से नाता होता है। उत्तराखंड के सांस्कृतिक लोकगीत और नृत्य भी सभी के हृदय पर एक अमिट छाप बनाते हैं। उत्तराखंड के दौरे पर जब प्रधानमंत्री मोदी गए थे उन्होंने वहां के निवासियों के देश के प्रति समर्पण और देश भक्ति भाव को समझते हुए कहा था कि दूर दराज में स्थित उत्तराखंड के आखिरी गांव अब आखिरी गांव नहीं कहलाएंगे बल्कि वह हमारे देश का पहला गांव कहलायेंगे। लखनऊ में विकास घर की चर्चा करते हुए पंकज सिंह ने कहा कि श्रद्धा अटल बिहारी वाजपेई ने लखनऊ को सुधारने का जो कार्य किया था उन्हीं सपनों को साकार करने का कार्य आज लखनऊ के सांसद देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह कर रहे हैं और वह बदला हुआ लखनऊ हम सभी देख रहे हैं। राजनाथ सिंह ने भी हमेशा यह कहा कि मैं कोई बड़े वादे नहीं करूंगा लेकिन जितनी क्षमता है देश और जनता। की सेवा के लिए अपनी पूरी ताकत लगाएंगे। पंकज सिंह ने संबोधन समाप्त करते हुए कहा कि कमल के फूल की विजय सुनिश्चित करने के लिए आपसे आग्रह करूंगा। एमएलसी मुकेश शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार मे सभी समाज और वर्गों के हितों के संरक्षण के साथ ही विकास कार्य निरंतर जारी है जिसके कारण भारतीय जनता पार्टी को जनता का विश्वास प्राप्त हुआ है और आशा है कि इस विश्वास के साथ पार्टी आगामी चुनावों में बड़ी विजय हासिल करेगी।

# जय भारत सत्याग्रह अभियान के लिए कांग्रेस मुख्यालय में कंट्रोल रूम स्थापित

**लखनऊ।** कांग्रेस ने 'जय भारत सत्याग्रह' अभियान के तहत आयोजित होने वाले जन आंदोलनो, कार्यक्रमों, गतिविधियों की निगरानी के लिए रविवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में कंट्रोल रूम स्थापित किया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व सांसद बृजलाल खाबरी ने प्रांतीय अध्यक्ष पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी, प्रांतीय अध्यक्ष पूर्व मंत्री नकुल दुबे की मौजूदगी में कंट्रोल रूम का फीता काटकर शुभारंभ किया।



प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल खाबरी ने कंट्रोल रूम उद्घाटन के उपरांत 17 सदस्यीय टीम के साथ बैठक करते हुए कहा कि 'जय भारत सत्याग्रह अभियान' के तहत मोदी सरकार में बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, व्याप्त आर्थिक भ्रष्टाचार जैसी जनविरोधी नीतियों के खिलाफ किये जा रहे धरना प्रदर्शन, मशाल जुलूस तथा ज्वलंत मुद्दों पर प्रधानमंत्री को पोस्टकार्ड भेजना आदि कार्यक्रमों को ग्राम स्तर तक पहुंचाने के लिए अत्यंत गंभीर है। राज्यवार कंट्रोल रूम स्थापित करने का मकसद प्रदेशों की समस्त जिला, शहर इकाइयों, सभी फ्रंटल संगठनों, प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं द्वारा किये जा रहे आंदोलनों, कार्यक्रमों इत्यादि गतिविधियों की निगरानी कर रिपोर्ट तैयार करना और एआईसीसी को प्रेषित करना है। राज्य स्तर पर स्थापित यूपी कांग्रेस कंट्रोल रूम में पूर्व विधायक इंदल रावत, वीरेन्द्र मदान, सिद्धार्थ प्रिय श्रीवास्तव, ओंकारनाथ सिंह, वीरेन्द्र प्रताप नारायण पाण्डेय, बृजेन्द्र सिंह, शाहनवाज मंगल, सिद्धी श्री, प्रज्ञा सिंह, विक्रम पाण्डेय, संजय मौर्या, विजय बहादुर, अमित श्रीवास्तव, सुशील वाल्मीकि, सुभाष पाल को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

इस अवसर पर अनुशासन समिति चेयरमैन पूर्व विधायक श्याम किशोर शुक्ला, प्रदेश महासचिव प्रशासन प्रभारी दिनेश सिंह, सुबोध श्रीवास्तव, बृजेश सिंह, मीडिया संयोजक अशोक सिंह, शहर कांग्रेस अध्यक्ष दिलप्रीत सिंह डीपी, कैप्टल वंशीधर मिश्रा, दिलीप शर्मा, एआईसीसी सदस्य प्रभाकर मिश्रा आदि प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

### अन्तरराष्ट्रीय बाल फिल्मोत्सव का उद्घाटन सीएमएस में आज

**लखनऊ।** नौ दिवसीय अन्तरराष्ट्रीय बाल फिल्म महोत्सव का भव्य उद्घाटन सोमवार 10 अप्रैल, को प्रात: 9.00 बजे सीएमएस कानपुर रोड ऑडिटोरियम में होगा। उपमुख्यमंत्री पाठक फिल्मोत्सव का उद्घाटन करेंगे। बाल फिल्मोत्सव का शुभारम्भ गैब्रिएला गार्सिया मदीना द्वारा निर्देशित अमेरिकी बाल फिल्म 'बर्टी द ब्रिलियन्ट' से होगा। शर्मा ने बताया कि नौ दिवसीय अन्तरराष्ट्रीय बाल फिल्म महोत्सव में बच्चों के चरित्र निर्माण एवं सर्वांगीण विकास हेतु 104 देशों की लगभग 612 शिक्षात्मक बाल फिल्में निशुल्क प्रदर्शित की जायेंगी। फिल्म फेस्टिवल में रोजाना दो दशों होंगे प्रथम प्रात: 9 बजे से एवं दूसरा दोपहर 12 बजे से होगा। यह अन्तरराष्ट्रीय बाल फिल्म महोत्सव सभी के लिए पूर्णतया निशुल्क है एवं लखनऊ के सभी स्कूलों के बच्चे, युवक, माता-पिता, अभिभावक व शिक्षक 'प्रथम आगत प्रथम स्वागत' के आधार पर बाल फिल्में देखने के लिए आमंत्रित हैं।

# स्वच्छता की अलख जगाने वालों को 'वारियर' का खिताब देगी योगी सरकार

● 15 अप्रैल तक रील बनाकर नगर विकास विभाग को भेज सकते हैं इच्छुक प्रतिभागी

● 10 मई को होगी परिणामों की घोषणा

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशा के अनुरूप उत्तर प्रदेश को स्वच्छ प्रदेश बनाने के लिए सीएम योगी आदित्यनाथ ने विगत 6 वर्ष में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। स्वच्छता अभियान के साथ.साथ योगी सरकार ने इस अभियान को जनभागीदारी से भी जोड़ा है। इसी क्रम में अब प्रदेश सरकार ने एक और रचनात्मक पहल की है। स्वच्छ भारत मिशन शहरी के अंतर्गत रुस्वच्छता परमो धर्म स्वच्छ रील प्रतियोगिता 2023 की शुरुआत की गई है। इसके तहत प्रदेश के नागरिकों से स्वच्छता पर आधारित रील्स साझा करने की अपील की गई है। 15 अप्रैल तक लोग अपनी रील्स मेल या वाट्सएप पर भेज सकते हैं। सर्वश्रेष्ठ 3 रील्स बनाने वालों को प्रदेश सरकार श्स्वच्छता वारियरश् का खिताब प्रदान करेगी। इन तीनों रील्स को सरकार के प्रमुख सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर साझा किया जाएगा। वहीं टॉप 10 में शुमार शेष लोगों को भागीदारी का प्रमाण पत्र दिया जाएगा। स्वच्छ भारत मिशन नगरीय निकायद्ध की निदेशक नेहा शर्मा ने बताया कि रील्स की थीम गारबेज फ्री सिटी के तहत परिभाषित किसी एक विषय पर होनी चाहिए। साथ ही रील की सेटिंग उत्तर प्रदेश अर्बन होनी चाहिए। एंट्री जमा करने की लास्ट डेट 15 अप्रैल 2023 है। सभी पात्र रील्स को स्वच्छ भारत मिशन ;शहरीद्ध उत्तर प्रदेश के इंस्टाग्राम और फेसबुक पेज पर 30 अप्रैल 2023 तक अपलोड किया जाएगा। परिणामों की घोषणा 10 मई 2023 को की जाएगी।

आयोजकों ने बताया कि प्रविष्टि मूल होनी चाहिए और पहले किसी भी प्रिंट या डिजिटल मीडिया में प्रकाशित नहीं की गई हो। प्रविष्टि में कॉपीराइट या ट्रेडमार्क वाली छवियां और लोगो शामिल नहीं होने चाहिए। रील को उसकी रचनात्मकता, नवीनता, ऑडियो, संगीत और उपभोक्ता अनुकूल सामग्री के आधार पर आंका जाएगा। सभी पात्र रील्स को स्वच्छ भारत मिशन शहरी उत्तर प्रदेश सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपलोड किया जाएगा। प्रतियोगिता केवल भारतीय नागरिकों के लिए है जो शौकिया फिल्म निर्माता हैं और वर्तमान में उच्च, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कॉलेज और विवि निजी और सार्वजनिक दोनों के छात्र हैं। शौकिया फिल्म निर्माता जो रचनात्मक इच्छा के लिए फिल्मों को एक शौक के रूप में बनाते हैंए लेकिन उसकी आय का प्रमुख स्रोत किसी अन्य माध्यम से होना चाहिए। फिल्म केवल उत्तर प्रदेश के शहरी क्षेत्रों पर आधारित होनी चाहिए। प्रतिभागी को यह सुनिश्चित करना होगा कि उसका प्रोफाइल सटीक और अद्यतन है क्योंकि एसबीएम अर्बन उत्तर प्रदेश आगे संचार के लिए इसका उपयोग करेगा। इसमें नामए फोटो छात्र आईडी और फोन नंबर जैसे विवरण शामिल हैं। अधूरी प्रोफाइल वाली प्रविष्टियों पर विचार नहीं किया जाएगा। आवेदक विधिवत अधिकृत होना चाहिए। आवेदक घोषित करेगा कि यह प्रस्तुति किसी कानून का उल्लंघन नहीं है और न ही किसी भी तरह से किसी संस्था या किसी तीसरे पक्ष के किसी भी अधिकार का उल्लंघन करता है। प्रतिभागी वही व्यक्ति होना चाहिए जिसने रील की संकल्पना की है और उसे शूट किया है और साहित्यिक चोरी स्वीकार नहीं की जाएगी।

प्रतियोगिता से अयोग्यता तक ही नहीं बल्कि इस खंड के किसी भी उल्लंघन के खिलाफ कड़ी दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। पुरस्कार विजेता रील का उपयोग एसबीएम.यू उत्तर प्रदेश द्वारा प्रचार और प्रदर्शन उद्देश्यों के लिए और किसी अन्य उपयोग के लिए भी किया जा सकता हैए जैसा कि पहल के लिए उपयुक्त समझा जा सकता हैए न कि किसी व्यावसायिक उद्देश्य के लिए। प्रविष्टियां समापन तिथि तक और प्रतियोगिता के नियमों और शर्तों में

### इन विषयों पर बना सकते हैं रील

- स्वच्छता बायो डिग्रेडेबल वेस्ट मैनेजमेंट
- प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन
- मल कीचड़ प्रबंधन ;
- व्यवहार परिवर्तन
- स्वच्छ सर्वेक्षण 2023

# नौ शातिर ठग चढ़े पुलिस के हत्थे

**● जादुई मोर पंख का झांसा देकर भोले भाले लोगों को लूटकर हो जाते थे फरार**

**निघासन खीरी।** निघासन पुलिस ने भारत और नेपाल में जादुई मोर पंख का झांसा देकर भोले भाले लोगों को ठगी का शिकार बनाने वाले 9 कुख्यात वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा के निर्देशानुसार जनपद स्तर पर चलाए जा रहे चोरी की घटनाओं में शामिल अज्ञात अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार के कुशल मार्गदर्शन तथा प्रभारी निरीक्षक कोतवाली निघासन प्रभातेश कुमार के नेतृत्व में निघासन पुलिस बल द्वारा थाना निघासन के मुकदमा अपराध संख्या 222/23 धारा 419, 420, 386, 504, 506 के वांछित अभियुक्त गण एनुल पुत्र पुत्तू निवासी ग्राम रायपुर ए रोहित पुत्र प्यारेलाल निवासी ग्राम सोठियाना ए जाहिद पुत्र साबिर निवासी लखहा ए नीरज कुमार यादव पुत्र राम सजीवन यादव निवासी ग्राम सहतापुर सराय ए थाना लम्भुआ जिला सुल्तानपुर एशफीक पुत्र रफीक ए मोहम्मद इसरार उर्फ कल्लू पुत्र नसरत आसिफअली पुत्र चुन्नू सलमान पुत्र मुर्तजा उजेर पुत्र नवी शेर निवासी गण ग्राम सोठियाना थाना निघासन को ग्राम लखहा स्थित छप्पर के बने घर से 8.00 गिरफ्तार किया गया है सभी अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है। 7 अप्रैल को वादिनी श्रीमती चंद्रकला पत्नी स्वर्गीय सुरेंद्र दत्त भट्ट निवासी ग्राम मैठानी भवन गोपेश्वर जिला चमोली उत्तराखंड ने जादुई मोर पंख का लालच देकर बीमारी ठीक करने की गारंटी लेकर धोखाधड़ी करने ए मोबाइल फोन व अन्य दस्तावेज छीन लेने के संबंध में दीपक और उसके अन्य अज्ञात साथियों के विरुद्ध उक्त आशय की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी जिसमें अभी तक जिन अभियुक्तों के नाम प्रकाश में आए हैं उन्हें गिरफ्तार कर सुसंगत धाराओं में जेल भेज दिया गया है बाकी बचे अभियुक्तों की तलाश जारी है। जादुई मोर पंख के बहाने जादुई सामान, किसी भी बड़ी से बड़ी बीमारी का इलाज, सोना चांदी तथा चमत्कारी नागमणि की प्राप्ति तथा घरेलू समस्याओं के समाधान का हवाला देकर उपरोक्त अभियुक्त गण भोले भाले लोगों को अपने जाल में फंसा कर उनका माल असबाब लूट कर रफूचक्कर हो जाते थे स्थानीय तराई क्षेत्र में ठगी का यह धंधा कई वर्षों से लगातार चल रहा थाए लेकिन व्यापक पैमाने पर ठगी के धंधे से जुड़े 9 अभियुक्तों के पुलिस के हत्थे चढ़ जाने की वजह से लोगों को कुछ समय के लिए राहत जरूर मिलेगी। अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का नेतृत्व प्रभारी निरीक्षक कोतवाली निघासन प्रभातेश कुमार ने बखूबी किया। टीम के अन्य सदस्यों में कस्बा इंचार्ज उपनिरीक्षक राम मिलन यादव, उपनिरीक्षक बाबू राम चौकी प्रभारी ढखेरवा, उपनिरीक्षक अवलीश कुमार चौकी प्रभारी पढुवा, हेड कांस्टेबल राज बहादुर रावत, जयचंद्र, अबरार हुसैन, कांस्टेबल नरेश गंगवार, प्रेम किशोर एरवि यादव, संदीप कुमार, योगेंद्र कुमार तथा महिला कांस्टेबल आरती वर्मा शामिल रहे। सभी ने अपनी जिम्मेदारी का बखूबी निर्वहन किया जिसकी वजह से ठगी करने वाले इतने बड़े गिरोह का भंडाफोड़ हो सका। अभियुक्तों की जामा तलाशी के दौरान तमंचे, कारतूस, छुरी, बेवकूफ बनाने वाले छद्म उपकरण, दर्जनों मोबाइल तथा 38000 रुपए भी बरामद हुए।

# ट्विटर पर शिकायत सीएमओ की जांच होगी

**लखीमपुर खीरी।** रात के समय डिलीवरी प्वाइंट बंद होने और प्रसूता महिला को हुई समस्या को लेकर ट्विटर हैंडल पर हुई शिकायत की गई जिसका उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने संज्ञान लेते हुए सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता को कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं। आदेश के क्रम में मामले में दो सदस्य जांच टीम का गठन किया गया है जो चार कार्य दिवसों में अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। सीएमओ डॉक्टर संतोष गुप्ता ने बताया कि ट्विटर हैंडल पर डिलीवरी प्वाइंट बंद होने और प्रसूता को ही समस्या को लेकर एक शिकायत की गई थी। जिसका उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक द्वारा संज्ञान लिया गया है और उनके द्वारा इस मामले में कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं। थाना खीरी क्षेत्र ग्राम मछदेई निवासी आरती पत्नी कौशल को 102 एंबुलेंस सेवा से प्रसव के लिए पीएचसी ओयल लाया गया था जो कि डिलीवरी प्वाइंट भी है, परंतु यह 8 अप्रैल की रात्रि बंद था। इस कारण प्रसूता का प्रसव वहां नहीं हो सका और उसे एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेहजम भेजना पड़ा। ट्विटर हैंडल पर हुई इस शिकायत को गंभीरता से लेते हुए उनके द्वारा सीएमओ खीरी को जांच कर कार्रवाई के आदेश दिए गए। जिसके बाद उनके द्वारा दो सदस्य जांच टीम का गठन कर दिया गया है जो 4 दिवसों में जांच कर अपनी रिपोर्ट सीएमओ को सौंपेंगे।

# शिक्षा के ज्ञान से रोशन कर रहा स्कूल बना जिले का श्रेष्ठ विद्यालय

**लखीमपुर खीरी।** जिला मुख्यालय से लगभग 60 किमी दूर पीएस नारीबेहड जिले में अपनी अलग पहचान बना रहा। शिक्षकों की लगनए निष्ठा ने इस विद्यालय की तस्वीर बदल दी है। विद्यालय के दीवारों पर खूबसूरत चित्र व स्लोगन, कक्षाओं में टाइल्स लगी फर्श, लाइब्रेरी में पढ़ते बच्चेए दीवार पर लगी एलईडी टीवी 3 ये किसी कॉन्वेंट स्कूल का जिक्र नहीं बल्कि प्राइमरी स्कूल का हाल है। जी हां, उप्र के खीरी जनपद के इस स्कूल को देखकर एक बार आपको यकीन नहीं होगा, लेकिन ये वास्तविकता है। प्राथमिक विद्यालय में साफसफाई से लेकर पढ़ाई का स्तर किसी कॉन्वेंट स्कूल से कम नहीं है। डीएम की अभिनव पहल बेस्ट स्कूल ऑफ वीक मुहिम के लिए पीएस नारीबेहड़ चयन हुआ, जो जमीन पर हमारा विद्यालय हमारी पहचान की परिकल्पना को साकार कर रहा।

इं. प्रधानाध्यापक देशराज पाल ने स्टाफ को एकता के सूत्र में पिरोकर शिक्षा क्षेत्र में नित नई उपलब्धियों को प्राप्त करना शुरू किया। जब कार्यभार ग्रहण किया। तब यह विद्यालय सौंदर्यविहीन था। प्रभार के वक्त देशराज ने देखा कि विद्यालय प्रांगण में किसी प्रकार की कोई भी हरियाली नहीं है। बाउंड्रीविहीन विद्यालय को हराभरा, आकर्षक बनाना किसी चुनौती से कम नहीं था किंतु योजनाबद्ध ढंग से कार्य कर अथक प्रयासों से समस्त स्टाफ ने विभिन्न पर्यावरणीय नवाचारों से विद्यालय के सौंदर्यीकरण कार्य शुरू किया। हरा भरी फील्ड बनाई। सरकार से निर्धारित सभी मानकों को विद्यालय पूर्ण कर चुका है। निपुण भारत लक्ष्य को अगस्त तक प्राप्त करने की योजना के तहत शिक्षक संदर्शिकाओ का शत प्रतिशत प्रयोग, अभिलेखीकरण किया जा रहा है।

ब्लॉक में सर्वप्रथम सबसे आकर्षक व सुसज्जित पुस्तकालय की स्थापना कर ब्लॉक के अन्य विद्यालयों के रोल मॉडल का कार्य किया। यह विद्यालय पीएमश्री योजना में भी शामिल है। प्रधानाध्यापक ने स्टाफसंग योजना बनाकर प्रबंध समिति के सहयोग से प्रत्येक कक्ष को आकर्षक टीएलएमए लर्निंग कॉर्नर व स्मार्ट टीवी से युक्त बनाया। गुणवत्तापरक व गतिविधि आधारित शिक्षा के लिए शिक्षकों, अभिभावकों, प्रबंध समिति व ग्राम प्रधान सभी को एकता के सूत्र में बांधकर कार्य करना आरंभ किया। नियमित संपर्क, सहयोग शुरू किया। स्कूल में एक कदम गांव की ओर नामक अभियान का शुरू किया, जिसमें प्रतिदिन अभिभावकों से संपर्क का लक्ष्य रखकर सभी शिक्षकों को निर्धारित समान अनुपात में छात्रों को आवंटित कर दिया। शिक्षकों ने अपने लगन, परिश्रम से बच्चों व अभिभावकों से नियमित संपर्क बनाना शुरू किया।

# राज्यस्तरीय प्रशिक्षण के साथ होगी मॉकड्रिल, कोविड की नई गाइडलाइन जारीः सीएमओ

**लखीमपुर खीरी।** कोविड के देश और राज्य में अचानक तेजी से बड़े मामलों को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सभी जिलों के लिए नई गाइडलाइन जारी की गई है और इसके अनुपालन के आदेश दिए गए हैं। इसे लेकर स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों का एक राज्य स्तरीय प्रशिक्षण 10 अप्रैल को किया जाएगा और 11 और 12 अप्रैल को मॉकड्रिल की जाएगी। वहीं शासन द्वारा निर्देशों के क्रम समस्त तैयारियां पूर्ण की जा रहीं हैं। यह जानकारी सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने दी। साथ ही उन्होंने बताया कि राज्य स्तर से निर्देश प्राप्त हुए हैं कि विगत कुछ दिनों में कोविड रोगियों की संख्या में तीव्र वृद्धि सूचित हुई हैए जिसको देखते हुए आवश्यक है कि इस महामारी के प्रबंधन हेतु सभी आवश्यक तैयारियां समयबद्ध रूप से पूर्ण की जायेंए ताकि आवश्यकता पड़ने पर जन सामान्य को सभी आवश्यक चिकित्सा सुविधाए उपलब्ध कराई जा सकें। इसे लेकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा समस्त तैयारियां पूरी की जा रहीं हैं। वहीं उन्होंने यह भी अपील की कि कोविड प्रोटोकॉल का सभी पालन करें। खांसी, जुखाम, बुखार जैसे लक्षण दिखने पर तत्काल ही अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर कोविड की जांच कराएं। किसी को भी डरने की आवश्यकता नहीं है अपने हाथों को लगातार धोते रहें, साथ ही सैनिटाइजर और मास्क का उपयोग करें। जिससे इस महामारी से बचा जा सके।

# पूर्व सदर विधायक के बेटे सचिन जयसवाल ने किया जनसंपर्क

**● सिविल लाइन, आगा कालोनी, जज कोलोनी, बैजनाथ कालोनी और तरणताल रोड तक किया संपर्क**

**सीतापुर।** निकाय चुनाव में समर्थकों ने जीत के लिए ताकत झोकना शुरु कर दी है। सुबह से लेकर देर रात तक डोर टू डोर जन संपर्क जारी है। समर्थक गली-गली घूमकर अपने उम्मीदवार को जिताने की अपील कर रहे हैं। समाजवादी पार्टी के पूर्व सदर विधायक एंव नगरपालिका परिषद सीतापुर के निवर्तमान चेयरमैन राधेश्याम जयसवाल के पुत्र एवं प्रतिनिधि सचिन जयसवाल ने अपने तमाम समर्थकों और कार्यकर्ताओं के साथ जनसंपर्क किया, और नगरपालिका परिषद सीतापुर में अध्यक्ष पद की दावेदार अपनी पत्नी पूर्व चेयरमैन रश्मि जयसवाल को आगामी नगरपालिका के चुनाव में भारी मतों से जिताने की अपील की। सचिन जयसवाल ने सीतापुर शहर क्षेत्र के मोहल्ला सिविल लाइन, आगा कालोनी, जज कोलोनी, बैजनाथ कालोनी और तरणताल रोड पर डोर टू डोर जनसंपर्क किया। जनसंपर्क कार्यक्रम सचिन जायसवाल की अगुवाई में सैकड़ों समर्थकों एवं सपा कार्यकर्ताओं संग सिविल लाइन मोहल्ले में डॉक्टर रेनू महेश हॉस्पिटल के पास से प्रारंभ हुआ। यहां पर सुधीर जायसवाल, दीपक रावत, संजय दीक्षित, आशीष सेठ, संतोष बाजपेई, आशीष श्रीवास्तव, प्रमोद मिश्रा, गुरु प्रसाद, चंद्र प्रकाश जायसवाल, असलम, नितिन वर्मा, अंकित त्रिवेदी आदि ने सचिन जायसवाल एवं समर्थकों का फूल माला पहनाकर स्वागत एवं अभिनंदन किया। जिसके पश्चात सिविल लाइंस वार्ड के प्रत्येक मोहल्ले में पैदल चलकर डोर टू डोर सभी मोहल्ले वासियों से मिलकर उनका हालचाल लिया। सचिन जायसवाल ने लोगों से बात करते हुए बताया कि हमारी प्राथमिकता रही है कि शहर के लोगों को सभी प्रकार की बुनियादी सुविधाएं प्राप्त हो। शहर को साफ एवं स्वच्छ बनाना, मार्ग प्रकाश व स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का त्वरित निराकरण, शिक्षा संबंधी सुविधाएं व मार्ग निर्माण सहित जल निकासी आदि का प्रबंधन सही प्रकार से हो। उन्होनें सभी से पूर्व चेयरमैन रश्मि जयसवाल को अध्यक्ष बनाए जाने की अपील की। जिस तरह से पूर्व में भी संपूर्ण शहर में गली एवं मार्गों पर सीसी एवं इंटरलॉकिंग कार्य कराया गया, स्कूलों का मरम्मत कार्य, नगर में डिवाइडरों पर नई एलईडी लाइटों का अधिष्ठापन सहित कई तिरंगा झालर लाइटें लगवाई गई। नगर के सभी प्रमुख स्थानों पर गर्मियों के मौसम में ठंडे पानी की उपलब्धता हेतु वाटर कूलर मशीनें लगवाई गई। नगर के प्रमुख मंदिरों का जीर्णोद्धार कार्य कराया गया। पेयजल आपूर्ति व्यवस्था सुदृढ़ कराई गई। नगर के सभी प्रमुख मार्गों के किनारे फुटपाथ का निर्माण कराया गया। उसी तरह इस बार और भी बेहतर व्यवस्थाएं की जांएगीं। जनसंपर्क के दौरान सिविल लाइन वार्ड के सरोज यादव, मुकेश वर्मा, विशाल दीक्षित, रिंकू, आशीष तिवारी, संदीप तिवारी, विजय शुक्ला, सचिन गुप्ता, राहुल रावत, चंदन बारी, जीतू रावत, विनीत कश्यप, प्रियांशु सिंह, विनय केतवाल, अरशद गाजी व रामजीवन रावत सहित अजय निषाद, पंडित हरेराम मिश्रा, रूपेंद्र कुमार पाल, वली हसन, दिनेश जयसवाल, डॉ अवनीश, राजीव जायसवाल बीनू , विनय पुरी, राजेश कश्यप, अमन कश्यप, एडवोकेट सरताज खान, एडवोकेट रूही कमाल अयूबी , मोहम्मद कमाल अंसारी, नितिन सिंह, शिवम सिंह अखिलेश, निवर्तमान सभासद, पूर्व सभासद मौजूद रहे।

# मूर्ति को खण्डित कर महौल बिगाड़ रहे असामाजिक तत्व

**सीतापुर।** मूर्ति को खंडित कर असमाजिक तत्व महौल बिगाड़ने में लगे है। ताजा मामला थाना मछरेहटा क्षेत्र के ग्राम बारेपारा स्थित एक हनुमान मंदिर को लेकर आया है। बताया जाता है यहां गांव के ही गोविंद पुत्र बालकराम ने हनुमान मूर्ति से आखों को निकाल लिया। आरोप है कि युवक शराब के नशे में था। बहरहाल गोविंद की इस हर्कत से पूरे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। लोगों ने इसकी सूचना तत्काल 112 डायल पर दी लेकिन जब तक पुलिस पहुंचती की उससे पहले ही उपद्रवी शराबी युवक भाग निकला। लेकिन वह पुलिस की पकड़ से बच नहीं सका। मछरेहटा इस्पेक्टर रामराघव सिंह ने युवक को ढूंढ निकाला, और उसे पकड़कर थाने ले आए। मामले में एसओ मछरेहटा रामराघव सिंह ने बताया कि युवक के विरुद्ध सम्बन्धित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया जा रहा है। आरोपी हिरासत में है।

## क्विक न्यूज

### अब अवैध अस्पतालों, क्लीनिकों सहित भवन स्वामियों पर भी होगी कारवाईः सीएमओ

**लखीमपुर खीरी।** जिले भर में अलग.अलग स्थानों पर अवैध अस्पतालों और क्लीनिकों के संचालन की शिकायत मिल रही है। इसे लेकर स्वास्थ्य विभाग बड़ी कार्रवाई करने जा रहा है। सीएमओ द्वारा कारवाई के लिए टीमें गठित कर दी गई हैं। सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने बताया कि जिले में जो भी अवैध अस्पताल और क्लीनिक संचालित हैं उन्हें लेकर स्वास्थ्य विभाग कार्रवाई को तैयार है। अपील कि अवैध अस्पताल और क्लिनिक संचालक स्वयं ही इसे बंद कर देंए अन्यथा उन पर विभागीय और कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जिन भवनों में कोई भी अस्पताल या क्लीनिक चल रहा है। उनके भवन स्वामी अपने किराएदार क्लीनिकए नर्सिंग होमए हॉस्पिटल संचालक से इस बात की पुष्टि कर लें कि उनके द्वारा क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट के अंतर्गत रजिस्ट्रेशन कराया गया है या नहींध् अगर कराया गया है तो उसकी छाया प्रति अवश्य लें और उसके बाद ही अपने भवन में क्लीनिकए नर्सिंग होम या हॉस्पिटल को संचालित होने दें। अगर किसी भी भवन में अवैध अस्पताल या अवैध क्लीनिक संचालित मिलता है तो टीम द्वारा अस्पताल और संचालक सहित भवन स्वामियों पर भी कारवाई की जाएगी।

### तीन जोड़ों का कराया विवाह

**सिंगाही खीरी।** सिंगाहा में चल रहे 2 दिवसीय हनुमान महोत्सव के दूसरे दिन 3 जोड़ों का विवाह एक ही मंडप में कराया गया। इस दौरान कार्यक्रम के आयोजक अतुल कुमार व राहुल गुप्ता ने नव विवाहित जोड़ों को आर्शीवाद दिया। सिंगाहा में प्रति वर्ष की भांति हनुमान महोत्सव का आयोजन बड़ी धूमधाम से किया गया। लालपुर के पंडित धनंजय वर्माए प्रहलाद शर्मा और सिंगाही के निवर्तमान चैयरमेन पण्डित उत्तम मिश्रा ने हिंदू रीतिरिवाज के साथ विमलेश कुमार संग अंशु कुमारी, जगदीश कुमार संग रोशनी, रामू संग संगीत का दहेज रहित विवाह कराया। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के बेनीपुरवाए सिन्हौनाए सहेजना आदि स्थानों से भाग लेने पहुंचे। आयोजक अतुल कुमार ने बताया कि करीब दस साल से क्षेत्र गरीब कन्याओं का विवाह कराया जा रहा है। यह कार्यक्रम क्षेत्र के लोगों के सहयोग से संपंन होता है। राहूल गुप्ता ने दहेज का सामान सभी जोड़ों को सिंगल बेडए रजाई गद्दाए तौलियाए बक्शा आदि सामान नवविवाहित जोड़ों को दिया गया।

### आवारा पशुओं से परेशान किसानों ने गौवंश को मरघट में किया बंद

**निघासन खीरी।** आवारा पशुओं को गौशालाओं में संरक्षित किए जाने संबंधी मुख्यमंत्री के आदेश को पलीता लगाने वाले अधिकारियों ने जब कोई ठोस कदम नहीं उठाया तो क्षेत्र की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत लुधौरी के गुस्सा, ग्रामीणों ने परेशान होकर सैकड़ों छुट्टा पशुओं को गांव लुधौरी के ही मुक्तिधाम (मरघट) में बंद कर दिया है। किसानों की परेशानियों को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री योगी ने मुख्य सचिव के माध्यम से सभी मंडलायुक्तों एवं जिलाधिकारियों को आवारा पशुओं को गौशालाओं में संरक्षित किए जाने संबंधी आदेश जारी किया था लेकिन अफसोस! फाइव स्टार कल्चर में जिंदगी का मजा लूटने वाले जिम्मेदार यहां के अधिकारियों ने योगी आदित्यनाथ जी जैसे सख्त मुख्यमंत्री के आदेश को भी धुएं में उड़ा दिया। बेचारे किसान मन मसोस कर रह गए। रातों की नींद हराम हो गई लेकिन दिन रात जागकर चौकसी बरतने के बावजूद छुट्टा पशुओं द्वारा हर बार किसानों की सारी फसल चौपट कर दी जाती है जिससे सभी किसान खून के आंसू रोने पर विवश हैं, जिम्मेदार अफसरों की उदासीनता और लापरवाही हद से ज्यादा बढ़ जाने पर लुधौरी के किसानों ने गत दिवस मीटिंग करके सैकड़ों छुट्टा जानवरों (गौवंश) को हांककर गांव के बाहर बाजार के पास बने मरघट में बंद कर दिया है। चारा पानी के अभाव में मुक्ति धाम में बंद किए गए आवारा पशुओं की हालत बिगड़ने लगी है अगर जल्दी ही संबंधित अधिकारियों ने उक्त जानवरों को संरक्षित नहीं किया तो मुक्ति धाम में ही उनकी हमेशा के लिए मुक्ति हो जाएगी। उक्त आशय की सूचना मिलने पर निघासन तहसीलदार ने अपने अमले के साथ मुक्ति धाम में बंद पशुओं की दशा और दुर्दशा का अवलोकन किया है। इस संबंध में बीडीओ राकेश सिंह ने बताया कि जिन लोगों ने अपने घरों से लाकर पशुओं को मुक्तिधाम में बंद किया है उन्हें उनके जानवर वापस किए जाएंगे बाकी पशुओं को जल्दी ही गौशालाओं में संरक्षित किया जाएगा।

### अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन

गोला गोकर्णनाथ। छोटी काशी के ऐतिहासिक मेला चैती के सांस्कृतिक मंच पर अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का शुभारंभ मुख्य अथिति भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष सुनील सिंहए विशिष्ट अतिथि रायबरेलीएसलोन के विधायक अशोक कुमार व स्थानीय विधायक अमन गिरि ने दीप प्रज्जलित कर किया। देश के प्रख्यात कवियों ने विभिन्न विधाओं रचनाएं सुनाकर भोर के प्रहर तक दर्शकों की तालियां बटोरीं। मंच का संचालन विश्वनाथ सिंह ने किया। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी प्रदीप नारायण दीक्षित, प्रधान लिपिक राजेश बाजपेयी, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक संदीप कुमार वर्मा, नगर पालिका कर्मचारी रामसिंह, अमित श्रीवास्तव, अवधेश कुमार, प्रेमप्रकाश पाठक, आदि मौजूद रहे।

# शतरंज में बी. फार्मा तृतीय वर्ष के रेहान अंसारी ने प्रथम स्थान किया हासिल


**● कैरम प्रतियोगिता में बी फार्मा चतुर्थ वर्ष के मो. कलीम रहे प्रथम**
**● प्रजेन्टेशन प्रतियोगिता में बी. फार्मा तृतीय वर्ष के छात्र आनन्द वैभव सिंह ने मारी बाजी**

**संवाददाता।** सीतापुर

**खेलो फार्मेसी 2023** में छात्रों ने न कि उत्कृष्ट प्रदर्शन किया बल्कि अपनी प्रतिभा प्रदर्शित कर सम्मानजनक स्थान हासिल किया। खेलो फार्मेसी 2023 में सर्वप्रथम क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। जिसमें डी. फार्मा प्रथम वर्ष के छात्रों द्वाराफाइनल खेलकर टीम विजेता बनी जिसके कैप्टन मो. कैफजिन्हें मैनऑफद सीरीज दिया गया। शतरंज खेल में बी. फार्मा तृतीय वर्ष के रेहान अंसारी ने प्रथम स्थान हासिल किया। कैरम प्रतियोगिता में बी फार्मा चतुर्थ वर्ष के मो. कलीम द्वारा प्रथम स्थान हासिल किया गया। प्रजेन्टेशन प्रतियोगिता में बी. फार्मा तृतीय वर्ष के छात्र ष्आनन्द वैभव सिंह ने बाजी मारी। निवन्ध प्रतियोगिता में सलमान अहमद, बी. फार्मा प्रथम वर्ष के छात्र को प्रथम स्थान मिला। जबकि लेमन रेस में बी.फार्मा तृतीय वर्ष के छात्र रेहान अन्सारी ने प्रथम रहे। लम्बी कूद में सौरभ सिंह बी फार्मा प्रथम वर्ष के छात्र ने प्रथम स्थान एवं अमिता सिंह छात्रा ने लम्बी कूद में प्रथम स्थान हासिल किया। 100 मी. रेस में छात्र इमरान बी फार्मा प्रथम वर्ष एवं छात्रा नेहा हबीब बी.फार्मा चतुर्थ वर्ष ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इससे पूर्व जे एस सिंह इन्सटीट्यूट ऑफफार्मेसी पारा सरायं, सीतापुर में चार दिवसीय खेलो फार्मेसी 2023 का शुभारंभ 04 अप्रेल से प्रारम्भ होकर 08 अप्रैल को सम्मपन्न हुआ। शुभारम्भ संस्थान के चेयरमैन अरुण कुमार सिंह, लेखा अधिकारी अशोक कुमार सिंह ने फीता काट कर शांति एवं आजादी के प्रतीक कबूतरों को आजाद कर किया। संस्थान की डायरेक्टर डा. भूमिका योगी एवं डा. सुजीत गुप्ता ने द्वीप प्रज्जल्वित किया। डा. आनन्द, डा. शोषित श्रीवास्तव ,एम.सी. सक्सेना, अवधेश शर्मा, अखिलेश सिंह मौजूद रहे।

# नवविवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

**संवाददाता।** शाहजहांपुर



**विवाह** के एक साल के अंदर ही दहेज के ताने सुन सुनकर परेशान पत्नी ने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या करने से पहले पति पत्नी के बीच काफी विवाद हुआ था। परिवार की सुचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम स्थल भेजा। मिली जानकारी के अनुसार हापुड़ जिले के गढमुकतेशवर कस्बे की रहने वाली 21 साल की जसिपंदर कौर की शादी 13 मई 2022 को शाहजहांपुर जिले के थाना मदनापुर क्षेत्र के गांव डुकरी खुर्द निवासी मलकीत कौर से हुई थी। शादी के बाद से पति पत्नी के बीच घरेलू विवाद चल रहा था। पति ने शादी के बाद भी पढ़ाई कराकर जॉब कराने और यहां तक कि, विदेश तक भेजने का वादा किया था। उसके सारे सपने टूट गए थे। देर शाम विवाद के बाद उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## पति ने शादी के बाद पढ़ाने का किया था वादा

मृतका के मौसेरे भाई लवप्रीत ने बताया कि, जसिपंदर कौर बीए की पढ़ाई कर रही थी। तभी उनकी शादी तय हो गई थी। शादी से पहले उनके पति ने वादा किया था कि, शादी के बाद भी पढ़ाई कराते रहेंगे, जॉब करने पर भी कोई पाबंदी नहीं होगी। गरीबी के कारण जसिपंदर अपनी मां और भाई बहनों का सहारा बनना चाहती थी। भाई के अनुसार, पति ने ये भी वादा किया था कि, शादी के बाद डिग्री दिलाकर उसको जॉब के लिए विदेश भी भेज देंगे।

## कम दहेज लाने का देते थे ताना

शादी होते ही पति ने घर का काम का कहकर पढ़ाई बंद करा दी। आरोप है कि, शादी के बाद से पति और उसके परिवार के लोग शादी में कम दहेज लाने का ताना देते थे। इसी तानों को लेकर आए दिन दोनों के बीच विवाद होता था। देर शाम भी दोनों के बीच विवाद हो रहा था। उसके बाद जसिपंदर ने कमरे में दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। लवप्रीत ने बताया कि, शव को फंदे से उतारने के बाद आरोपी पति ने मायके पक्ष को सूचना दी थी।

# दवा लेकर लौट रही युवती की सड़क हादसे में मौत

**शाहजहांपुर।** पिता और चाचा के साथ दवा लेकर लौट रही युवती की सड़क हादसे में मौत हो गई। ट्रक को ओवरटेक करते समय बाइक ट्रक से टकरा गई थी। हादसे में पिता और उनके भाई घायल हो गए। टक्कर लगने के बाद चालक ट्रक छोड़कर भाग गया। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं पुलिस ने आरोपी चालक की तलाश शुरू कर दी है। थाना पुवायां क्षेत्र के गांव रहदेवा निवासी रूपराम की 18 साल की बेटी नैंसी के पिछले कई दिन से पेट में दर्द हो रहा था। देर शाम रूपराम अपने भाई के साथ बेटी को बाइक से दवा दिलाने के लिए शहर आए थे। वापस लौटते समय थाना सिंधौली क्षेत्र के मुड़िया पवार के पास एक ट्रक को ओवरटेक करते समय बाइक को ट्रक की टक्कर लग गई। टक्कर लगते ही नैंसी रोड पर गिर गई और ट्रक का पहिया उसके ऊपर से गुजर गया। जिससे नैंसी की मौके पर ही मौत हो गई।



हादसे के बाद चालक ट्रक छोड़कर फरार हो गया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने युवती के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक की तलाश शुरू कर दी है।मृतका के परिजनों ने बताया कि काफी समय से नैंसी की तबियत ठीक नहीं थी। उसके पेट में दर्द हो रहा था। दवा दिलाने के लिए ही उसको बाइक से शहर लेकर आए थे। ट्रक को ओवरटेक करते समय ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी।

# एनसीसी कैडेटों ने स्वच्छता अभियान की जन जागरुकता रैली निकाली

**संवाददाता।** शाहजहांपुर

**25 यूपी** बटालियन एनसीसी के निर्देशन में शुरु किए गए स्वच्छता अभियान की कड़ी में स्वामी शुकदेवानंद महाविद्यालय की एनसीसी यूनिट द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक, पान मसला और गुटका खा कर जगह जगह थूकने की आदत तथा ट्रैफिक सिग्नल पर वाहनों को स्टार्ट रखने की आदत के खिलाफ जन जागरुकता रैली निकाली गई। रैली को संबोधित करते हुए लेफ्टिनेंट डॉ. आलोक कुमार सिंह ने कहा कि मेट्रो शहरों मे औसतन एक वाहन दिन में 15-20 मिनट के लिए लाल बत्ती पर रुकता है और 200 मिलीलीटर ईंधन की खपत करता है। यदि 10 लाख वाहन लाल बत्ती पर इंजन बंद कर देते हैं, तो हर साल 1.5 टन पीएम 10 और 0.4 टन पीएम 2.5 को रोका जा सकेगा। उन्होंने कहा कि वाहनों के इंजन बंद करने से न केवल प्रदूषण रुकेगा, बल्कि प्रति वाहन प्रति वर्ष 7,000 रुपये की बचत भी होगी। रैली को रवाना करने से पूर्व महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर राकेश कुमार आजाद ने कहा कि आम भारतीयों में पान मसाला और गुटका खा कर जहां तहां थूकने की बुरी आदत पाई जाती है। जिससे जाने अनजाने ही वे कई प्रकार की संचारी रोगों को प्रसारित करते है। उप प्राचार्य प्रोफेसर अनुराग अग्रवाल ने सिंगल यूज प्लास्टिक के खतरे को रेखांकित करते हुए कहा कि आज माइक्रो प्लास्टिक मानव के खून में भी पहुंच गया है अत: इसे तुरंत ही रोकना होगा। कैडेट सोनू यादव, जितिन गुप्ता, सुमित और गोपाल ने स्वच्छता जागरूकता पर नाटिका प्रस्तुत कर तालियां बटोरी। इस अवसर पर डॉ. कमलेश गौतम, डॉ. प्रकाश डबराल, प्रोफेसर आलोक मिश्रा और 62 कैडेट उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी के निर्देश पर हॉल हाकी क्लब में खेलों का अभ्यास हुआ शुरू



**शाहजहांपुर।** जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह के निर्देशानुसार टाउन हॉल हाकी क्लब में खेलों का अभ्यास प्रारम्भ हुआ है जिसमें हॉकी एवं फुटबॉल के खिलाड़ियों ने अभ्यास किया। सभी खिलाड़ियों का मानना है कि इस तरह शहर में खेलों के प्रति लोग जागरूक भी होगें और शाहजहाँपुर में खेलों को बढ़ावा भी मिलेगा। शाहजहाँपुर शहर के लोग भी अब उस मैदान का जाकर फायदा ले सकेंगे। जिला क्रीड़ाधिकारी शाहजहाँपुर का कहना है कि आगे भी भविष्य में टाउन हॉल हॉकी क्लब में अभ्यास जारी रहेगा तथा टॉउन हॉल हॉकी क्लब में समय-समय पर विभिन्न खेलों की प्रतियोगिताएं करायी जाएगी, जिससे कि शाहजहाँपुर के खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का मौका भी मिलेगा और वह अपने जनपद का नाम भी रोशन कर सकेंगे।

# पत्रकारों के दर्द में साथ खड़ी है सरकार : बृजेश पाठक

- डिप्टी सीएम ने की विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता
- उपजा शपथ ग्रहण समारोह को किया संबोधित



**संवाददाता।** उरई, जालौन

**पत्रकारों** के हर दर्द में सरकार साथ है यह बात उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कही। वे आज स्थानीय सिटी सेन्टर सभागार में उत्तर प्रदेश जर्नलिस्ट एशोसिएशन (उपजा) के नवनियुक्त जिला पदाधिकारियों एवं सदस्यों के शपथ ग्रहण समारोह के दूसरे सत्र के मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित कर रहे थे। उपमुख्यमंत्री श्री पाठक ने कहा कि उपजा कोई साधारण पत्रकार संगठन नही है वह कई दशकों से पत्रकार हितों की बात करता आ रहा है। उपजा से संबंधित सभी पत्रकार राष्ट्रहित और समाजहित में अपनी लेखनी का इस्तेमाल करते है। श्री पाठक ने कहा की पत्रकार भवन बनने की चर्चा है इसमें जो भी कमी पड़ेगी उसका उत्तर प्रदेश सरकार सहयोग करेगी। श्री पाठक ने कहा कि आज जिन पत्रकारों ने दायित्व ग्रहण किया है वे पूर्ण निष्ठा के साथ अपनी लेखनी का इस्तेमाल राष्ट्र एवं समाजहित के लिए करते रहेंगे।

प्रथम सत्र के मुख्य अतिथि भारत सरकार के केन्द्रीय राज्यमंत्री भानुप्रताप सिंह वर्मा ने कहा कि पत्रकार समाज का दर्पण है समाज समझता है कि समाचार पत्र या टीवी में जो भी खबर दिखाई जा रही है वह बिल्कुल सत्य होगी।

उप मुख्यमंत्री, उप्र सरकार ब्रजेश पाठक की अध्यक्षता में सरकार द्वारा चलायी जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं व विकास कार्यो की समीक्षा बैठक विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में आयोजित की गयी। उन्होंने कहा कि जनमानस की समस्याओं के समाधान के लिये अधिकारी जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर समस्याओं का निस्तारण कराये। उन्होंने कहा कि शासन की नीतियों, निर्णयों का शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाये।

उन्होंने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा चलायी जा रही जन कल्याणकारी योजनायें धरातल पर दिखाई दें, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। योजना का लाभ पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने की हम सभी की जिम्मेदारी है, पात्र व्यक्ति योजना से बंचित नही रहना चाहिये। उन्होंने विद्युत विभाग को निर्देशित किया कि किसी भी हाल में ओवर बिलिंग नहीं होनी चाहिये, किसी भी व्यक्ति को अनावश्यक परेशान न किया जाये, फर्जी बिल मिलने पर संबंधित अधिकारियों पर कठोर कार्रवाई अमल में लायी जायेगी।

उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान कहा कि जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर दवाई की उपलब्धता सुनिश्चित रहे साथ ही यह भी सुनिश्चित रहे कि चिकित्सकों द्वारा बाहर की दवाई न लिखी जाये।

डिप्टी सीएम ने जालौन भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत नवीन गल्ला मण्डी एट में गेहूं क्रय केन्द्र का निरीक्षण किया। डिप्टी सीएम ने विकास खण्ड नदीगांव के ग्राम जुगराजपुर में वृहद गौसंरक्षण केन्द्र का निर्माण कार्य का लोकार्पण किया, तथा विकास खण्ड डकोर के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय सोमई में कक्षा 1 से कक्षा 5 के छात्र-छात्राओं को नि:शुल्क पाठ्य पुस्तक का वितरण किया।

उप मुख्यमंत्री ने मलिन बस्ती, वार्ड 18 पटेल नगर पश्चिमी का निरीक्षण किया। उन्होंने मुहल्लेवासियों से वार्ता कर उनकी समस्यायें सुनी। उपमुख्यमंत्री ने राजकीय मेडिकल कॉलेज उरई में इमरजेन्सी वार्ड, भारतीय जन औषधि केन्द्र का निरीक्षण एवं एक्स-रे मशीन का उद्घाटन भी किया।

# प्राकृतिक खेती से दोगुनी हो रही किसानों की आय : पटेल

- सांसद ने किया खाद बीज एवं कीटनाशक व्यापारी संघ सम्मेलन का शुभारंभ



**संवाददाता।** चित्रकूट

**एग्रो** इनपुट डीलर एसोसिएशन नई दिल्ली से सम्बद्ध चित्रकूट खाद-बीज एवं कीटनाशक व्यापारी संघ के व्यापारी सम्मेलन का शुभारम्भ सांसद आरके सिंह पटेल ने किया। सांसद ने कहा कि मोदी-योगी सरकार प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहन देकर बुंदेलखंड के किसानों की आय दोगुनी करने को संकल्पित है। खाद, बीज और कीटनाशक व्यापारी सरकार की मंशानुरूप प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने की दिशा में किसानों का सहयोग करें। उन्होंने भरोसा दिया कि योगी सरकार में किसी भी खाद, बीज एवं कीटनाशक व्यापारी का शोषण और उत्पीड़न नहीं होने दिया जायेगा।

रविवार को मुख्यालय स्थित टाउन हाल में खाद, बीज एवं कीटनाशक व्यापारी संघ के सम्मेलन में सांसद आरके सिंह पटेल ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार बुंदेलखंड में प्राकृतिक खेती को सर्वाधिक प्रोत्साहन दे रही है। कम लागत में बेहतर उत्पादन वाली विष मुक्त खेती को प्राकृतिक खेती एक अच्छा माध्यम है। प्राकृतिक खेती के साथ जैविक खेती को भी बढ़ावा देने की जरूरत है। आने वाले समय में किसानों को अपने जैविक उत्पाद बेचने को संघर्ष नहीं करना पड़ेगा। योगी सरकार प्रदेश के सभी 18 मंडलों में लैब स्थापित कर रही है। जहां किसानों के जैविक उत्पादों को प्रमाणित किया जाएगा, गुणवत्ता पूर्ण बीज मिलेंगे। जैविक और प्राकृतिक खेती से न सिर्फ किसानों की आय में बढ़ोतरी होगी, बल्कि लोगों को भी रसायन मुक्त भोजन मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस पद्धति को अपनाकर किसान कम लागत में अच्छा उत्पादन ले सकेंगे।

# लापता किशोरी का शव यमुना किनारे मिलने से मचा हड़कंप



**मऊ,** चित्रकूट। जिले के मऊ थाना अंतर्गत यमुना नदी के किनारे दो दिन पूर्व से लापता पंद्रह वर्षीय नाबालिग किशोरी का शव मिलने पर हड़कंप मच गया है। घटना कह सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने कहना है कि घटना की गहनता से जांच की जा रहीं है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही किशोरी के मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

मिली जानकारी के मुताबिक दो दिन पूर्व जिले के मऊ कस्बा के यमुना रोड निवासी स्नेहा त्रिपाठी (15) पुत्री राकेश त्रिपाठी के परिजनों ने मऊ थाने में गुमशुदगी की कराई थी। बताते है कि स्नेहा का अपनी सहेली से पैसे के लेनदेन को लेकर विवाद हुआ था।जिसको लेकर दोनों पक्ष मऊ थाने में पहुंचे थे। जिसका पुलिस ने समझौता भी करवाया था। समझौते के बाद मृतिका गुस्सा होकर स्नेहा बीती 07 अप्रैल को घर से गायब हो गई थी। जिसको परिजनों एवं पुलिस ने ढूंढने का प्रयास भी किया। वहीं रविवार को दो दिन पूर्व से लापता किशोरी की लाश यमुना नदी के किनारे बरामद हुई है। विषैला पदार्थ पीने की वजह से डेड बाडी के नीला पडने का अंदेशा जताया जा रहा है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु का सही कारण स्पष्ट हो सकेगा।

# पुलिस ने साइबर अपराधों के चार पीड़ितों की धनराशि कराई वापस

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर मादक पदार्थों की तस्करी एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान के क्रम में थानाध्यक्ष सरधुवा प्रवीण कुमार सिंह की अगुवाई में दरोगा दिनेश कुमार पाण्डेय की टीम ने शुभम पटेल पुत्र शिब्बू पुत्र चुनका उर्फ रामशरन निवासी कस्बा रैपुरा के कब्जे से दो किलो गांजा व एक तमंचा 315 बोर तथा कारतूस बरामद किया है। गिरफ्तार अभियुक्त पर विभिन्न थानों में आधा दर्जन मामले दर्ज हैं। रविवार को इसी क्रम में साइबर अपराध रोकने को जारी अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला व एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी की देखरेख में साइबर सेल प्रभारी/निरीक्षक विजय सिंह की टीम ने साइबर अपराध के चार पीड़ितों के एक लाख 18 हजार 699 रूपये उनके खातों में वापस कराये हैं। संदीप तिवारी निवासी बस स्टैण्ड कोतवाली कर्वी के अज्ञात व्यक्तियों ने उनके खाते से धोखाधड़ी कर 58999 रुपये निकाल लिये थे। ध्यानशील बसरेना निवासी एसडीएम कालोनी कोतवाली कर्वी के अज्ञात व्यक्तियों ने उनके खाते से धोखाधड़ी कर 20000 रुपये निकाल लिये थे। शिवरामपुर की सीमा देवी के खाते से अज्ञात व्यक्तियों ने धोखाधड़ी कर 13300 रुपये निकाल लिये थे। राजापुर कस्ब के योगेश शुक्ला के खाते से अज्ञात व्यक्तियों ने धोखाधड़ी कर 26400 रुपये निकाल लिये थे।

# चित्रकूट में स्वयंसेवकों ने किया बाल पथ संचलन



**संवाददाता।** चित्रकूट

**राष्ट्रीय** स्वयंसेवक संघ द्वारा रविवार को शहर के मुख्य मार्गो और बाजारों से पूर्ण गणवेश में बाल पथ संचलन निकाला गया। पथ संचलन का शहर में जगह जगह फूल बरसाकर स्वागत किया गया।

मुख्यालय स्थित चित्रकूट इंटर कालेज कर्वी में बाल स्वयं सेवक इकट्ठा हुए। इस अवसर पर प्रांत कार्यवाह अनिल श्रीवास्तव ,जिला संचालक श्याम सुंदर मिश्र,नगर संचालक आदर्श श्रीवास्तव,विभाग प्रचारक मनोज कुमार,जिला प्रचारक पुनीत जी आदि ने बाल स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का प्रमुख कार्य आने वाली पीढ़ी को अपनी संस्कृति और सभ्यता से अवगत कराना है। वर्तमान दौर में संस्कृति और सभ्यता का हनन हो रहा है। अपनी आने वाली पीढ़ी को सभ्यता, संस्कृति और देश प्रेम के विषय में बताना है। हमारा देश विश्व गुरु के स्थान पर रहा है और आने वाले समय में भी विश्व गुरु के स्थान पर रहेगा। इसके बाद सीआईसी कॉलेज से पथ संचलन शुरू हुआ। पथ संचालन पटेल तिराहा पहुंचने पर भाजपा नगर अध्यक्ष अर्चना सिंह,ट्राफिक चौराहा पर वरिष्ठ नेत्री रंजना उपाध्याय ,बस स्टैंड पर जिला मंत्री रामबाबू गुप्ता के नेतृत्व में संगीता करवरिया, संजुला पांडेय,बिनेश पटेल आदि ने फूलों की वर्षा कर बाल पथ संचलन का स्वागत किया। घोष का वादन सरस्वती शिशु मंदिर कर्वी ,जूनियर हाईस्कूल व सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज ने किया।

## भारत माता के जयकारों के साथ निकाला पथ संचलन

**जालौन,** उरई। नगर के विभिन्न मार्गो से होकर आरएसएस द्वारा पथ संचलन आयोजित किया गया। जिसमें में बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों ने भाग लिया। इस दौरान भारत माता के जयकारों का उद्घोष भी किया गया। पथ संचलन को लेकर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ कार्यकर्ता नगर के सरस्वती शिशु मंदिर पर एकत्र हुए। वहां से सायं 4 बजे में कार्यकर्ताओं द्वारा पथ संचलन शुरू हुआ। जो इलाहाबाद बैंक, झंडा चौराहा, छोटी माता मंदिर, सब्जी मंडी, पानी की टंकी, कांजी हाउस, देवनगर चौराहा, कोतवाली रोड, काली माता मंदिर रोड, एक्सिस बैंक से होकर पुनः सरस्वती शिशु मंदिर पर समाप्त हुआ।

## क्विक न्यूज

### बंद पड़े नलकूप में मिला वृद्ध का शव

**मौदहा हमीरपुर।** कस्बे से कम्हरिया गांव की तरफ जाने वाले मुख्य मार्ग के बगल में स्थित एक गेस्ट हाउस के सामने वृद्ध का शव मिलने से हड़कंप मच गया वहीं सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्यवाही शुरू कर दी है। जबकि मृतक के भतीजे ने अपने चाचा की मौत शराब के नशे में छत से गिरने के कारण होने की आशंका जताई है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिलौली निवासी रामबाबू पुत्र रामकुमार ने कोतवाली पुलिस को दिए तहरीर में बताया कि उसके चाचा मुन्नीलाल नामदेव(65) पुत्र जगन्नाथ नामदेव निवासी कलौलीतीर कोतवाली हमीरपुर लगभग दो दशक से कस्बे की मण्डी में रहकर मेहनत मजदूरी करने का काम करते थे। बीते सात अप्रैल से कहीं दिखाई नहीं दिए।

### डिप्टी एसपी बनने पर सिठौरा गांव में मना जश्न



**हथगाम, फतेहपुर।** क्षेत्र के सिठौरा गांव निवासी जिला सहकारी बैंक में मुलाजिम रहे स्वर्गीय राम नजर सिंह उर्फ मुन्नू सिंह के सुपुत्र अवध भान सिंह भदौरिया पीसीएस 2022 में 19 वीं रैंक हासिल करते हुए पुलिस उपाधीक्षक के पद पर नियुक्त हुए हैं। उनके आगमन पर घर परिवार तथा गांव में जश्न का माहौल रहा। पिछले दिनों वे सचिवालय में समीक्षा अधिकारी के पद पर नियुक्त हुए थे। परिवारीजनों के साथ उन्होंने पिता की समाधि एवं देवी-देवताओं के दर पर माथा टेककर ईश्वर को धन्यवाद दिया। पिता स्वर्गीय राम नजर सिंह एवं माता लक्ष्मी सिंह के होनहार सुपुत्र अवध भान सिंह पीसीएस में 19 वीं रैंक हासिल करते हुए पुलिस क्षेत्राधिकारी के पद पर नियुक्त हुए हैं। उनकी प्रारंभिक शिक्षा गांव से ही हुई।

### बीस मिनट में खोया बैग लौटाया, जिला बदर को दबोचा

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर चौकी प्रभारी सीतापुर जनार्दन प्रताप सिंह की टीम ने खोए हुए बैग को खोजकर बैग मालिक के सुपुर्द किया। रविवार को बांदा के अमरचंद्र गुप्ता पुत्र राम शंकर गुप्ता जीएसटी कर्मचारी किसी काम से कर्वी आए थे। बेड़ीपुलिया पर चाय पीने को रुकने पर उनका बैग जिसमें एक लैपटॉप और जरूरी कागजात तथा एक हजार रुपये थे, खो गया था। चौकी सीतापुर पुलिस ने तत्काल प्रभाव से सक्रिय होकर बैग की खोजबीन कर 20 मिनट के अंदर बैग को मन्दाकिनी नदी पुल के पास से लावारिश दशा में बरामद कर अमरचंद्र के सुपुर्द किया। इसी क्रम में थानाध्यक्ष सरधुवा प्रवीण कुमार सिंह की टीम के दरोगा शिवमणि मिश्रा ने जिला बदर/टॉप-10 अपराधी समीर उर्फ मुसुआ तिवारी पुत्र नत्थू प्रसाद तिवारी निवासी गडौली थाना सरधुवा को दबोचा है।

### ईद नजदीक आते ही बाजारों में बढ़ी रौनक



**फतेहपुर।** पवित्र रमजान माह का दूसरा अशरा अब समाप्ति की ओर है। जिससे मुस्लिम समुदाय के लोगों से बाजारों में चहल पहल शुरू हो गयी है। चौक, लाला बाजार, चूड़ी वाली गली समेत कई अन्य जगहों के बाजारों में मुस्लिम समुदाय के पुरुषों के साथ-साथ महिलाओ एवं युवतियों द्वारा रमजान की तैयारियों की खरीद फ़रोख्त के साथ ही ईद की खरीदारी करते हुए देखा जा सकता है। रमजान में जहां खाने पीने की चीजों की खरीदारी की जा रही है वहीं ईद की तैयारियां भी शुरू हो चुकी है। ईद के उपलक्ष्य में बाजारों में नये उत्पादों की आमद रफ्त होने के साथ ही खरीदारी के लिये लोगो की बड़ी संख्या में भीड़ उमड़ रही है।

### मनचले की हरकतों से आजिज छात्रा घर में हुई कैद

**फतेहपुर।** जिले में स्कूल चलो अभियान के तहत बच्चो को स्कूल ले जाने के लिए जहां पहल की जा रही है वहीं मनचलों के हौसले के आगे एक छात्रा पढ़ाई छोड़ घर मे कैद होने के लिए विवश हो गई है। खागा कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत कक्षा 11 की छात्रा ने गांव के रहने वाले मनचले से आजिज आकर पढ़ाई छोड़ दी। उसने पुलिस पर इंसाफ न दिलाये जाने का आरोप भी लगाया है। उधर पुलिस के अधिकारी फोन तक नहीं उठा रहे हैं। खागा कोतवाली क्षेत्र के बहलोलपुर एलई गांव की रहने वाली कक्षा 11 की छात्रा ने बताया कि मनचले के घर वालो से शिकायत करो तो घर में चढ़ाई बोलकर धमकाना शुरू कर देते हैं और पुलिस को शिकायत करो तो वह सुनती तक नहीं है जिससे अजीज आकर वह पढ़ाई छोडक़र घर में बैठ गई है। छात्रा ने बताया कि अगर उसे इंसाफ नही मिलेगा तो वह घर से बाहर नहीं निकलेगी, हालांकि इस बारे में पुलिस के अधिकारियों से बात करनी चाही तो उनका फोन तक नहीं उठा लेकिन खागा कोतवाली प्रभारी जांच की बात कह रहे हैं।

# बसपा नेता अनुपम दुबे व सहयोगियों की 2.21 करोड़ की संपत्ति कुर्क

**संवाददाता।** फर्रुखाबाद

**मैनपुरी** जेल में बंद बसपा नेता अनुपम दुबे और उनके सहयोगी की 2.21 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क कर ली गई है। गैंगस्टर की कार्रवाई होने के बाद डीएम के आदेश पर नायब तहसीलदार ने पुलिस फोर्स के साथ पहुंच कर कुर्की की कार्रवाई की ढोल नगाड़े के साथ मुनादी कराई। जब्त की गई संपत्त को नगर पालिका के सुपुर्द कर दिया गया है। फ्तेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र के मोहगा कसरट्टा निवासी बसपा नेता अनुपम दुबे के खिलाफ कई मुकदमे दर्ज हैं। उनके खिलाफ शहर कोतवाली में वर्ष 2021 में गैंगस्टर का मुकदमा दर्ज कराया गया था। इसमें अन्य लोग भी आरोपी बनाए गए थे। जिसकी विवेचना मऊदरवाजा थानाध्यक्ष ओमाद कुमार सिंह कर रहे हैं। गैंगस्टर के आरोपी अनुपम दुबे व उनके सहयोगी राशिद कुरैशी निवासी बहादुरगंज तराई ने गांव में अवैध तरीके से आवासीय प्लाट अर्जित किए थे। डीएम ने आवासीय प्लाट को कुर्क करने का आदेश दिया था।

जिस पर शनिवार को नायब तहसीलदार, मऊदरवाजा थानाध्यक्ष आमोद कुमार सिंह पुलिस बल के साथ बहादुरगंज तराई गांव में पहुंचे। अनुपम दुबे और उसके साथी राशिद कुरैशी के आवासीय प्लाटों को कुर्क करने की कार्रवाई ढोल नगाड़े से मुनादी कराने के बाद शुरू की।

## नगर पालिका चुनाव में टिकट की दावेदारी के लिए मची होड़

**फर्रुखाबाद।** अभी नगरपलिका चुनाव की घोषणा भी नही हुई लेकिन प्रमुख राजनीतिक दलो के नेताओं ने अपनी- अपनी पार्टियो से टिकट के लिए आवेदन शुरु कर दिये है। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता महेंद्र कटियार ने अपने पुत्र गुरुदीप सिंह की पत्नी शुचि कटियार के लिए आवेदन कर दिया है। पूर्व सदर विधायक विजय सिंह की बडे बेटे अविनाश सिंह उर्फ विक्की की पत्नी श्रीमती एकता सिंह सपा से ही नगर पालिका अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ने के आसार प्रबल हैं, क्योकि सपा में उनके उनसे अधिक पहुंच वाला कोई नेता नही माना जा रहा है। पूर्व सदर विधायक विजय सिंह के परिवार पर प्रो, रामगोपाल यादव का हाथ व आर्शीवाद है। जिससे उनकी सपा से टिकट शत प्रतिशत होने के आसार हैं। यदि सपा से किट मिली तो एकता सिंह सबसे मजबूत प्रत्याशी साबित होगी। पूर्व विधायक विजय सिंह की बहू की टिकट के लिए आवेदन किया जाएगा। बताया गया है कि विजय सिंह के बडे बेटे अविनाश सिंह उर्फ विक्की की पत्नी श्रीमती एकता सिंह को को चुनाव लड़ाया जाएगा। भारतीय जनता पार्टी ने अभी उम्मीदवारों से आवेदन नहीं मांगे हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता ने बताया नगरपालिका फर्रुखाबाद व कायमगंज में अध्यक्ष पद के लिए करीब 20-.20 आवेदन किए गये हैं। बसपा जिलाध्यक्ष नगेंद्र पाल ने बताया कि की पार्टी पूरी ताकत से निकाय चुनाव लड़ेगी। फर्रुखाबाद नगर पालिका अध्यक्ष पद के लिए चार एवं कायमगंज नगर पालिका अध्यक्ष पद के टिकट के लिए तीन नामांकन हुए हैं। 11 अप्रैल तक नामांकन जमा किए जाएंगे। जिलाध्यक्ष ने आवेदन करने वालों के नामों को गोपनीय रखने के कारण बताने से मना कर दिया। हाशिए पर चलने के कारण कांग्रेस की टिकट पर चुनाव लड़ने में दिलचस्पी नहीं दिख रही है। वही पूर्व पालिका अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में श्रीमती वत्सला अग्रवाल का चुनाव प्रचार शुरू कर दिया है।

# भोगलपुर में साहित्य संसद का हुआ तीसरा अधिवेशन

**खागा,** फतेहपुर। जन कवि नंदलाल कहीं की चतुर्थ पुण्य स्मृति में आयोजित साहित्य संसद का तृतीय अधिवेशन साहित्यिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम के आयोजक भालचंद्र यादव ने जारी विज्ञप्ति के अनुसार जनकवि नंदलाल कैदी की चौथी पुण्य स्मृति में आयोजित साहित्य संसद का तीसरा अधिवेशन उनकी समाधि स्थल भोगलपुर में संपन्न हुआ। जिसमें कवियों ने अपनी कविताओं से समा बांधा तो वहीं देर रात्रि तक चले सांस्कृतिक महोत्सव में कलाकारों ने गीत संगीत से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कवि नंदलाल कैदी की स्मृति में उनके कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला गया। साहित्य संसद में राज्यों से आए विद्वानों ने विचार प्रकट किए। मंच पर हिंदी साहित्य के महान कवियों एवं लेखकों के चित्र सजाए गए थे जिनमें गजानन माधव मुक्तिबोध, सुभद्रा कुमारी चौहान, जन कवि नागार्जुन, भारतेंदु हरिश्चंद्र, कबीर दास जैसे रचना धर्मी शामिल हैं।

# नवमनोनीत सपा जिलाध्यक्ष का गर्मजोशी से किया गया स्वागत



**फतेहपुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष नरेश चन्द्र उत्तम पटेल ने पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह यादव को दोबारा जिले की जिम्मेदारी सौंपी। जिससे पार्टी कार्यकर्ताओं में जहां जोश उमड़ पड़ा वहीं गजब का उत्साह आज स्पष्ट दिखा। जिलाध्यक्ष ने पार्टीजनो से अगले वर्ष होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले आसन्न निकाय चुनाव में पार्टी का परिचय लहराने के लिए अभी से जुट जाने की अपील की। शहर के रानी कालोनी स्थित एक मैरिज हाल में सपा नेता हाजी रजा की ओर से नवमनोनीत सपा जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह यादव का स्वागत एवं वरिष्ठ सपाईयों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। सपा जिलाध्यक्ष को हाजी रजा ने चांदी का मुकुट व भारी-भरकम माला पहनाकर स्वागत किया। इसके अलावा जिलाध्यक्ष समेत अन्य सपाईयों ने वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का शाल व भाला पहनाकर स्वागत व अभिनंदन किया। तत्पश्चात कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष श्री यादव ने कहा कि प्रदेश की योगी सरकार सभी मोर्चों पर विफल साबित हो रही है। योजनाओं में जमकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है। जिसका हिसाब आने वाले निकाय व लोकसभा चुनाव में प्रदेश की जनता जरूर लेगी।

# पेज एक का शेष

## भारत में...

चीतों ने चार शावकों को भी जन्म दिया है। जुलाई 2019 में प्रधानमंत्री ने वैश्विक नेताओं के गठबंधन का आह्वान किया था और एशिया में अवैध शिकार एवं अवैध वन्यजीव व्यापार पर दृढ़ता से अंकुश लगाने की बात कही थी। अधिकारियों ने कहा कि प्रधानमंत्री के इसी संदेश को आगे बढ़ाते हुए आईबीसीए की शुरुआत की जा रही है। आईबीसीए का उद्देश्य बाघ और शेर समेत दुनिया की बिग कैट परिवार की सात प्रमुख प्रजातियों की रक्षा एवं संरक्षण करना है। आईबीसीए बिग कैट्स प्रजाति के सात पशुओं - बाघ, शेर, तेंदुआ, हिम तेंदुआ, पुमा, जगुआर और चीते के संरक्षण एवं सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित करेगा। सह्याद्री या पश्चिमी घाट में कई आदिवासी समुदाय हैं, जिन्होंने वन्यजीवों और बाघों के फलने-फूलने की दिशा में काम किया है। मोदी ने इन पशुओं के संरक्षण के प्रयासों में उनके योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऑस्कर विजेता वृत्तचित्र द एलिफेंट व्हिस्परर्स में प्रकृति और प्राणियों के बीच पारंपरिक बंधन को भी दर्शाया गया है। प्रधानमंत्री ने कहा, यह खुशी की बात है कि एक तरफ हमने आजादी के 75 वर्ष पूरे किए और आज भारत में दुनिया की 75 फीसदी बाघ आबादी है। यह भी संयोग है कि भारत में बाघ अभयारण्य 75,000 वर्ग किलोमीटर में फैला है। पिछले 10-12 वर्षों में बाघों की संख्या 75 फीसदी बढ़ी है। इससे पहले मोदी ने प्रोजेक्ट टाइगर के 50 साल पूरे होने के अवसर पर कार्यक्रमों के तहत पश्चिमी घाट के रमणीय दृश्यों को देखा और कर्नाटक के बांदीपुर बाघ अभयारण्य में सफारी की। प्राप्त सूचना के अनुसार, सफारी के अनुकूल कपड़े और टोपी पहने प्रधानमंत्री ने बाघ अभयारण्य के अंदर एक खुली जीप में लगभग 20 किलोमीटर की दूरी तय की, जो आंशिक रूप से चामराजनगर जिले के गुंडलुपेट तालुका में और आंशिक रूप से मैसूरु जिले के एच. डी. कोटे और नंजनगुड तालुका में स्थित है।

## यूपी में...

सीट अनुसूचित जाति (महिला), झांसी की सीट अनुसूचित जाति(एससी), शाहजहांपुर और फिरोजाबाद की सीट ओबीसी (महिला), सहारनपुर और मेरठ की सीट ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग), लखनऊ कानपुर और गाजियाबाद महिलाओं के लिए आरक्षित की गई है। वाराणसी, प्रयागराज, अलीगढ़, बरेली, मुरादाबाद, गोरखपुर, अयोध्या, मथुरा-वृंदावन की आठ महापौर सीटें अनारक्षित होंगी। राज्य में 760 नगर निकायों के लिए जिसमें 17 नगर निगम की 199 नगर पालिका परिषद की और 544 नगर पंचायतों की आरक्षण की अधिसूचना जारी कर दी गई है। उल्लेखनीय है कि उच्चतम न्यायालय ने 27 मार्च को उत्तर प्रदेश में शहरी स्थानीय निकाय चुनाव कराने का रास्ता साफ कर दिया और राज्य निर्वाचन आयोग को अन्य पिछड़ा वर्ग कोटे के साथ दो दिन के भीतर इस संबंध में अधिसूचना जारी करने की अनुमति दे दी थी। इससे पहले, राज्य सरकार ने उच्च न्यायालय के 27 दिसंबर, 2022 के आदेश के खिलाफ शीर्ष अदालत का रुख किया था। अपील में कहा गया था कि उच्च न्यायालय पिछले साल पांच दिसंबर को जारी मसौदा अधिसूचना को रद्द नहीं कर सकता, जिसके तहत शहरी निकाय चुनावों में अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और महिलाओं के अलावा ओबीसी के लिए सीट आरक्षण प्रदान किया गया था। इसमें कहा गया था कि ओबीसी संवैधानिक रूप से संरक्षित एक वर्ग है और उच्च न्यायालय ने मसौदा अधिसूचना को रद्द करने में गलती की है।

## पहले निकाय...

का लाभ मिलने में आसानी हो रही है और हमें यह समझना होगा कि एक भी कड़ी कमजोर होने पर जनहित के सभी कार्य प्रभावित होंगे। लखनऊ में जारी एक सरकारी बयान के अनुसार योगी ने पूर्ववर्ती सरकारों की तुलना करते हुए कहा कि वर्ष 2017 के बाद उत्तर प्रदेश को प्रत्एक क्षेत्र में हो रहे विकास का लाभ प्राप्त हो रहा है और छह वर्षों में उप्र ने एक नई आभा और नए कलेवर के साथ दुनिया के सामने अपनी पहचान बनाई है। विपक्षी दलों की पूर्ववर्ती सरकारों पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि छह वर्ष पहले उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था बदतर थी, हर दूसरे-तीसरे दिन दंगे होते थे और न लोग सुरक्षित थें न बेटियां। अराजकता का तांडव था। आप सबने देखा है कि छह साल से यूपी में एक भी दंगा नहीं हुआ है।? मुख्यमंत्री ने कहा, सरकार दंगाइयों का कानूनी तरीके से ठीक से इलाज कर रही है। अब यहां माफिया सिर तान कर नहीं चल सकता। बहन-बेटी की इज्जत से खिलवाड़ नहीं कर सकता। योगी ने जोर देकर कहा कि कोई गुंडा, माफिया किसी गरीब या कारोबारी का जमीन दुकान कब्जा करने का दुस्साहस नहीं कर सकता। उसने ऐसी जुर्त की तो ऐसा उपचार किया जाएगा कि उनकी कई पीढ़ियां अपराध करने से डरेंगी। लोकार्पण व शिलान्यास समारोह को सांसद रवि किशन शुक्ल, कमलेश पासवान व विधायक महेंद्र पाल सिंह ने भी संबोधित किया।

## लोकसभा चुनाव...

गुमराह करने वाली बातें करते हैं लेकिन जनता समझदार है। शिंदे ने महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे पर निशाना साधते हुए कहा कि भगवान राम ने जहां पिता को नहीं दिए गए वचन की लाज रखने के लिए बिना किसी आपत्ति के 14 वर्ष का वनवास भोग लिया वहीं, ठाकरे ने अपने पिता बाला साहब ठाकरे की मंशा और इच्छा के विपरीत उन लोगों (कांग्रेस) के साथ मिलकर सत्ता के लालच में सरकार बना ली जिन्होंने राम मंदिर का विरोध किया था। उन्होंने कहा, वर्ष 2019 में महाराष्ट्र का जनादेश था कि राज्य में शिवसेना भाजपा गठबंधन की सरकार बने लेकिन स्वार्थ और कुर्सी के लालच में गलत कदम उठाया गया, लेकिन हम लोगों ने आठ-नौ महीने पहले उसे सुधार दिया। शिंदे ने उद्धव पर निशाना साधते हुए किसी का नाम लिए बगैर कहा, मैं ऑफिस या घर में बैठकर आदेश देने वाला मुख्यमंत्री नहीं हूं। मैं फील्ड में जाकर काम करने वाला मुख्यमंत्री हूं। अपनी अयोध्या यात्रा को लेकर महाराष्ट्र के पूर्व उपमुख्यमंत्री अजीत पवार की टिप्पणी के बारे में पूछे गए एक सवाल पर शिंदे ने कहा, अजित पवार को मुझे यही कहना है कि राम मंदिर लाखों-करोड़ों हिंदुओं की आस्था का प्रश्न है। अगर आप उसे फालतूगीरी बोलते हो तो राम भक्त आपको आपकी जगह दिखा देंगे। महाराष्ट्र में उत्तर भारतीयों से जुड़े एक सवाल पर शिंदे ने कहा, उत्तर भारतीय और महाराष्ट्र कभी अलग नहीं रहे। वह हमारे साथ खड़े हैं कंधे से कंधा मिलाकर। जो उत्तर भारतीय कई सालों से वहां रह रहे हैं वे सभी महाराष्ट्रवासी हो गए हैं और उनको वे सभी सुविधाएं मिलती हैं जो मराठी लोगों को दी जाती हैं। इससे पहले, शिंदे ने अयोध्या में रामलला के दर्शन किए, राम मंदिर निर्माण कार्य का अवलोकन किया और हनुमानगढ़ी भी गए। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री ने कहा कि राम मंदिर हिंदुत्व का प्रतीक है और इसके साथ हमारी भावनाएं, श्रद्धा और अस्मिता भी जुड़ी है। अयोध्या में 500 साल के लंबे इंतजार के बाद राम मंदिर निर्माण का सपना साकार हो रहा है। मंदिर निर्माण कार्य इतनी तेजी से पूरा होगा यह कोई सोच भी नहीं सकता था। अयोध्या की यह यात्रा अलग ही एहसास दिला रही है और वह इसे सारी जिंदगी भूल नहीं पाएंगे।

## पायलट ने...

हुए भ्रष्टाचार पर राज्य सरकार द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। विपक्ष में रहते हुए हमने वादा किया था कि 45,000 करोड़ रुपए के खदान घोटाले की जांच कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि चुनाव होने में छह-सात महीने बचे हैं, विरोधी भ्रम फैला सकते हैं कि कुछ मिलीभगत है। इसलिए कार्रवाई जल्द करनी होगी ताकि कांग्रेस कार्यकर्ताओं को लगे कि हमारी कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है। राजस्थान के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने भी पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट की मांग का समर्थन किया है।

## राहुल पर...

किया था, यह हमारी शालीनता थी कि हमने आपसे कभी नहीं पूछा कि आपने बोफोर्स और नेशनल हेराल्ड घोटालों से अर्जित अपराध की आय को कहां छुपाया है? और आपने कैसे इतनी बार ओत्तावियो क्वात्रोची को भारतीय न्याय के शिकंजे से बचने दिया? कोई नहीं, हम अदालत में मिलेंगे। प्रधानमंत्री मोदी कई कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए गुवाहाटी आएंगे।

## फिटनेस के...

लिमिटेड द्वारा 'फिट इंडिया मूवमेंट' के सहयोग से किया गया था, जो नागरिकों के बीच फिटनेस और स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए एक राष्ट्रव्यापी अभियान है। इस साड़ी वॉकथॉन के बाद सूरत में चार दिवसीय प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी। इसमें देश भर के साड़ी कारीगरों के हुनर का प्रदर्शन किया जाएगा। स्वास्थ्य के प्रति अपनी जागरूकता पहल के अलावा सूरत नगर निगम सार्वजनिक स्थानों पर शिशु आहार केंद्र विकसित करने की योजना भी बना रहा है। इस कदम का उद्देश्य माताओं को सार्वजनिक स्थानों पर अपने बच्चों को स्तनपान कराने के लिए एक आरामदायक और सुरक्षित स्थान प्रदान करना है।

# रॉकेट दागा, सीरिया इजराइल में बढ़ा तनाव

- यरूशलम के विवादित धार्मिक स्थल के पास माहौल गरमाया
- जवाब में इजराइल के युद्धक विमानों और तोपों ने कई स्थानों पर गोलाबारी की

**भाषा।** यरुशलम



**इज़राइल की** सेना ने कहा कि सीरियाई क्षेत्र से छह रॉकेट दागे जाने के बाद उसकी सेना ने रविवार तड़के सीरिया में जवाबी हमले किए। इज़राइली सेना ने शुरू में कहा था कि दूसरे हमले में जब तीन रॉकेट दागे गए, तो उसने सीरिया के उन इलाकों में पोत से गोलाबारी की, जहां से ए रॉकेट दागे गए थे। बाद में सेना ने कहा कि इज़राइली लड़ाकू विमानों ने सीरियाई सेना के ठिकानों पर हमला किया है, जिसमें सीरियाई फोर्थ डिविज़न का परिसर और राडार एवं तोपखाना चौकियां शामिल हैं। इज़राइली सेना ने कहा कि रविवार तड़के दो रॉकेट इज़राइल की सीमा में दागे गए, जिनमें से एक को हवा में ही मार गिराया गया, जबकि दूसरा खुले इलाके में गिरा। पहला हमला शनिवार को हुआ था, जिसमें एक रॉकेट इज़राइल द्वारा देश में शामिल किए गए गोलान हाइट्स के एक खेत में गिरा था। वहीं, तबाह की गई एक अन्य मिसाइल के टुकड़े सीरिया की सीमा के पास जॉर्डन के क्षेत्र में गिरे। जॉर्डन की सेना ने इसकी पुष्टि की। हमलों में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। बेरूत के अल मयादीन टीवी ने खबर दी है कि दमिश्क स्थित फलस्तीनी समूह ने शनिवार को तीन मिसाइलें दागने की जिम्मेदारी ली है। यह समूह सीरियाई सरकार के प्रति वफादार माना जाता है। खबर में अल कुदुस ब्रिगेड के हवाले से कहा गया है कि फलस्तीनी समूह ने अल-अक्सा मस्जिद पर पुलिस के छापे के जवाब में ए रॉकेट दागे हैं। इस बीच, फलस्तीन के स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि कब्जाए गए वेस्ट बैंक के अज़ूज़ोन शहर में इज़राइली सुरक्षा बलों ने 20 वर्षीय फलस्तीनी युवक को गोली मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के विरोध में इलाके में प्रदर्शन शुरू हो गए। इज़राइली सेना ने कहा है कि सैनिकों ने पथराव कर रहे और विस्फोटक उपकरण फेंक रहे फलस्तीनियों पर गोली चलाई थी। स्वास्थ्य मंत्रालय ने इज़राइली सेना की कार्वाई में मारे गए युवक की पहचान आइद सलीम के तौर पर की है। सीरिया से ए रॉकेट हमले इज़राइली पुलिस की ओर से यरूशलम में स्थित अल अक्सा मस्जिद परिसर में मारे गए छापे की पृष्ठभूमि में किए गए हैं। रमज़ान के पवित्र महीने के दौरान इस छापे को लेकर फलस्तीनियों ने गुस्सा जाहिर किया है, जबकि इसके जवाब में लेबनान और गाज़ा पट्टी में फलस्तीनी चरमपंथियों ने इज़राइल पर रॉकेट हमले किए हैं। इसकी प्रतिक्रिया में इज़राइल के जंगी विमानों ने गाज़ा पट्टी में हमास से कथित रूप से जुड़े स्थलों और दक्षिणी लेबनान पर हमले किए। शनिवार देर रात यरूशलम में तनाव फिर तब बढ़ गया, जब सैकड़ों फलस्तीनी नमाज़ियों ने खुद को मस्जिद में बंद कर लिया। इसके बाद, इज़राइली पुलिस ने मस्जिद में बंद नमाज़ियों को रात में बाहर निकाला। इस तनाव के बाद इज़राइल के रक्षा मंत्री योव गैलेंट ने यहूदी त्योहार पासोवर के मौके पर वेस्ट बैंक और गाज़ा पट्टी से फलस्तीनियों के इज़राइल में प्रवेश करने पर लगाई गई रोक को बढ़ा दिया है। गैलेंट ने कहा कि यह प्रतिबंध पिछले बुधवार को लागू किया गया था, जो आगामी बुधवार को त्योहार के संपन्न होने तक प्रभावी रहेगा।

# विदेश मंत्री जयशंकर युगांडा और मोजाम्बिक की छह दिवसीय यात्रा पर जाएंगे

**भाषा।** नई दिल्ली



**विदेश मंत्री** एस जयशंकर सोमवार को युगांडा और मोजाम्बिक की छह दिवसीय यात्रा पर रवाना होंगे। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने रविवार को यह जानकारी दी।एमईए के मुताबिक, विदेश मंत्री का पहला गंतव्य युगांडा होगा।मंत्रालय ने कहा, विदेश मंत्री 10 से 12 अप्रैल तक युगांडा के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान, वह युगांडा के विदेश मंत्री जनरल जे जे ओडोंगो के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की बातचीत कर सकते हैं। उनके देश के नेतृत्व और अन्य मंत्रियों से मुलाकात करने की भी संभावना है। मंत्रालय के अनुसार, जयशंकर जिंजा (युगांडा) में नेशनल फॉरेंसिक साइंस यूनिवर्सिटी (एनएफएसयू) के ट्रांजिट परिसर का उद्घाटन भी करेंगे। एमईए ने बताया कि जयशंकर की यात्रा के दौरान भारत के बाहर एनएफएसयू का पहला परिसर स्थापित करने को लेकर भारत और युगांडा के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर होने की भी उम्मीद है। मंत्रालय के मुताबिक, जयशंकर युगांडा में सौर ऊर्जा पर आधारित एक जलापूर्ति परियोजना के शिलान्यास समारोह में भी हिस्सा लेंगे। एमईए ने बताया कि विदेश मंत्री के युगांडा के कारोबारी वर्ग को संबोधित करने और प्रवासी भारतीयों के साथ संवाद करने का भी कार्यक्रम है। ंत्रालय के अनुसार, विदेश मंत्री 13 से 15 अप्रैल तक मोजाम्बिक की यात्रा करेंगे। यह भारत के किसी विदेश मंत्री द्वारा मोजाम्बिक की पहली यात्रा होगी।

## विभाजित नहीं करती खालसा : संधू

**वाशिंगटन।** अमेरिका में भारत के राजदूत तरणजीत सिंह संधू ने कहा है कि खालसा एकजुट करने वाली ताकत है , विभाजित करने वाली नही। उन्होंने यह टिप्पणी खालिस्तान समर्थकों के एक छोटे गुट द्वारा भारतीय मिशन पर हिंसक प्रदर्शन किए जाने के कुछ दिन बाद की है। स्वयं एक प्रतिष्ठित सिख परिवार से संबंध रखने वाले संधू ने यह टिप्पणी शनिवार को उस कार्यक्रम मे की जिसमे उन्हें अन्य प्रमुख अमेरिकी सिखों के साथ सिख हीरो अवार्ड से सम्मानित किया गया। संधू ने अपने संबोधन मे कहा, खालसा की स्थापना बैशाखी के दिन गुरुगोबिंद सिंह जी ने एकजुट करने के लिए की थी, न की बांटने के लिए।

## पाकिस्तान में बम विस्फोट में दो सैनिकों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पश्चिमोत्तर क्षेत्र मे सड़क किनारे हुए एक बम विस्फोट मे दो सैनिकों की मौत हो गई। सेना ने यह जानकारी दी।सेना ने बताया कि हमले की जिम्मेदारी पाकिस्तानी तालिबान ने ली है।प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) ने शनिवार को खैबर पख्तूनख्वा प्रांत मे हुए हमले मे मृतकों की संख्या आठ बताई थी। टीटीपी ने स्वाबी इलाके मे एक पुलिस वैन पर हमला करने की भी जिम्मेदारी ली। शनिवार को हुए इस हमले मे एक पुलिस अधिकारी की मौत हो गई थी और दो अन्य घायल हो गए थे।

## टेलर स्विफ्ट और जो एल्विन छह साल के रिश्ते के बाद अलग हुए

**लॉस एंजेलिस।** अमेरिकी पॉप संगीत की मशहूर गायिका टेलर स्विफ्ट और अभिनेता जो एल्विन छह साल के रिश्ते के बाद अलग हो गए है। दोनों के करीबी सूत्र ने एक पत्रिका को खबर की पुष्टि करते हुए बताया कि दोनो के बीच का अलगाव सौहार्दपूर्ण था और यह नाटकीय नही था। स्विफ्ट की एराज यात्रा के दौरान जो एल्विन साथ नही थे। दोनो हाल फिलहाल मे अलग हुए है और यही वजह है कि उसे (एल्विन को) किसी भी कार्यक्रम मे नही देखा गया।

## पंजाब में चुनाव पर फैसले के लिए पाक कैबिनेट की बैठक आज

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत मे 14 मई को चुनाव के आयोजन के लिए पाकिस्तान निर्वाचन आयोग (ईसीपी) को कोष जारी करना है या फिर उच्चतम न्यायालय के इससे संबंधित आदेश की खुली अवहेलना करना है, इस विषय पर फैसला करने के लिए रविवार को संघीय कैबिनेट की आपात बैठक बुलाई गई है। स्थानीय मीडिया मे आई खबरो से यह जानकारी मिली है। डॉन अखबार की खबर के अनुसार, पाकिस्तान की सूचना मंत्री मरियम औरंगजेब ने कहा कि प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की अध्यक्षता मे संघीय कैबिनेट की बैठक लाहौर मे होगी।

## बुर्किना फासो में जिहादियों ने 44 लोगों की हत्या की

**डकार।** उत्तरी बुर्किना फासो मे इस्लामिक चरमपंथियों ने कई हमलों मे कम से कम 44 लोगो की हत्या कर दी। सरकार ने शनिवार को यह जानकारी दी। साहेल क्षेत्र के गवर्नर लेफ्टिनेंट कर्नल पी एफ रोडोल्फे सोरगो ने एक बयान मे कहा कि जिहादियों ने सेनो प्रांत मे कूराकू और तोदोबी गांवो पर हमला किया। सोरगो ने बृहस्पतिवार तथा शुक्रवार को किए गए हमलों को घृणित तथा बर्बर बताया और कहा कि सरकार इलाके मे शांति सुनिश्चित करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने लोगो से शांत रहने की अपील की।

## अफगानिस्तान में आईएस के दो आतंकी मारे गए

**काबुल।** अफगानिस्तान के विशेष बलो ने रविवार को देश के पश्चिमी हिस्से मे एक अभियान के दौरान इस्लामिक स्टेट (आईएस) के दो आतंकवादी मार गिराए और तीसरे को गिरफ्तार कर लिया। एक क्षेत्रीय अधिकारी ने यह जानकारी दी। निमरोज प्रांत के सूचना एवं संस्कृति निदेशक मुफ्ती हबीबुल्लाह इलहाम ने बताया कि प्रांत मे सैयद आबाद जिले मे एक ठिकाने पर छापेमारी के बाद करीब 30 मिनट तक झड़प हुई।

## यमन की राजधानी पहुंचे सऊदी अधिकारी

**काहिरा।** यमन में नौ साल से जारी संघर्ष का समाधान निकालने के अंतरराष्ट्रीय प्रयासो के तहत सऊदी अरब के अधिकारी ईरान समर्थित हूती विद्रोहियो से बातचीत के लिए रविवार को यमन की राजधानी सना पहुंचे। हूती द्वारा संचालित सबा समाचार एजेंसी ने बताया कि यमन मे सऊदी अरब के राजदूत मोहम्मद बिन सईद अल जाबेर के नेतृत्व मे प्रतिनिधिमंडल यमन मे विद्रोहियो के कब्जे वाले इलाको का संचालन करने वाली हूती की सर्वोच्च राजनीतिक परिषद के प्रमुख महदी अल मशत के साथ वार्ता करेगा।

# ईस्टर पर शांति की अपील के बावजूद यूक्रेन में गोलाबारी जारी

**भाषा।** कीव

**यूक्रेन के** अधिकारियों ने रविवार को कहा कि रूसी सैन्य बलों द्वारा की गई गोलाबारी में कम से कम सात नागरिकों की मौत हो गई।

ए गोलाबारी ऐसे वक्त में हुई जब पोप फ्रांसिस और आर्कबिशप ऑफ कैंटरबरी जस्टिन वेलबी ने ईस्टर पर अपने पारंपरिक संदेश में यूक्रेन में युद्ध तथा दुनियाभर में अन्य संघर्ष का उल्लेख किया। यूक्रेन में एक बड़ी आबादी ईसाई धर्म में आस्था रखने वाली है। कुछ कैथोलिक ईसाइयों ने रविवार को ईस्टर मनाया जबकि ऑर्थोडॉक्स गिरजाघरों ने पाम संडे मनाया। यूक्रेन की सेना ने कहा कि रूसी सैन्य बल का ध्यान यूक्रेन के औद्योगिक पूर्वी क्षेत्रों पर कब्जा करने का है। उसने दो अन्य प्रांतों उत्तर-पूर्व में खारकीव तथा दक्षिण-पूर्व में जापोरिज्जिया पर मिसाइल और रॉकेट हमले किए। खारकीव के गवर्नर ओलेह स्निहुबोव ने कहा कि कुपियांस्क शहर में गोलाबारी में रविवार को दो लोगों की मौत हो गई। पहले यह शहर रूस के कब्जे में था लेकिन यूक्रेनी सुरक्षा बलों ने बाद में फिर से इसे अपने कब्जे में ले लिया था। शहर पर रविवार को हमला किया गया। रूसी सैन्य बलों ने रिहायशी इलाकों पर रॉकेट दागे। जापोरिज्जिया शहर परिषद के सचिव अनातोली कुर्तेव ने बताया कि रातभर गोलाबारी में दो लोगों की मौत हो गई, जिनमें एक बच्चा भी शामिल है। जापोरिज्जिया क्षेत्र की गवर्नर युरी मलाश्को ने बताया कि शनिवार को हमले में तीन लोगों की मौत हो गई तथा पांच घायल हो गए। पोप फ्रांसिस ने वेटिकन से ईस्टर पर संदेश में ईश्वर से प्रिय यूक्रेनी लोगों की शांति की ओर उनकी यात्रा में मदद करने तथा रूस के लोगों पर ईस्टर की रोशनी डालने की प्रार्थना की। युद्ध के कारण घायलों और अपने प्रियजनों को खोने वाले लोगों को संबल दें तथा कैदियों को उनके परिवारों तक सुरक्षित लौटाएं। वहीं, यूक्रेन के सशस्त्र बलों के जनरल स्टाफ के अनुसार, रूस ने दोनेत्स्क के लिमान, बखमुत, अव्दिविका और मरिंका पर हमलों पर ध्यान केंद्रित किया है। दोनेत्स्क के क्षेत्रीय गवर्नर पाव्लो किरिलेंको ने कहा कि शनिवार को दो नागरिक घायल हो गए।

## रूस से 31 बच्चों को वापस लेकर आया यूक्रेन



**कीव।** यूक्रेन के एक बचाव संगठन के प्रमुख माइकोला कुलेबा ने कहा कि वह युद्ध के दौरान रूस ले जाए गए 31 बच्चों को वापस लेकर आए हैं। कुलेबा ने शनिवार को कीव में एक संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। वह सेव यूक्रेन संगठन के कार्यकारी निदेशक हैं। यूक्रेन पर रूस द्वारा 24 फरवरी 2022 को हमला किए जाने के बाद से ही यूक्रेनी बच्चों को स्वदेश लाना एक बड़ा मुद्दा रहा है। अंतरराष्ट्रीय आपराधिक अदालत ने रूस पर दबाव बढ़ा दिया है। उसने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन तथा बाल अधिकार आयुक्त मारिया ल्वोवा बेलोवा को 17 मार्च को गिरफ्तारी वारंट जारी कर उन पर यूक्रेन से बच्चों के अपहरण का आरोप लगाया है। इंटरनेशनल कमिटी ऑफ द रेड क्रॉस (आईसीआरसी) के प्रवक्ता जैसन स्त्राजियुसो ने इस सप्ताह कहा था कि उनका संगठन अलग हुए परिवारों के बीच संपर्क बहाल करने तथा उन्हें फिर से मिलाने के लिए बेलोवा के संपर्क में है। बेलोवा ने बुधवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की अनौपचारिक बैठक में कहा कि बच्चों को उनकी सुरक्षा के लिए ले जाया गया था, उनका अपहरण नहीं किया गया था। बहरहाल, अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने इस दावे को खारिज किया है। संयुक्त राष्ट्र में यूक्रेन के राजदूत सर्गेई किस्लित्सिया ने बुधवार को ट्विटर पर दिए एक बयान में कहा कि 19,500 से अधिक बच्चों को उनके परिवारों या अनाथालयों से कब्जे में लिया गया तथा उन्हें जबरन रूस भेजा गया।

## ब्रिटेन में लीसेस्टर के मेयर पद के चुनाव में भारतीय मूल के उम्मीदवारों में मुकाबला संभव

**लंदन।** ब्रिटेन में अगले महीने लीसेस्टर में होने वाले स्थानीय चुनाव में मेयर पद के लिए दो भारतीय मूल के उम्मीदवारों के बीच मुकाबला होने की संभावना है। कंजरवेटिव पार्टी के काउंसलर संजय मोढवाडिया लेबर पार्टी की पूर्व काउंसलर रीता पटेल को टक्कर देंगे जिन्होंने हाल में अपनी उम्मीदवारी की घोषणा की है। पटेल निर्दलीय चुनाव लड़ेंगी और उन्होंने हाल में अपना चुनाव प्रचार शुरू किया है और कहा है कि शहर को नई शुरुआत की जरूरत है और वादा किया कि उनका पहला काम मेयर की रस्मी भूमिका को खत्म करना होगा। कंजरवेटिव पार्टी ने नॉर्थ एविंगटन से काउंसलर मोढवाडिया की उम्मीदवारी की पुष्टि की है जो लेबर पार्टी से संबंधित मौजूदा मेयर सर पीटर सोल्सबी को टक्कर देंगे। वह 12 साल से इस पद पर आसीन हैं। 12 साल पहले ही यह पद बनाया गया था। कंजरवेटिव पार्टी और पटेल दोनों ने कहा है कि वे मेयर की रस्मी भूमिका को खत्म करना चाहते हैं जबकि लीसेस्टर की ग्रीन पार्टी ने इस मामले पर जनमत संग्रह का वादा किया है।

## क्विक न्यूज

### अमेरिका : फ्लोरिडा के एक मकान में गोलीबारी, तीन लोगों की मौत, पुलिस ने संदिग्ध को मार गिराया

**वाशिंगटन।** अमेरिका के फ्लोरिडा में एक संदिग्ध ने मकान के भीतर लोगों पर गोलियां चलाई जिसमें एक बच्चे सहित तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि जवाबी कार्वाई में रविवार तड़के संदिग्ध भी मारा गया। उन्होंने बताया कि घरेलू हिंसा की सूचना मिलने पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची थी और तभी उसने मकान के भीतर से गोलियां चलने की आवाज सुनी। ओरलैंडो पुलिस विभाग द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि संदिग्ध के बाहर निकलने से पहले अधिकारियों ने मकान के अंदर गोलियां चलने की आवाज सुनी और करीब 2.25 बजे उसने (संदिग्ध) अधिकारियों पर गोली चलाई।

### फ्रांस के मार्सिले में इमारत ढहने से 10 लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका

**मार्सिले ( फ्रांस )।** फ्रांस के गृह मंत्री गेराल्ड डर्मैनिन ने रविवार को कहा कि बंदरगाह शहर मार्सिले में एक विस्फोट के बाद पांच मंजिला एक इमारत गिरने से 10 लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका है। अधिकारियों ने बताया कि मलबे में आग लगने से बचाव कार्य में दिक्कतें आ रही हैं। डर्मैनिन ने कहा कि फिलहाल यह पता नहीं चल पाया है कि इमारत गिरने या विस्फोट में कितने लोग मारे गए। उन्होंने कहा कि यह भी नहीं पता चल पाया है कि किस वजह से विस्फोट हुआ। डर्मैनिन ने घटनास्थल का दौरा करने के बाद कहा कि 100 से ज्यादा दमकलकर्मी, अन्य विशेषज्ञ आग बुझाने के काम में जुटे हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह बचाव अभियान संचालित किया जा रहा कि मलबे में फंसे लोगों समेत दमकलकर्मियों को किसी तरह का नुकसान न हो, साथ ही आसपास की इमारतों को भी कोई खतरा न हो। आसपास की लगभग 30 इमारतों को खाली कराया गया है।

### तोशाखाना मामला: लाहौर उच्च न्यायालय 12 अप्रैल को इमरान खान की याचिका पर सुनवाई करेगा

**लाहौर।** पाकिस्तान की एक अदालत ने देश के अपदस्थ प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले की बहुप्रतीक्षित सुनवाई के लिए शनिवार को 12 अप्रैल की तारीख तय की। डॉन समाचारपत्र के अनुसार, न्यायाधीश शाहिद बिलाल हसन की अध्यक्षता वाली लाहौर उच्च न्यायालय की पांच सदस्ईय पीठ याचिका पर सुनवाई करेगी। इसमें कहा गया कि अदालत 12 अप्रैल को सुनवाई फिर से शुरू करेगी और इस मामले में दोनों पक्षों को अपनी दलीलें पेश करने की अनुमति देगी। पाकिस्तान में तोशाखाना एक सरकारी विभाग है, जहां अन्य सरकारों के प्रमुखों, विदेशी हस्तियों द्वारा राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, सांसदों, नौकरशाहों और अधिकारियों को दिए गए उपहारों को रखा जाता है।

### समलैंगिक व्यक्ति को सौंपी गई अमेरिका के चिकित्सकों के सबसे बड़े समूह आईएमए की कमान

**शिकागो।** अमेरिकी स्वास्थ्य क्षेत्र के मुश्किल दौर के बीच समलैंगिक डॉ. जे.सी. एरनफेल्ड को अमेरिकन मेडिकल एसोसिएशन (एएमए) की कमान सौंपी गई है। अमेरिका के कई क्षेत्रों में ट्रांसजेंडर रोगी और गर्भपात चाहने वाले लोग पाबंदियों का सामना कर रहे हैं, चिकित्सकों की सलाह को नकारा जा रहा है, गलत सूचनाएं फैलाई जा रही हैं और कोविड-19 महामारी अभी खत्म नहीं हुई है। ऐसे में एरनफेल्ड की नियुक्ति को अहम माना जा रहा है। डॉक्टर एरनफेल्ड दो दशक पहले एक युवा चिकित्सक के तौर पर एएमए में शामिल हुए थे।

### नेपाल में हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त, पायलट, यात्री को बचाया

**काठमांडू।** नेपाल में निजी हेलीकॉप्टर सेवा प्रदाता हेली एवरेस्ट के एक हेलीकॉप्टर का रविवार सुबह संपर्क टूट गया और यह धौलगिरी में दुर्घटनाग्रस्त पाया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रविवार सुबह 11 बजकर एक मिनट पर उड़ान भरने वाले हेलीकॉप्टर का तेज हवाओं के बीच संपर्क टूट गया था। हेली एवरेस्ट के फुरवा शेरपा के अनुसार हेलीकॉप्टर के मलबे का पता दोपहर 12:40 बजे लगा और पायलट को बचा लिया गया।

# श्रीलंका : राष्ट्रपति विक्रमसिंघे ने ईस्टर धमाकों के पीड़ितों को इंसाफ का भरोसा दिलाया

**भाषा।** कोलंबो

**श्रीलंका** के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने रविवार को भरोसा दिलाया कि 2019 में ईस्टर के मौके पर देश में हुए धमाकों के सभी पीड़ितों को इंसाफ मिलेगा। उन्होंने कहा कि ईस्टर पर हुए धमाकों के संबंध में कानूनी कार्यवाही स्वतंत्र रूप से, निष्पक्ष रूप से और बिना किसी दबाव के जारी है। राष्ट्रपति विक्रमसिंघे ने इस तरह के जघन्य कृत्यों की पुनरावृत्ति रोकने और देश की सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपनी प्रतिबद्धता भी दोहराई। स्थानीय इस्लामी चरमपंथी समूह नेशनल तौहिद जमात (एनटीजे) से जुड़े नौ आत्मघाती हमलावरों ने 21 अप्रैल 2019 को तीन चर्च और तीन लग्जरी होटल में सिलसिलेवार विस्फोट किए थे, जिनमें 11 भारतीयों समेत 270 लोगों की मौत हो गई थी और 500 से ज्यादा लोग जख्मी हुए थे।

## आतंकवाद-रोधी कानून को लेकर उच्चतम न्यायालय के निर्देश का पालन करेंगे: श्रीलंका के विधि मंत्री

*कोलंबो।* श्रीलंका के विधि मंत्री विजयदास राजपक्षे ने आतंकवाद-रोधी प्रस्तावित कानून (एटीए) को लेकर विपक्ष और नागरिक समाज समूहों की आपत्तियों के बीच रविवार को कहा कि सरकार एटीए के संबंध में उच्चतम न्यायालय की टिप्पणियों का अनुपालन करेगी। राजपक्षे ने कहा कि संसद में विधेयक को पेश करने में देरी का निर्णय और अधिक विचार-विमर्श करने के विभिन्न संगठनों के अनुरोधों पर आधारित है।

# ताइवान को चीन से गंभीर खतरा

- अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की समिति ने कहा

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिकी प्रतिनिधि** सभा की चीन संबंधी एक प्रवर समिति के अध्यक्ष माइक गॉलघर ने शनिवार को कहा कि अमेरिका को ताइवान के समक्ष उत्पन्न खतरे को गंभीरता से लेना चाहिए, क्योंकि चीन ने अमेरिकी सांसदों से ताइवान की राष्ट्रपति साई इंग-वेन की मुलाकात के बाद उनके देश (ताइवान) के आसपास सैन्य अभ्यास शुरू कर दिया है। पिछले सप्ताह कैलिफोर्निया में इंग-वेन के साथ हुई बैठक में हिस्सा लेने वाले वरिष्ठ रिपब्लिकन नेता गॉलघर ने कहा कि उनकी योजना है कि वह प्रतिनिधि सभा की इस समिति के माध्यम से कांग्रेस (अमेरिकी संसद) को ताइवान सरकार की रक्षा क्षमता को मजबूत करने के वास्ते उसे शीघ्र सैन्य सहायता पहुंचाने के लिए प्रोत्साहित करें। उन्होंने कहा, मैं समझता हूं कि जो स्पष्ट नजर आ रहा है, उसके संदर्भ में यह बिल्कुल जायज है। चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग की ताइवान को अपने देश में मिलाने की स्पष्ट मंशा है। गॉलघर ने कहा, हमें अपनी प्रतिरोध क्षमता को मजबूत करने के लिए आकाश-पाताल एक कर देने की जरूरत है, ताकि चिनफिंग की समझ में आ जाए कि वह ऐसा कर ही नहीं सकते। चीन ने शनिवार को ताइवान के आसपास अपने जंगी जहाजों और दर्जनों लड़ाकू जेट विमानों से चार दिवसीय सैन्य अभ्यास शुरू किया। माना जा रहा है कि चीन ने अमेरिकी सांसदों और ताइवान की राष्ट्रपति के बीच मुलाकात से नाराज होकर यह कदम उठाया है। अमेरिकी प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष केविन मैक्कार्थी ने बुधवार को ताइवान की राष्ट्रपति साई इंग-वेन की मेजबानी की थी।

## गुड फ्राइडे संधि की वर्षगांठ पर बाइडन आएंगे ब्रिटेन



**लंदन।** ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक अगले सप्ताह उत्तरी आयरलैंड के बेलफास्ट में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन की मेजबानी करेंगे। डाउनिंग स्ट्रीट ने रविवार को यह जानकारी दी। ब्रिटेन बेलफास्ट (गुड फ्राईडे) संधि की 25वीं वर्षगांठ मना रहा है। क्षेत्र के लिए शांति संधि अप्रैल 1998 में हुई थी। बाइडन मंगलवार शाम को ब्रिटेन पहुंचेंगे और सुनक उनसे एयर फोर्स वन विमान के बाहर मुलाकात करेंगे। इसके बाद अमेरिकी राष्ट्रपति सुनक के साथ द्विपक्षीय बातचीत सहित कई कार्यक्रमों में शामिल होंगे। इस संधि ने उत्तरी आयरलैंड के राजनीतिक और आर्थिक परिदृश्य को बदल दिया। सुनक ने कहा, बेलफास्ट (गुड फ्राइडे) समझौता हमारे देश के इतिहास में एक अविश्वसनीय क्षण था। भारतीय मूल के ब्रिटिश नेता ने कहा कि उत्तरी आयरलैंड अवसरों व प्रतिभा से भरा हुआ है।

# देवी और खरगोशों से लेर धर्मशास्त्र तक, ईस्टर का जटिल इतिहास

**भाषा।** ह्यूस्टन




**ईस्टर किस** बारे में है? कुछ तरीकों से इसका बहुत सरल जवाब है कि ईशु मसीह। ईसाइयों का विश्वास है कि वह मरने के बाद फिर से जिंदा हो गए थे। दूसरे तरीके से देखें तो, वसंत के वक्त आने वाले इस पर्व को लेकर किए गए सवाल का जवाब इतना सरल नहीं है। इसमें खरगोश कैसे शामिल हुए? ईस्टरै नाम कहां से आया - और अंग्रेजी शब्द उस तरह से अलग क्यों है जिस तरह से कई अन्य संस्कृतियां पवित्र दिन का उल्लेख करती हैं? यहां तक कि धार्मिक रूप से भी, वास्तव में रेज़रेक्शन (पुनर्जीवन) के मतलब को लेकर भी सार्वभौमिक रूप से सहमति नहीं है। यहां कुछ लेख हैं जो ईस्टर के इतिहास और इसके महत्व पर प्रकाश डालते हैं। **पवित्र खरगोश:** खरगोशों की प्रजनन शक्ति ने उन्हें हजारों वर्षों से पुनर्जन्म का प्रतीक बना दिया है। उदाहरण के लिए, नवपाषाण युग के दौरान कुछ खरगोशों को लोगों के साथ दफनाया गया था। यूएससी डोर्नसाइफ में लोककथाओं के प्रोफेसर टोक थॉम्पसन ने बताया कि शास्त्रीय यूनानी परंपरा में, प्यार की देवी एफ्रोडाइट के लिए खरगोश पवित्र थे। आधुनिक समय की ईस्टर से संबंधी खरगोश की परंपराएं जर्मनी और इंग्लैंड की लोक परंपराओं से उपजी हैं और इस बात के प्रमाण हैं कि देवी ईस्ट्रे का प्रतीक खरगोश भी था। मौत पर जीत: ईस्टर से ठीक पहले पवित्र सप्ताह के दौरान चर्च में कई कार्यक्रम होते हैं जो ईशू की मौत से पहले के अंतिम दिनों और पुनर्जीवन की पड़ताल करते हैं जिसमें पाम संडे और लास्ट सपर (अंतिम भोज) भी शामिल है। वर्जीनिया विश्वविद्यालय में डॉक्टरेट के उम्मीदवार जेसन ओलिवर इवांस ने कहा, बैपटिस्ट के एक सदस्य के तौर पर और धर्मशास्त्री होने के नाते मेरा मानना है कि यह समझना महत्वपूर्ण है कि कैसे ईसाई लोग, खासकर बैपटिस्ट, पुनर्जीवन पर अलग-अलग विचार रखते हैं।

**तारीख का चयन :** ईस्टर ऐसा पर्व है जिसकी तारीख हर साल आगे पीछे होती रहती है। उत्तरी गोलार्ध में रात और दिन का वक्त समान होने के तुरंत बाद यह आता है, क्योंकि दुनिया फिर से खिलने लगती है और यह पुनर्जन्म का जश्न मनाने का उपयुक्त समय है। ऑस्टिन में टेक्सास विश्वविद्यालय के धार्मिक अध्ययन के विद्वान ब्रेट लैंडो ने लिखा है कि ईस्टर की तारीख का चयन इस पर्व की शुरुआत के जटिल इतिहास और सदियों में कैसे यह विकसित हुआ, इसे बताता है। आज के क्रिसमस और हैलोवीन पर्व के समान, ईस्टर मे ईसाई और गैर-ईसाई परंपराओं के तत्व शामिल है। ऐसा लगता है कि ईस्टरै नाम ईसाई धर्म के पहले के काल की देवी ईस्ट्रे से जुड़ा है जो अब इंग्लैंड मे है। वसंत के दौरान यह उत्सव मनाया जाता था। असल मे, ज्यादातर भाषाओं मे इस पर्व का संबंध पासोवर से संबंधित है। गोस्पेल्स का कहना है कि ईशु सूली पर चढ़ाए जाने से पहले के दिनो मे यहूदी त्योहार मनाने के लिए यरूशलेम गए थे। 19वीं सदी मे अमेरिका मे परिवार के साथ वक्त बिताने के मौके पर क्रिसमिस और ईस्टर दोनो प्रसिद्ध हुए।

# अमेरिका के अस्पतालों में फैल रहा है औरिस फंगस

**भाषा।** मोर्गनटाउन (अमेरिका)



**मार्च 2023** के आखिर में अमेरिका के रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्रों ने तेजी से फैलते कैंडिडा औरिस नामक फंगस को लेकर चेतावनी दी थी जिसकी वजह से देश में अस्पतालों में मरीज संक्रमित हो रहे हैं और उनकी मौत हो ही है। अमेरिका में इस फंगस से होने वाले संक्रमण में वृद्धि देखी गई है। वेस्ट वर्जीनिया विश्वविद्यालय में संक्रामक रोग के प्रोफेसर एवं फिजिशियन (चिकित्सक) आरिफ आर. सरवरी ने कैंडिडा औरिस के बारे में बताया कि यह किस तरह से फैल रहा है और अमेरिका में लोग इससे कैसे चिंतित हैं। कैंडिडा औरिस की पहचान हाल में हुई है जो एककोशिकीय फंगस है और यह मनुष्यों को संक्रमित कर सकता है और यह फंगस रोधी दवाओं के प्रति मध्यम रूप से प्रतिरोधी है। अन्य फंगस से संक्रमण की तुलना में कैंडिडा औरिस से संक्रमण अधिक खतरनाक है। कैंडिडा औरिस एक प्रकार का ईस्ट है जिसकी सबसे पहले पहचान 2009 में हुई थी और यह कैंडिडा परिवार की कई प्रजातियों में से एक है जो लोगों को संक्रमित कर सकता है। स्वस्थ लोगों को कैंडिडा के संक्रमण से चिंतित होने की जरूरत नहीं है। लेकिन गंभीर बीमारियों से ग्रसित और अस्पतालों में गहन चिकित्सा इकाई में भर्ती मरीजों को कैंडिडा औरिस से संक्रमित होने का जोखिम अधिक होता है।

## फ्रांसीसी में हिमस्खलन से चार लोगों की मौत

**भाषा।** पेरिस

***फ्रांसीसी*** आल्प्स क्षेत्र में रविवार को हिमस्खलन में चार लोगों की मौत हो गई। फ्रांस के गृह मंत्री ने यह जानकारी दी। प्रारंभिक मृतक संख्या है।

**सार्वजनिक सूचना**

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचना दी जाती है कि श्रीमती कमला देवी द्वारा अटॉर्नी श्रीमती मनोरमा देवी के माध्यम से कार्य करते हुए सम्पत्ति सं. 176, प्लॉट नंबर 143-ए, परिमाप 133 वर्ग गज, खसरा नंबर 189/150 का अंश, संत नगर, ईस्ट ऑफ कैलाश, नई दिल्ली-110065 के संबंध में श्री ओ.पी. शर्मा पुत्र श्री नानक शरण निवासी 197, संत नगर, नई दिल्ली के पक्ष में निष्पादित बिक्री विलेख (सेल डीड) दिनांकित 01-04-1998 खो गई है/गुम हो गई है। सभी व्यक्तियों को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि इस सम्पत्ति के संबंध में किसी भी व्यक्ति के साथ उक्त गुम दस्तावेज के आधार पर कोई संव्यवहार अथवा लेन-देन नहीं करें। यदि कोई व्यक्ति ऐसा पहले ही कर चुका है अथवा ऐसा कर रहा है, कृपया उसकी सूचनना अधोहस्ताक्षरी को लिखित रूप में नीचे वर्णित पते पर, इस सूचना की तिथि से 7 दिन के भीतर दें।

हस्ता./-
देवेन्द्र कुमार शर्मा
197, संत नगर, नई दिल्ली-110065
स्थान : नई दिल्ली
दिनांकित : 10.04.2023

# सेना ने पाकिस्तानी घुसपैठिए को किया ढेर

## ● जम्मू-कश्मीर के पुंछ की घटना, दो को गिरफ्तार किया गया

भाषा। जम्मू

**जम्मू-कश्मीर** के पुंछ जिले में रविवार तड़के नियंत्रण रेखा (एलओसी) के जरिए 17 किलोग्राम नशीले पदार्थों की तस्करी के प्रयास को नाकाम करते हुए एक पाकिस्तानी घुसपैठिए को मार गिराया गया और दो अन्य को गिरफ्तार कर लिया गया। एक रक्षा प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने कहा कि शाहपुर सेक्टर में सेना के जवानों ने घुसपैठियों के खिलाफ यह कार्वाई की। उन्होंने बताया कि घुसपैठिए पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर (पीओजेके) के चंजल गांव के निवासी हैं। जम्मू में सेना के जनसंपर्क अधिकारी लेफ्टिनेंट



कर्नल देवेंद्र आनंद ने बताया कि सैनिकों ने शनिवार की रात सवा 10 बजे पुंछ में नियंत्रण रेखा पर सीमा बाड़ के पास घुसपैठियों की संदिग्ध गतिविधि देखी। उन्होंने बताया, मध्य रात्रि में घुसपैठियों ने एलओसी को पार करने का प्रयास किया। मुस्तैद जवान घुसपैठिए के समूह पर लगातार नजर रख रहे थे। रात दो बजे जवानों ने घुसपैठियों को भारतीय सीमा में दाखिल होने का प्रयास करते देख उन्हें ललकारा। उन्होंने कहा कि जैसे ही घुसपैठिए भागने लगे, उन पर गोलियां चलाई गईं। प्रवक्ता ने कहा कि उनमें से एक को गोली मार दी गई, जबकि अन्य दो अंधेरे, घने जंगल और चट्टानों का फायदा उठाकर जंगल में भाग निकले। लेफ्टिनेंट कर्नल आनंद ने कहा, इलाके की तुरंत घेराबंदी कर दी गई, ताकि घुसपैठिए भाग न सकें और तलाशी अभियान शुरू किया गया, जिसमें मारे गए घुसपैठिया का शव मुठभेड़ स्थल से बरामद किया गया। उन्होंने कहा कि जैसे ही जंगल में तलाशी अभियान आगे बढ़ा, अन्य दो घुसपैठियों को पकड़ लिया गया। उनमें से एक घुसपैठिया घायल अवस्था में है। प्रवक्ता ने बताया कि अभियान के दौरान 17 किलोग्राम मादक पदार्थ के 14 पैकेट, पाकिस्तानी मुद्रा, कुछ दस्तावेज और खाने-पीने के सामान समेत तीन बैग बरामद किए गए। गिरफ्तार घुसपैठियों से प्रारंभिक पूछताछ का हवाला देते हुए लेफ्टिनेंट कर्नल आनंद ने बताया कि उन्होंने (घुसपैठियों ने) दावा किया कि वे पीओजेके के चंजल गांव के निवासी हैं। लेफ्टिनेंट कर्नल आनंद ने कहा, अपनी त्वरित कार्वाई से सेना के मुस्तैद जवानों ने नार्को-आतंकी समूह की घुसपैठ की एक बड़ी कोशिश को नाकाम कर दिया है, जो अपने नापाक मंसूबों के जरिए पुंछ और राजौरी जिलों में शांति भंग करना चाहता था। अधिकारियों ने मारे गए घुसपैठिए की पहचान शरीफ कोहली (45) और उसके गिरफ्तार सहयोगियों की पहचान शकील चौधरी (32) तथा तारिक कोहली (40) के रूप में की है।

## भड़काऊ भाषण देने के मामले में दक्षिणपंथी कार्यकर्ता काजल हिंदुस्तानी गिरफ्तार

**गिर सोमनाथ।** गुजरात के गिर सोमनाथ जिले में रामनवमी के दिन भड़काऊ भाषण देने के आरोप में रविवार को दक्षिणपंथी कार्यकर्ता काजल हिन्दुस्तानी को गिरफ्तार कर लिया गया, जिसके कारण एक अप्रैल को ऊना शहर में सांप्रदायिक झड़प हुई थी। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि हिंदुस्तानी ने रविवार सुबह ऊना में पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया, जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया और एक अदालत में पेश किया गया, जिसने उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया। हिंदुस्तानी विश्व हिंदू परिषद (विहिप) द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में नियमित रूप से शामिल होती रही हैं। उन्होंने अपने ट्विटर अकाउंट के ब्योरे में खुद को एक उद्यमी, शोध विश्लेषक, सामाजिक कार्यकर्ता और राष्ट्रवादी भारतीय के रूप में वर्णित किया है।

# क्या अतीत में ताल्लुक रखने वाले चीनी स्थानों का पुनः नामकरण किया जाए : भाजपा नेता

## ● बैजयंत जय पांडा ने ट्विटर पर उनके विचार पर लोगों से वोट मांगे

भाषा। नई दिल्ली

**भारतीय जनता पार्टी** (भाजपा) के एक वरिष्ठ नेता ने अरुणाचल प्रदेश में कुछ स्थानों का पुन: नामकरण करने के फैसले को लेकर रविवार को चीन पर निशाना साधा और पूछा कि क्या भारत को भी उन स्थानों का पुन: नामकरण करना चाहिए जो पड़ोसी देश के अंतर्गत आते हैं लेकिन उनका भारत से ताल्लुक है। भाजपा के उपाध्यक्ष बैजयंत जय पांडा ने ट्विटर पर उनके विचार पर लोगों से वोट मांगे। उन्होंने कहा, चीन ने हमारे अरुणाचल प्रदेश के भीतर कुछ स्थानों का कथित तौर पर पुन: नामकरण किया है। इसलिए दीर्घकालीन ऐतिहासिक भारतीय संबंधों और पहचान के आधार पर, मैं पूछता हूं कि क्या उन स्थानों के साथ ऐसा नहीं करना चाहिए जो आज चीन की मौजूदा सीमाओं के तहत आते हैं ? कृपया पढ़े और वोट दें। जब 2,000 साल पहले हान साम्राज्य ने युन्नान पर हमला किया था तो वहां शेंदु नाम की एक भारतीय बस्ती होती थी। चलिए उस इलाके को सिंधु नगर बताना शुरू करें ? , ८00 साल पहले एक तमिल बस्ती थी जो अब क्वांझू शहर है जिसमें 12 से अधिक मंदिर हैं। संभवत: हमें उसे न्यू कांचीपुरम कहना चाहिए ? भाजपा नेता ने सवाल किया कि आज के गान्सू प्रांत में प्रसिद्ध मोगाओ गुफाओं में कई भारतीय शैली के भित्तिचित्र और मूर्तियां हैं। कैसा रहेगा अगर हम इसे अजंता ईस्ट बुलाएं ? आज के शिनजियांग प्रांत का नाम रूस के साथ तुर्केस्तान को विभाजित करने के बाद 19वीं सदी में रखा गया था। लेकिन एक हजार साल पहले इसका एक हिस्सा (तरिम बेसिन) सिंधु संस्कृति का था जहां लोग गांधारी भाषा बोलते थे। चलिए इसे गंधर्व प्रदेश कहा जाए ? भारत ने अरूणाचल प्रदेश के कुछ स्थानों का चीन द्वारा पुन: नामकरण करने को सिरे से खारिज करते हुए पिछले सप्ताह कहा था कि यह राज्य भारत का अभिन्न और अटूट हिस्सा है। भारत की यह प्रतिक्रिया ऐसे समय में आई जब हाल में चीन के नागरिक मामलों के मंत्रालय ने अरुणाचल प्रदेश के लिए 11 स्थानों के मानकीकृत नाम जारी किए थे। चीन इस क्षेत्र को दक्षिणी तिब्बत का हिस्सा बताकर इस पर अपना दावा करता है।

## इंडियन ओवरसीज बैंक ने मियादी जमा पर ब्याज 0.40 प्रतिशत तक बढ़ाया

**चेन्नई।** सार्वजनिक क्षेत्र के इंडियन ओवरसीज बैंक (आईओबी) ने मियादी जमा पर ब्याज दरों में 0.40 प्रतिशत तक की वृद्धि करने का फैसला किया है। नई दरें 10 अप्रैल से प्रभावी होंगी। आईओबी ने रविवार को यह जानकारी दी। बैंक ने बयान में कहा कि ग्राहकों को 444 दिन की मियादी जमा पर अब आठ प्रतिशत तक ब्याज मिलेगा।

## कैकेयी पर किताब का विमोचन

**नई दिल्ली।** पौराणिक साहित्य के लोकप्रिय लेखक जय शुक्ला ने कैकेयी त्रयी का द्वितीय खण्ड कैकेयी अखण्ड भारत की शिल्पकार पाठकों हेतु उपलब्ध कर दिया है। शुभारम्भ समारोह कानपुर में संपन्न हुआ। पुस्तक त्रयी के प्रथम खण्ड कोशल की वीरांगना में कैकेयी के शैशवकाल, पाणिग्रहण तथा देवासुर संग्राम में उनकी निर्णायक भूमिकाए जिसमें उन्होंने अपने पति के जीवन को सुरक्षित किया था, को कुशलता से समेटा गया है। द्वितीय खण्ड में कथावस्तु आगे बढ़ती है जिसमें अयोध्या में विजयोत्सव की धूम तथा आर्य सभ्यता के लिए गंभीर आसन्न संकट का वर्णन है। दशानन लंकेश की विस्तारवादी महत्वाकांक्षा हिमालय की घाटियों तक राज्य मलाड तथा करुष तक आ पहुँची थी। जय शुक्ला विरचित कैकेयी त्रयी पाठकों को पौराणिक साहित्य में सर्वाधिक विवादित महारानी कैकेयी के जीवन के उन अनछुये प्रसंगों तथा तथ्यों की रोमांचक यात्रा पर ले जाने में सक्षम है जो आपको नये सिरे से विचार करने पर बाध्य करते हैं।

## उज्जैन में बीच सड़क पर जलकर व्यक्ति की मौत

**उज्जैन (मप्र)।** मध्यप्रदेश के उज्जैन शहर मे 42 वर्षीय व्यक्ति संदिग्ध परिस्थितियो मे बीच सड़क पर जलता हुआ पाया गया और बाद मे इलाज के दौरान रविवार को मौत हो गई। इस व्यक्ति का नाम रिश्वत के एक मामले मे सामने आया था। यह जानकारी एक अधिकारी ने दी। अधिकारी ने बताया कि पुलिस विभिन्न कोणो से घटना की जांच कर रही है। उन्होने बताया कि यह घटना शनिवार रात की है और यह व्यक्ति कोतवाली पुलिस थाना क्षेत्र के एक सार्वजनिक शौचालय से जलता हुआ सड़क पर बाहर आया था और दर्द के मारे चीख रहा था। कोतवाली थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह परिहार ने बताया, आसिफ पेटर नाम के व्यक्ति को उज्जैन मे शनिवार को सड़क पर जलता हुआ पाया गया।

## जम्मू-कश्मीर में आदिवासी आबादी को मिलेगी सुविधा

**जम्मू।** केंद्र शासित प्रदेश के अधिकारियो ने रविवार को विभिन्न जिलो से पशुओं और प्रवासी आदिवासी परिवारो के वास्ते जम्मू-कश्मीर मे पहाड़ी चरागाहो के लिए 100 ट्रको के बेड़े को हरी झंडी दिखाई। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि ट्रको को जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग और मुगल रोड दोनो पर तैनात किया गया, जो जम्मू मे पुंछ और राजौरी के जुड़वां सीमावर्ती जिलो को दक्षिण कश्मीर के शोपियां से जोड़ने वाला एक वैकल्पिक मार्ग है। उन्होंने बताया कि जनजातीय मामलो के विभाग द्वारा महत्वपूर्ण सड़को पर सुचारू यातायात प्रबंधन सुनिश्चित करने के अलावा 20-30 दिनो की पैदल यात्रा के समय को घटाकर एक-दो दिन करने के लिए परिवहन व्यवस्था की गई। जनजातीय मामलो के विभाग के सचिव शाहिद इकबाल चौधरी ने कहा कि उपराज्यपाल मनोज सिन्हा प्रवासी आदिवासी आबादी को परिवहन सहायता और पारगमन सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होने कहा, मुख्य सचिव अरुण कुमार मेहता द्वारा परिवहन सुविधाओ को सुनिश्चित करने और राष्ट्रीय राजमार्ग और मुगल रोड पर 100 प्रतिशत प्रवासी आबादी को सुविधाओ के अंतर्गत लाने के निर्देश भी जारी किए गए।

# पीएम मोदी ईस्टर के मौके पर गिरजाघर पहुंचे



भाषा। नई

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र** मोदी ईस्टर के मौके पर रविवार को यहां सेक्रेड हार्ट कैथेड्रल चर्च पहुंचे। इस संबंध में जारी एक आधिकारिक वीडियो में मोदी को पादरियों और उपासकों का अभिवादन करते देखा जा सकता है। बाद में, प्रधानमंत्री उनके साथ प्रार्थना में शामिल हुए। प्रधानमंत्री मोदी ने परिसर में एक पौधा भी लगाया। गिरजाघर से लौटने के बाद मोदी ने ट्वीट किया, आज ईस्टर के बेहद खास मौके पर मुझे दिल्ली के सेक्रेड हार्ट कैथेड्रल चर्च जाने का मौका मिला। मैं ईसाई समुदाय के आध्यात्मिक नेताओं से भी मिला। मोदी के गिरजाघर पहुंचने को राजनीतिक मायने से भी देखा जा रहा है क्योंकि सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सक्रिय रूप से ईसाइयों को लुभाने में लगी है। इससे पहले दिन में मोदी ने ट्वीट किया, ईस्टर की शुभकामनाएं। यह विशेष अवसर हमारे समाज में सद्भाव की भावना को गहरा करेगा। यह लोगों को समाज की सेवा करने और दलितों को सशक्त बनाने में मदद करने के लिए प्रेरित करेगा। हम इस दिन ईसा मसीह के पवित्र विचारों को याद करते हैं।

### राष्ट्रपति मुर्मू का सुखोई में उड़ान भरना प्रत्एक भारतीय को प्रेरित करने वाला : प्रधानमंत्री मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमान में उड़ान भरने को लेकर उनकी सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने बार-बार असाधारण नेतृत्व क्षमता का प्रदर्शन किया है। राष्ट्रपति मुर्मू ने शनिवार को असम के तेजपुर वायुसेना अड्डे से सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमान में उड़ान भरी। मुर्मू की इस लड़ाकू विमान में यह पहली उड़ान थी। सुखोई में उड़ान भरने से जुड़ा राष्ट्रपति का ट्वीट साझा करते हुए मोदी ने कहा, इसने हर भारतीय को प्रेरित किया है। राष्ट्रपति जी ने बार-बार असाधारण नेतृत्व क्षमता का परिचय दिया है। वहीं, योग महोत्सव के संपन्न होने से जुड़ा एक ट्वीट टैग करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस, 2023 के लिए 75 दिनों से कम समय बाकी है और वह लोगों से इसे बड़े उत्साह के साथ मनाने और नियमित रूप से योग का अभ्यास करने का आग्रह करेंगे। शनिवार को अपने तमिलनाडु दौरे पर एक ट्वीट का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, जैसा कि मैंने कल अपने भाषण में कहा था - मुझे तमिल भाषा, तमिल संस्कृति और चेन्नई की जीवंतता से प्रेम है।

## शिअद नेता इंदर इकबाल सिंह अटवाल, उनके भाई और पंजाब के अन्य नेता भाजपा में शामिल हुए

**नई दिल्ली।** शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के नेता इंदर इकबाल सिंह अटवाल रविवार को केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी और पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में यहां भाजपा में शामिल हो गए। भाजपा में शामिल होने के लिए शिअद छोड़ने वाले अटवाल, चरणजीत सिंह अटवाल के बेटे हैं, जो 2004 से 2009 तक 14वीं लोकसभा के डिप्टी स्पीकर थे और जिन्होंने पूर्व में पंजाब विधानसभा के अध्यक्ष के रूप में भी काम किया था। अटवाल के साथ उनके छोटे भाई जसजीत सिंह अटवाल और पंजाब के अन्य नेता भी यहां पार्टी मुख्यालय में भाजपा में शामिल हुए। शिअद के बाबासाहेब आंबेडकर के विचारों को अगर सही मायने में कोई लागू कर रहा है तो वह है प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली भारत सरकार। केंद्र सरकार के विभिन्न योजनाओं से प्रभावित होकर मैं भाजपा में शामिल हो रहा हूं।

# 2047 तक भारत की नौ प्रतिशत बिजली परमाणु स्रोतों से प्राप्त होगी: जितेंद्र सिंह

भाषा। नई दिल्ली

**केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह** ने रविवार को कहा कि 2047 तक भारत को 9 प्रतिशत बिजली परमाणु स्रोतों से प्राप्त होगी। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री ने मुंबई में भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र के कामकाज की समीक्षा के बाद यह टिप्पणी की। सिंह ने कहा कि भारत के ऊर्जा क्षेत्र में परमाणु ऊर्जा की हिस्सेदारी बढ़ने से उसे 2070 तक शुद्ध शून्य उत्सर्जन लक्ष्य हासिल करने की प्रतिबद्धता के करीब पहुंचने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि परमाणु ऊर्जा विभाग को 2030 तक परमाणु ऊर्जा उत्पादन की 20 गीगावाट (जीडब्ल्यू) क्षमता हासिल करने का लक्ष्य दिया गया है, जो भारत को अमेरिका और फ्रांस के बाद दुनिया में परमाणु ऊर्जा का तीसरा सबसे बड़ा उत्पादक बना देगा। सिंह ने कहा कि इस तेज प्रगति का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जाता है, जिन्होंने एक आदेश में 10 रिएक्टरों को एक साथ मंजूरी देने का फैसला लिया और साथ ही सार्वजनिक उपक्रमों के साथ संयुक्त उद्यमों के तहत परमाणु प्रतिष्ठानों को विकसित करने की भी अनुमति दी। भारत के पास दुनिया में छठे सबसे अधिक कार्यात्मक परमाणु रिएक्टर हैं और निर्माणाधीन रिएक्टरों सहित रिएक्टरों की दूसरी सबसे बड़ी संख्या है। सिंह ने कहा कि मौजूदा स्थापित परमाणु ऊर्जा क्षमता 2031 तक 6,780 मेगावाट (मेगावाट) से बढ़कर 22,480 मेगावाट हो जाएगी। उन्होंने कहा कि यह बढ़ोतरी निर्माणाधीन परियोजनाओं के पूरा होने पर होगी।

## रिटर्न देने के मामले में अब बैंक एफडी का मुकाबला कर रही हैं डाकघर बचत योजनाएं

**नई दिल्ली।** छोटी बचत योजनाओं पर ब्याज दरों में लगातार तीन बार बढ़ोतरी होने से डाकघर की सावधि जमा एक बार फिर बैंक एफडी के मुकाबले में खड़ी हो गई हैं। लघु बचत योजनाओं के तहत डाकघर में दो साल की सावधि जमा पर 6.9 प्रतिशत ब्याज मिल रहा है जो अधिकांश बैंकों की तरफ से समान परिपक्वता अवधि वाली जमाओं पर दी जाने वाली दर के बराबर है। रिजर्व बैंक ने मई, 2022 में रेपो दर में वृद्धि का सिलसिला शुरू किया था और तब से यह चार प्रतिशत से बढ़कर 6.50 प्रतिशत हो चुकी है। इसका असर यह हुआ कि पिछले वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में बैंकों ने अधिक वित्त जुटाने के लिए खुदरा जमाओं पर ज्यादा ब्याज देना शुरू कर दिया। इसका नतीजा यह हुआ कि मई, 2022 से फरवरी, 2023 के दौरान बैंकों की नई जमाओं पर भारित औसत घरेलू सावधि जमा दर (डब्ल्यूएडीटीडीआर) 2.22 प्रतिशत तक बढ़ गई।

# कुस्तौर में प्रदर्शनकारी कुर्मियों ने रेल पटरी खाली की

## ● कोटशिला में नए अवरोधक लगाए

भाषा। नई दिल्ली

**अनुसूचिति जनजाति** (एसटी) के दर्जे समेत अपनी विभिन्न मांगों को लेकर आंदोलनरत कुर्मी समाज ने आंदोलन के पांचवें दिन रविवार को पश्चिम बंगाल के पुरूलिया जिले में कुस्तौर रेलवे स्टेशन के पास रेलपटरियों पर से अपना धरना-प्रदर्शन समाप्त करने के घंटे भर के भीतर ही कोटशिला में आंदोलन फिर शुरू कर दिया। इस आंदोलन के कारण अभी तक कम से कम 500 ट्रेनें कुस्तौर रेलवे स्टेशन से होकर नहीं गुजर पाई हैं। कुर्मी नेता अजीत महतो ने कहा था कि फिलहाल कुस्तौर में आंदोलन वापस लिया जा रहा है लेकिन नेतृत्व के बीच चर्चा के बाद भविष्य में उसे तेज किया जा सकता है। दक्षिण पूर्व रेलवे के एक अधिकारी ने बताया कि कुस्तौर से आंदोलन वापस लिए जाने के एक घंटे के भीतर से वहां से करीब 48 किलोमीटर दूर पुरुलिया जिले के कोटशिला स्टेशन पर दोपहर 12 बजकर 20 मिनट पर नया रेल रोको आंदोलन शुरु हो गया। हालांकि, पश्चिम मेदिनीपुर जिले के खेमाशुलि में रेलमार्ग अब भी बाधित है। खेमाशुलि में कुर्मी समुदाय के एक नेता ने कहा कि रेल रोको आंदोलन में रात में एक बजे से सुबह पांच बजे तक और दिन में पूर्वाह्न 10 बजे से अपराह्न तीन बजे तक ढील दी जाएगी। उन्होंने कहा, अवरोधक को पूरी तरह हटाने का फैसला हमारे नेताओं और पश्चिम बंगाल सरकार के मुख्य सचिव के बीच सोमवार को होने वाली बैठक के नतीजे पर निर्भर होगा। कुर्मी नेता महतो ने आंदोलन के पांचवें दिन रविवार को कुस्तौर से रेल रोको आंदोलन समाप्त करने की घोषणा की। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, हमारी मांगें अभी तक नहीं मानी गई हैं लेकिन हम फिलहाल आंदोलन वापस ले रहे हैं।

## नफरत से लड़ना समय की मांग है: तुषार गांधी

**पुणे।** महात्मा गांधी के प्रपौत्र तुषार गांधी ने रविवार को कहा कि अपने मनोपटल और कर्म में अहिंसा को शामिल करके नफरत और विचारों की हिंसा से लड़ना समय की मांग है। तुषार गांधी ने नया भारत जिस दिशा में बढ़ रहा है, उसे लेकर और नफरत फैलने पर अफसोस जताया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के राष्ट्र के पिता महात्मा गांधी नहीं होंगे, बल्कि गोडसे होगा। उन्होंने कहा, सबसे खतरनाक हिंसा विचारों की हिंसा है। इन दिनों हम देखते हैं कि लोगों के दिल में कुछ है और जुबान पर कुछ और है, इसलिए हमें अहिंसा का अर्थ समझने और इसे हमारी सोच में शामिल करने की आवश्यकता है। तुषार गांधी ने यहां एक समारोह में कहा, नया भारत जिस दिशा में आगे बढ़ रहा है, उसके राष्ट्रपिता मोहनदास करमचंद गांधी नहीं होंगे, बल्कि (गांधी का हत्यारा) नाथूराम गोडसे होगा। हमें चिंतित होना चाहिए कि नफरत और द्वेष हमारे दिमाग में नई जगह बना रहे हैं। यहां तक कि महाराष्ट्र में भी हम घृणा का प्रसार होते देख रहे हैं।

# फर्जी खबरों की पहचान के लिए नियमों में संशोधन पर परामर्श जारी है : रीजीजू

भाषा। बडगाम



**केंद्रीय कानून** मंत्री किरेन रीजीजू ने रविवार को कहा कि फर्जी और झूठी खबरों की पहचान से संबंधित नियमों में संशोधन परामर्श प्रक्रिया के तहत है लेकिन इन्हें लागू करने से पहले काफी विचार-विमर्श की जरूरत है। कानूनी सहायता कार्यालय का उद्घाटन करने के बाद उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा, हम पूरी चुनाव प्रक्रिया में कुछ खास संशोधन करने पर विचार कर रहे हैं। मैं कोई वादा नहीं कर सकता क्योंकि यह परामर्श प्रक्रिया है जो जारी है। इसलिए फर्जी खबरें, झूठी खबरें और तथ्यों के साथ छेड़छाड़..ए सभी महत्वपूर्ण बातें हैं जिन पर काफी चर्चा की जरूरत है। हम वह कर रहे हैं।इलेक्ट्रोनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यवर्ती दिशानिर्देश एवं डिजिटल मीडिया नैतिक संहिता) संशोधन नियमावली 2023 अधिसूचित की है। भाजपाका मुकाबला करने के लिए विपक्ष में एकता संबंधी नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला के आह्वान पर केंद्रीय मंत्री रीजीजू ने कहा कि यह बस सत्तारूढ़ दल की ताकत को दर्शाता है। यह दर्शाता है कि भाजपा बहुत मजबूत है। जब उनसे पूछा गया कि जम्मू कश्मीर में चुनाव कब होंगे, रीजीजू ने कहा, यहां तारीखों को लेकर मैं कुछ नहीं बता सकता।

## क्विक न्यूज

### बाड़मेर में बलात्कार के बाद जलाई गई दलित महिला का अंतिम संस्कार

**जयपुर।** राजस्थान के बाड़मेर जिले में एक व्यक्ति द्वारा कथित रूप से बलात्कार के बाद जलाई गई एक दलित महिला का रविवार को परिवार के सदस्यों के साथ मांगों को लेकर सहमति के बाद अंतिम संस्कार कर दिया गया। एक अधिकारी ने बताया कि शनिवार की देर रात जोधपुर में पोस्टमार्टम के बाद दलित महिला का शव बाड़मेर के बालोतरा लाया गया। उन्होंने बताया कि रविवार की सुबह उसका अंतिम संस्कार किया गया। बाड़मेर के अतिरिक्त जिलाधिकारी अवनीश पंवार ने बताया, शनिवार की देर रात परिवार के लोग प्रशासन के आश्वासन पर राजी हो गए जिसके बाद दलित महिला का पोस्टमार्टम किया गया। आज सुबह अंतिम संस्कार कर दिया गया। उन्होंने आगे बताया, परिवार के सदस्य पोस्टमार्टम के लिए तब राजी हुए जब उन्हें आश्वासन दिया गया कि उन्हें सभी सरकारी योजनाओं के तहत अधिकतम लाभ प्रदान किया जाएगा। कल बालोतरा विधायक मदन प्रजापत ने कहा था कि परिवार को 25 लाख रुपए का मुआवजा दिया जाएगा, इसके अलावा उन्हें पांच लाख रुपए दिए जाएंगे। इस बीच, पीड़ित परिवार के सदस्यों से मिलने और संवेदना व्यक्त करने के लिए पाली के सांसद पी पी चौधरी, विपक्ष में उपनेता सतीश पूनिया और जालोर विधायक जोगेश्वर गर्ग सहित तीन सदस्ईय भाजपा प्रतिनिधिमंडल आज बाड़मेर पहुंचा।

### पायलट की भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई की मांग का खाचरियावास ने किया समर्थन

**जयपुर।** राजस्थान के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने राज्य की पूर्ववर्ती भाजपा सरकार के समय कथित तौर पर हुए भ्रष्टाचार पर कार्रवाई की पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट की मांग का रविवार को समर्थन किया। खाचरियावास ने एक समाचार चैनल से कहा कि वह सचिन पायलट की बात से सहमत हैं और यह सरकार की जिम्मेदारी है कि वह उन मुद्दों पर कार्वाई करे जो कांग्रेस पार्टी ने विपक्ष में रहते हुए उठाए थे। इससे पहले पायलट ने कहा कि वह राज्य की पूर्ववर्ती भाजपा सरकार में कथित तौर पर हुए भ्रष्टाचार पर कार्वाई की मांग को लेकर 11 अप्रैल को जयपुर में शहीद स्मारक पर एक दिन का अनशन करेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने सत्ता में आने पर उनके और पार्टी के अन्य नेताओं द्वारा उठाए गए मुद्दों पर कार्वाई करने का वादा किया था, हालांकि, अब तक कोई कार्वाई नहीं की गई है। खाचरियावास ने कहा कि वह मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से बात करेंगे और उनसे पायलट द्वारा उठाए गए मुद्दों पर कार्वाई करने का आग्रह करेंगे। उन्होंने कहा, सचिन पायलट पार्टी की धरोहर हैं और राहुल गांधी ने भी यह कहा है। मैं उन मुद्दों का सम्मान करता हूं जो पायलट ने उठाए हैं। मैं मुख्यमंत्री से भी इस बारे में बात करूंगा और कहूंगा कि हमें कार्वाई करनी चाहिए।

### आईआईटी छात्र की आत्महत्या के मामले में पुलिस ने उसके एक सहपाठी को गिरफ्तार किया

**मुंबई।** मुंबई पुलिस की विशेष जांच टीम (एसआईटी) ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी)-बंबई के छात्र दर्शन सोलंकी के एक सहपाठी को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि आरोपी छात्र की पहचान अरमान खत्री के रूप में हुई है। सोलंकी और खत्री संस्थान में छात्रावास की एक ही मंजिल पर रहते थे और दोनों सहपाठी थे। अधिकारी के मुताबिक एसआईटी द्वारा तीन मार्च को बरामद एक कथित सुसाइड नोट में सोलंकी ने उल्लेख किया था कि अरमान ने मुझे मार डाला है। एक अधिकारी ने बताया कि मुंबई पुलिस की एसआईटी को हाल में लिखावट विशेषज्ञ से एक रिपोर्ट मिली। रिपोर्ट के अनुसार छात्रावास से बरामद कथित सुसाइड नोट की लिखावट सोलंकी के लेखन के नमूनों से मेल खाती है। इससे पुष्टि हुई है कि नोट सोलंकी के द्वारा लिखा गया था।

# जोजिला सुरंग दिसंबर, 2026 तक बनकर हो जाएगी तैयार

## ● कश्मीर घाटी को लद्दाख क्षेत्र से जोड़ने वाली सामरिक रूप से है महत्वपूर्ण

भाषा। जोजिला



**कश्मीर घाटी** को लद्दाख क्षेत्र से जोड़ने वाली सामरिक रूप से महत्वपूर्ण जोजिला सुरंग के निर्माण का काम पूरी गति से चल रहा है और लगभग 40 प्रतिशत खुदाई का काम पूरा हो चुका है। निर्माण कंपनी ने रविवार को यह जानकारी दी। इसके साथ ही कंपनी ने उम्मीद जताई है कि यह परियोजना दिसंबर, 2026 तक पूरी हो जाएगी। श्रीनगर-करगिल-लेह राष्ट्रीय राजमार्ग पर 11,578 फुट की ऊंचाई पर जोजिला दर्रे में निर्माणाधीन यह सुरंग परियोजना सामरिक महत्व रखती है क्योंकि सर्दियों में भारी बर्फबारी के कारण राजमार्ग बंद हो जाता है जिससे लद्दाख क्षेत्र का कश्मीर घाटी से संपर्क टूट जाता है। जोजिला सुरंग कश्मीर के गांदेरबल जिले में बालटाल को लद्दाख में करगिल जिले के द्रास कस्बे में मिनीमार्ग को जोड़ेगी। सोनमर्ग से बालटाल तक 18 किलोमीटर लंबा संपर्क मार्ग है जबकि मुख्य सुरंग की लंबाई 13 किलोमीटर है। इस सुरंग का निर्माण करने वाली कंपनी मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड (एमईआईएल) के परियोजना प्रमुख हरपाल सिंह ने यहां पीटीआई-भाषा के साथ बातचीत में कहा कि इसका काम पूरी रफ्तार से चल रहा है। उन्होंने कहा, भारत सरकार की यह परियोजना बेहद क्रांतिकारी है। सोनमर्ग से मिनीमार्ग तक इस परियोजना की कुल लंबाई 31 किलोमीटर है। सोनमर्ग से बालटाल तक 18 किलोमीटर लंबा मार्ग है और उसके बाद बालटाल से मिनीमर्ग तक मुख्य सुरंग 13 किलोमीटर की है। दोनों परियोजनाओं पर तेज गति से काम चल रहा है। सिंह ने कहा कि जनवरी में बार-बार हिमस्खलन होने के कारण दो महीने तक काम बंद करना पड़ा था। हिमस्खलन में दो लोगों की मौत हो गई थी और निर्माण कंपनी के 38 निर्माण उपकरण बर्फ में दब गए थे, जो अभी तक नहीं मिल पाए हैं। उन्होंने कहा, वह एक अस्थाई व्यवधान था। उम्मीद है कि पूरी परियोजना दिसंबर, 2026 तक पूरी हो जाएगी। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी की अगुआई वाली सड़क परिवहन और राजमार्ग पर संसदीय सलाहकार समिति इस परियोजना का निरीक्षण करने के लिए सोमवार को पहुंच रही है।

## कांग्रेस ने बी. एन. चंद्रप्पा को कर्नाटक इकाई का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया

भाषा। नई दिल्ली

**कर्नाटक विधानसभा** चुनाव से महज चंद दिनों पहले कांग्रेस ने रविवार को बी. एन. चंद्रप्पा को पार्टी प्रदेश इकाई का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया। पार्टी की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने चंद्रप्पा को कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस समिति का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया है। कांग्रेस की कर्नाटक इकाई के प्रमुख डी. के. शिवकुमार हैं। चंद्रप्पा की नियुक्ति आर. ध्रुवनारायण के स्थान पर की गई है, जिनका पिछले महीने निधन हो गया था। कांग्रेस कर्नाटक विधानसभा चुनाव के लिए अब तक 166 उम्मीदवारों की घोषणा कर चुकी है। उनमें एक सीट पर कर्नाटक सर्वोदय पार्टी का उम्मीदवार है। कांग्रेस ने अपनी पहली सूची में 124 उम्मीदवारों और दूसरी सूची में 42 उम्मीदवारों की घोषणा की थी।

# रिंकू ने जड़े लगातार पांच छक्के, केकेआर चमका

● गुजरात टाइटंस को 3 विकेट हराया

**भाषा।** अहमदाबाद



**इंपैक्ट** प्लेयर वेंकटेश अय्यर की 40 गेंद में 83 रन की पारी के बाद रिंकू सिंह के आखिरी पांच गेंदों पर पांच छक्कों की दम से कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 के बेहद रोमांचक मुकाबले में रविवार को यहां गुजरात टाइटंस को तीन विकेट से हराया। रिंकू ने 21 गेंद में नाबाद 48 रन की पारी के दौरान छह छक्के और एक चौका जड़ा। गत चैम्पियन गुजरात ने पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट पर 204 रन बनाए। केकेआर ने सात विकेट पर 207 रन बनाकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। केकेआर को आखिरी ओवर जीत के लिए 29 रन की जरूरत थी। उमेश यादव (नाबाद पांच) ने यश दयाल की पहली गेंद पर एक रन लेकर स्ट्राइक रिंकू को दी और इस वामहस्त खिलाड़ी ने लगातार पांच छक्के जड़कर टीम को यादगार जीत दिलादी। दयाल ने अपने चार ओवर में बिना किसी सफलता के 69 रन खर्च किए। अय्यर ने अपनी पारी में आठ चौके और पांच छक्के लगाने के अलावा कप्तान नीतीश राणा (45) के साथ 55 गेंद में 100 रन की साझेदारी की। राणा ने 29 गेंद की पारी में चार चौके और तीन छक्के जड़े। इन दोनों के पवेलियन लौटने के बाद राशिद ने पारी की 17वें ओवर की शुरुआती तीन गेंदों पर आंद्रे रसेल (एक रन), सुनील नारायण और शारदुल ठाकुर को आउट कर मैच पर गुजरात की मजबूत पकड़ बना दी। लेकिन रिंकू की अविश्वस्नीय बल्लेबाजी ने गुजरात के जबड़े से जीत छीन ली। गुजरात की यह तीन मैचों में पहली हार है। राशिद ने चार ओवर में 37 रन देकर तीन जबकि अल्जारी जोसेफ ने 27 रन देकर दो विकेट लिए। मोहम्मद शमी और जोश लिटिल को एक-एक सफलता मिली। इससे पहले विजय शंकर की 24 गेंद में नाबाद 63 रन की पारी से गुजरात ने 200 से ज्यादा का स्कोर खड़ा किया। शंकर ने अपनी नाबाद पारी में चार चौके और पांच छक्के लगाए। गुजरात ने आखिरी दो ओवरों में 45 रन बटोरे जिसमें शंकर ने 19वें ओवर में लॉकी फर्ग्युसन के खिलाफ दो चौके और दो छक्के जबकि 20वें ओवर में शारदुल ठाकुर के खिलाफ लगातार तीन छक्के लगाए। गुजरात के लिए साई सुदर्शन ने 38 गेंद में 53 जबकि शुभमन गिल ने 31 गेंद में 39 रन का योगदान दिया। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 67 रन की साझेदारी की। सुनील नारायण केकेआर के सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने चार ओवर में 33 रन देकर तीन विकेट लिए। सुयश (चार ओवर में 35 रन) को एक सफलता मिली। लक्ष्य का पीछा करते हुए केकेआर की शुरुआत अच्छी नहीं रही। रहमानुल्लाह गुरबाज (15) और नारायण जगदीशन (छह) की सलामी बल्लेबाजों की जोड़ी विफल रही।

### लॉर्ड रिंकू सिंह की हार से बचायाः वेंकटेश

**अहमदाबाद।** कोलकाता नाइट राइडर्स के बल्लेबाज वेंकटेश अय्यर ने इंडियन प्रीमियर लीग मैच मे रविवार को यहां आखिरी पांच गेंदो पर पांच छक्के लगाकर टीम को यादगार जीत दिलाने वाले रिंकू सिंह को लॉर्ड की उपाधि देते हुए कहा कि इस वामहस्त बल्लेबाज ने उन्हें हार से बचा लिया। अय्यर ने मैच के बाद कहा, यह काफी करीबी मुकाबला था, बेहद खुश है कि हमने मैच जीत लिया। हमारे कोच ने हमेशा कहा है कि हम किसी भी दिन 200 का स्कोर बना सकते है।

### स्कोरबोर्ड

**गुजरात टाइटंस पारीः** साहा का जगदीशन बो नारायण 17, गिलका उमेश बो नारायण 39, सुदर्शन का (स्थानापन्न) अनुकूल बो नारायण 53,मनोहर बो सुयश शर्मा 14,शंकर नाबाद 63,मिलर नाबाद 02,**अतिरिक्तः** (बाईः 01, लेगबाईः 04, नोबॉलः 01 , वाइडः10) 16, **कुल योगः** (20 ओवर मे चार विकेट पर) 204 रन, **विकेट पतनः** I-33, 2-100, 3-118, 4-153, **गेंदबाजीः**उमेश 3-0-24-0, ठाकुर 3-0-40-0,फर्ग्युसन 4-0-40-0,नारायण4-0-33-3,चक्रवर्ती 2-0-27-0,सुयश 4-0-35-I.

**केकेआर पारीः**रहमानुल्लाह का दयाल बो शमी 15, जगदीशनका मनोहर बो लिटिल 06,अय्यर का गिल बो जोसेफ83 , राणा का शमी बो जोसेफ 45,रिंकू सिंह नाबाद 48,रसेल का (स्थानापन्न) भरत बो राशिद 01, नारायण का (स्थानापन्न) जयंत बो राशिद 00,ठाकुर पगबाधा राशिद 00,यादव नाबाद 05,**अतिरिक्तः** (बाईः 01, वाइडः 03) 04,कुल योगः (20 ओवर मे सात विकेट पर) 207 रन,**विकेट पतनः** I-20, 2-28, 3-128, 4-154, 5-155, 6-155, 7-155 ,**गेंदबाजीः** शमी4-0-28-I,लिटिल,4-0-45-I,जोसेफ 4-0-27-2,दयाल,4-0-69-0,राशिद खान 4-0-37-3

### किसान परिवार से आता हूं, मेरा हर छक्का मेरे लिए संघर्ष करने वालों को समर्पितः रिंकू

**अहमदाबाद।** गुजरात टाइटंस के खिलाफ आखिरी पांच गेंद में पांच छक्के लगाकर कोलकाता नाइट राइडर्स को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मुकाबले में रविवार को यादगार जीत दिलाने वाले रिंकू सिंह ने अपने हर छक्के को उनके लिए संघर्ष करने वाले परिवार को समर्पित किया। रिंकू उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ के बेहद सामान्य परिवार से आते है। उनके पिता घरों में गैस सिलेंडर को पहुंचाने का काम करते थे। परिवार को कर्ज के बोझ से बाहर निकालने के लिए रिंकू उत्तर प्रदेश की अंडर-19 टीम के खिलाड़ी के तौर पर मिलने वाले वजीफे को बचाने के साथ घर में नौकर का काम भी कर चुके हैं।रिंकू ने गुजरात के खिलाफ यादगार पारी खेलने के बाद कहा, मुझे यकीन था कि मैं यह कर सकता हूँ। पिछले साल मैं लखनऊ में ऐसी ही स्थिति में था।

## आईपीएल-16 स्टेडियम से

### कभी हार नहीं मानूंगा, वानखेड़े पर टेस्ट खेलना चाहता हूंः रहाणे



**मुंबई।** भारतीय टीम से बाहर चल रहे अजिंक्य रहाणे ने कभी हार नही मानी और वानखेड़े स्टेडियम में आईपीएल 2023 का सबसे तेज अर्धशतक जड़कर क्रिकेट जगत को हैरान करने वाला यह बल्लेबाज अपने घरेलू मैदान पर टेस्ट मैच खेलने को तरस रहा है। सीएसके के लिए पदार्पण करते हुए रहाणे ने केवल 27 गेंद में सात चौको और तीन छक्को की मदद से 61 रन बनाए। उन्होने इस दौरान सिर्फ 19 गेंद पर सत्र का सबसे तेज अर्धशतक बनाया। मुंबई इंडियंस के खिलाफ 158 रन का पीछा करते हुए सुपरकिंग्स ने 18.1 ओवर में तीन विकेट पर 159 रन बनाकर जीत दर्ज की। रहाणे ने शनिवार को मीडिया से कहा, मै हमेशा वानखेड़े में खेलने का लुत्फ उठाता हूं। मैने यहां कभी टेस्ट नही खेला है। मै यहां एक टेस्ट खेलना चाहता हूं। रहाणे को शुरुआती एकादश में नही खेलना था लेकिन मोईन अली के चोटिल होने के कारण उन्हें मौका मिला। अब भी काफी लंबा सफर बाकी है। आज शुरुआती एकादश मे अपनी जगह को लेकर मै सुनिश्चित नही था। मुझे टॉस से ठीक पहले पता चला, मेरे लिए यह एक समय मे एक मैच खेलने और उस लम्हें में रहने के बारे में है। कुछ भी हो सकता है। आज मै अपने खेल को लेकर सुनिश्चित नही था। मै कभी हार नही मानूंगा। यह आनंद और जुनून के साथ खेलने के बारे में है। जनवरी 2022 में दक्षिण अफ्रीका के दौरे के बाद रहाणे को टेस्ट टीम से बाहर कर दिया गया था। चेतेश्वर पुजारा बाद में टीम में वापसी करने में सक्षम रहे लेकिन रहाणे ऐसा नही कर सके। मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच मार्क बाउचर ने कहा कि रहाणे की पारी से ज्यादा उनकी टीम को रविंद्र जडेजा और मिशेल सेंटनर की स्पिन गेंदबाजी ने नुकसान पहुंचाया। पर्याप्त रन नही बनाने के बाद हमारे गेंदबाजों और उनके बल्लेबाजो के बीच मुकाबला नही था विशेषकर अब टी20 क्रिकेट मे इंपेक्ट प्लेयर के आने के बाद। आज हमारे पास सात प्रमुख बल्लेबाज थे लेकिन आठ विकेट पर 157 रन काफी अच्छा स्कोर नही था।

### आईपीएल पर सट्टा लगाने के आरोप में नौ गिरफ्तार

**पुणे।** पुणे पुलिस ने सट्टेबाजी के एक गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैचों पर सट्टा लगाने के आरोप में नौ लोगों को गिरफ्तार किया। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर अपराध शाखा ने शनिवार को कोंढवा इलाके मे छापेमारी की, जहां नौ लोगों को आईपीएल मैचो पर सट्टा लगाते हुए पाया गया। अधिकारी ने कहा कि पुलिस ने आरोपियो के पास से 18 मोबाइल फोन, तीन लैपटॉप, एक कंप्यूटर और 92,000 रुपए नकद जब्त किए है। अपराध शाखा को मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच आईपीएल क्रिकेट मैच के दौरान चल रहे जुए के अड्डे के बारे में सूचना मिली थी।

### चाहर का होगा स्कैन, स्टोक्स के पैर में लगी चोट



**मुंबई।** चेन्नई सुपरकिंग्स और भारत के तेज गेंदबाज दीपक चाहर शनिवार को यहां मुंबई इंडियंस के खिलाफ खेले गए इंडियन प्रीमियर लीग मैच के दौरान चोटिल हो गए थे और उनका स्कैन किया जाएगा।वानखेड़े स्टेडियम मे खेले गए मैच मे चाहर ने मुकाबले के शुरू में एक ओवर किया लेकिन इसके बाद वह पवेलियन लौट गए थे जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया। चाहर उसके बाद मैदान पर नही उतरे। चेन्नई ने यह मैच सात विकेट से जीता था। इस 30 वर्षीय गेंदबाज की बाएं पांव की हैमस्ट्रिंग का स्कैन किया जाएगा जिससे चोट का सही आकलन किया जा सके। इस चोट के कारण वह कुछ मैचों से बाहर रह सकते है।चाहर पिछले लंबे समय से चोटों से जूझ रहे थे और उन्होंने इस आईपीएल में ही वापसी की थी लेकिन वह पहले दो मैचों में जूझते हुए नजर आए। चेन्नई सुपर किंग्स ने बयान में कहा, चाहर की चोट का सही आकलन करने के लिए टीम के चेन्नई लौटने पर उनका स्कैन किया जाएगा। इस बीच चेन्नई की तरफ से पहले दो मैचो मे खेलने वाले बेन स्टोक्स के पैर की उंगलियो में चोट लग गई है। वह शनिवार को मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच में नही खेले थे। बयान में कहा गया है, चेन्नई सुपर किंग्स के क्रिकेटर बेन स्टोक्स की पांव की उंगलियो की मामूली चोट का उपचार चल रहा है जिसके कारण वह मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच मे नही खेल पाए थे।

### साइक्लिस्ट इथेन बॉएस की कार की टक्कर से मौत

**सेन फ्रांसिस्को।** दिग्गज साइक्लिस्ट इथेन बॉएस की सेन फ्रांसिस्को के राष्ट्रीय उद्यान में कार से टक्कर लगने से मौत हो गई। अमेरिकी पुलिस ने यह जानकारी दी। अधिकारियो ने बताया कि गोल्डन गेट ब्रिज के दक्षिणी हिस्से मे एक एतिहासिक उद्यान प्रेसिडियो में मंगलवार दोपहर जब बॉएस बाइक चला रहे थे तो एक कार ने उन्हें टक्कर मार दी।

### जेब्युर चार्ल्सटन ओपन के फाइनल में

**चार्ल्सटन।** दूसरी वरीय ओन्स जेब्युर ने वर्षा से प्रभावित मुकाबले में तीसरी वरीय डारिया कसात्किना को सीधे सेट मे हराकर लगातार दूसरे साल चार्ल्सटन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। पिछले साल बेलिंडा बेनसिच के खिलाफ फाइनल मे शिकस्त झेलने वाली जेब्युर ने कसात्किना को 7-5, 7-5 से हराया। बारिश के कारण शीर्ष वरीय जेसिका पेगुला और चौथी वरीय बेनसिच के बीच होने वाला मुकाबला स्थगित करना पड़ा। इस मुकाबले की विजेता से फाइनल में जेब्युर की भिड़ंत होगी। जब मुकाबला स्थगित किया गया तब बेनसिच पहला सेट जीत चुकी थी लेकिन दूसरे सेट के टाईब्रेकर मे पेगुला के खिलाफ 2-4 से पीछे थी।

### चक्केज के दो गोल से विलारीयाल जीता

**बार्सीलोना।** सैमुअल चुक्वेज के दो गोल से विलारीयाल ने स्पेनिश फुटबॉल लीग में शनिवार को रीयाल मैड्रिड के खिलाफ पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 3-2 से जीत दर्ज की। पॉल टोरेस के आत्मघाती गोल से मैड्रिड ने छठे मिनट में ही बढ़त बना ली थी। नाईजीरिया के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी चुक्वेज ने 39वे मिनट मे विलारीयाल को बराबरी दिलाई। मध्यांतर के तुरंत बाद विनीसियस जूनियर ने मैड्रिड को फिर बढ़त दिला दी। जोस मोरालेस ने चुक्वेज के पास पर गोल दागकर स्कोर 2-2 किया। चुक्वेज ने इसके बाद 80वे मिनट में लंबी दूरी से एक और गोल दागकर विलारीयाल की 3-2 से जीत सुनिश्चित की। बार्सीलोना की टीम अगर सोमवार को गिरोना को हरा देती है तो दूसरे स्थान पर मौजूद मैड्रिड पर 15 अंक की बढ़त बना लेगी।

### लाजियो ने चैंपियन्स लीग का दावा मजबूत किया

**मिलान।** दूसरे स्थान पर चल रहे लाजियो ने शनिवार को यहां सिरी ए मे यूवेंटस को 2-I से हराकर चैंपियन्स लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करने का दावा मजबूत किया। सर्गेज मिलिनकोविच सेविच के विवादास्पद गोल से लाजियो ने बढ़त बनाई थी लेकिन एड्रियन रेबियोट ने यूवेंटस को बराबरी दिला दी। मातिया जेकेग्नी ने इसके बाद लाजियो को 2-I से आगे किया जो निर्णायक स्कोर साबित हुआ। इस जीत से लाजियो ने तीसरे स्थान पर चल रहे रोमा पर पांच अंक की बढ़त बना ली है। रोमा ने टोरिनो को I-0 से हराया। एसी मिलान चौथे स्थान पर लाजियो से छह अंक पीछे है। शीर्ष चार टीम चैंपियन्स लीग में जगह बनाएंगी।

### हैलेंड के दो गोल से मैनचेस्टर सिटी जीता

**मैनचेस्टर।** एर्लिंग हैलेंड के दो गोल से मैनचेस्टर सिटी ने शनिवार को यहां इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल टूर्नामेंट में साउथम्पटन के खिलाफ 4-I की आसान जीत दर्ज की। सिटी के साथ पहले सत्र मे खेल रहे हैलेंड के इन दो गोल के साथ मौजूदा सत्र में 30 गोल हो गए है। टीम की ओर से दो अन्य गोल जैक ग्रीलिश और जूलियन अल्वारेज ने दागे। साउथम्पटन की ओर से एकमात्र गोल सेकोउ मारा ने किया। इस जीत के साथ मैनचेस्टर सिटी ने खिताब की दौड़ मे आर्सेनल पर दबाव बनाए रखा है। आर्सेनल ने हालांकि अंक तालिका के शीर्ष पर पांच अंक की बढ़त बना रखी है।

# सनराइजर्स हैदराबाद को मिली पहली जीत

● धवन के धमाल के बाद मार्कंडेय और त्रिपाठी का कमाल

● पंजाब किंग्स को आठ विकेट से हराया

**भाषा।** हैदराबाद



*लेग स्पिनर* मयंक मार्कंडेय की शानदार गेंदबाजी और राहुल त्रिपाठी के अर्धशतक की मदद से सनराइजर्स हैदराबाद ने शिखर धवन की नाबाद 99 रन आकर्षक पारी पर पानी फेरकर पंजाब किंग्स को रविवार को यहां 17 गेंद शेष रहते हुए आठ विकेट से पराजित करके इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के वर्तमान सत्र में अपनी पहली जीत दर्ज की। धवन ने शुरू से लेकर आखिर तक एक छोर संभाले रखा और पहले बल्लेबाजी का न्योता पाने वाले पंजाब को नौ विकेट पर 143 रन का सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। उन्होंने अपनी पारी में 66 गेंदें खेली तथा 12 चौके और पांच छक्के लगाए। उनके अलावा केवल सैम करेन (15 गेंदों पर 22 रन) ही दोहरे अंक में पहुंचे। धवन ने मोहित राठी के साथ दसवें विकेट के लिए 30 गेंदों पर 55 रन की अटूट साझेदारी की। इसमें राठी का योगदान दो गेंदों पर एक रन था। सनराइजर्स की तरफ से मार्कंडेय ने 15 रन देकर चार विकेट लिए। उनके अलावा मार्को यानसन और उमरान मलिक ने दो-दो विकेट लिए। सनराइजर्स ने अपेक्षाकृत छोटे लक्ष्य के सामने दो विकेट जल्दी गंवा दिए लेकिन त्रिपाठी (48 गेंदों पर नाबाद 74 रन, 10 चौके, तीन छक्के) और कप्तान एडन मार्कराम (21 गेंदों पर नाबाद 37 रन, छह चौके) ने तीसरे विकेट के लिए 100 रन की अटूट साझेदारी की। इससे सनराइजर्स ने 17.1 ओवर में दो विकेट पर 145 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। पंजाब की तीन मैचों में यह पहली हार है। सनराइजर्स की शुरुआत भी अच्छी नहीं है और उसने हैरी ब्रूक (13) का विकेट जल्दी गंवा दिया जिन्हें अर्शदीप सिंह ने बोल्ड किया। दूसरे सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल (21) को भी 14 रन के निजी योग पर विकेटकीपर जितेश शर्मा ने जीवनदान दिया। सनराइजर्स पावर प्ले में एक विकेट पर 34 रन ही बना पाया। अग्रवाल जीवनदान का फायदा नहीं उठा पाए और राहुल चाहर की गेंद पर सीमा रेखा पर कैच दे बैठे। दूसरी तरफ त्रिपाठी ने इसके बाद चौकों की झड़ी लगा दी। उन्होंने चाहर के दो ओवरों में चार और हरप्रीत बराड़ पर लगातार तीन चौके लगाए। त्रिपाठी ने मोहित राठी पर छक्का लगाकर 35 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया। राठी ने अपने अगले ओवर में 21 रन दिए जिसने त्रिपाठी का एक छक्का और दो चौके शामिल हैं।

### स्कोरबोर्ड

**सनराइजर्स हैदराबाद पारीः** प्रभसिमरन पगबाधा भुवनेश्वर 00,धवन नाबाद 99,शॉर्ट पगबाधा यानसेन 01, शर्मा का मार्क्राम बो यानसेन04,कुरेन का भुवनेश्वर बो मार्कंडेय 22,रजा का मयंक बो उमरान 05, खान पगबाधा मार्कंडेय 04,बराड़ बो उमरान 01, चाहर पगबाधा मार्कंडेय 00, एलिस बो मार्कंडेय 00,राठी नाबाद 01,**अतिरिक्तः** (लेग बाईः 01, वाइडः 05),**कुल योगः** (20 ओवर मे नौ विकेट पर) 143 रन,**विकेट पतनः** I-0, 2-10, 3-22 , 4-63, 5-69, 6-74, 7-77, 8-78, 9-88,**गेंदबाजीः**भुवनेश्वर4-0-33-I,यानसेन 3-I-16-2, नटराजन 4-0-40-0,सुंदर I-0-6-0,मार्कंडेय4-0-15-4 मलिक4-0-32-2

# लखनऊ पर जीत को आरसीबी पूरा दम लगाएगी



**भाषा।** बेंगलुरू

● नजरें स्पिन के खिलाफ बल्लेबाजी और डेथ ओवरों में गेंदबाजी पर

**रॉयल चैलेंजर्स** बेंगलोर (आरसीबी) की टीम इंडियन प्रीमियर लीग में सोमवार को यहां जब लखनऊ सुपरजाइंट्स के खिलाफ उतरेगी तो उसे बल्लेबाजों से अधिक रन और डेथ ओवरों में गेंदबाजों से अधिक अनुशासन की उम्मीद होगी। आरसीबी की टीम पिछले मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 81 रन की करारी हार के बाद इस मुकाबले में उतर रही है और उसकी नजरें जीत की राह पर लौटने पर टिकी होंगी। अभी टूर्नामेंट अपने शुरुआती चरण में है लेकिन आसीबी के लिए डेथ ओवरों की गेंदबाजी चिंता का सबब बन गई है। नाइट राइडर्स के खिलाफ आरसीबी ने 12वें ओवर में विरोधी टीम का स्कोर पांच विकेट पर 89 रन कर दिया था लेकिन इसके बावजूद नितीश राणा की अगुआई वाली टीम सात विकेट पर 204 रन का बड़ा स्कोर खड़ा करने में सफल रही। मुंबई इंडियन्स के खिलाफ भी आरसीबी ने अंतिम पांच ओवर में 13 रन प्रति ओवर से अधिक रन दर से रन दिए। नई गेंद से प्रभावित करने वाले मोहम्मद सिराज और डेथ ओवरों के विशेषज्ञ हर्षल पटेल ने अंतिम ओवरों में काफी रन लुटाए है। राष्ट्रीय टीम के साथ जुड़े हुए वानिंदु हसरंगा और एड़ी की चोट से उबर रहे जोश हेजलवुड की गैरमौजूदगी ने आरसीबी की समस्या बढ़ा दी है। इन दोनों के हालांकि इस हफ्ते टीम से जुड़ने की उम्मीद है लेकिन तब तक रीस टॉप्ली के विकल्प के रूप में टीम में शामिल वेन पार्नेल को जिम्मेदारी निभानी होगी। आरसीबी की बल्लेबाजी में गहराई है। मुंबई के खिलाफ विराट कोहली और कप्तान फाफ डु प्लेसी की सलामी जोड़ी ने टीम की जीत का मंच तैयार किया लेकिन नाइट राइडर्स के खिलाफ पूरा बल्लेबाजी क्रम फिरकी के जादू में उलझ गया।

# मोदी ने 35वें ऑस्ट्रेलियाई सिख खेलों के लिए शुभकमनाएं दी

**भाषा।** कैनबरा



**प्रधान मंत्री नरेंद्र** मोदी ने भारत और ऑस्ट्रेलिया को प्रगति और समृद्धि में मजबूत भागीदार करार देते हुए ब्रिस्बेन में आयोजित 35वें ऑस्ट्रेलियाई सिख खेलों से जुड़े सभी लोगों को अपनी शुभकामनाएं दीं। ऑस्ट्रेलियन नेशनल सिख स्पोर्ट्स एंड कल्चरल काउंसिल द्वारा आयोजित खेलों का आयोजन ब्रिस्बेन में सात से नौ अप्रैल तक किया गया। मोदी के संदेश को कैनबरा स्थित भारतीय उच्चायोग ने रविवार को अपने ट्विटर हैंडल पर साझा किया। इस संदेश में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह आयोजन सिख समुदाय को अपने खेल कौशल, प्रतिस्पर्धी भावना और टीम वर्क को एक बड़े मंच पर प्रदर्शित करने में मदद करेगा। सिखों के पवित्र गुरुओं ने भारत और दुनिया को कई शाश्वत और कालातीत मूल्यों को साझा किया है। इन गुरुओं के जीवन और शिक्षा को अगर करीब से देखा जाए तो उन्होंने आध्यात्मिक विकास के साथ-साथ शारीरिक स्वास्थ्य के महत्व पर जोर दिया है। विकास के लिए समाज के विभिन्न वर्गों को एक मंच पर लाने के गुरुओं के संदेश का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि ए अवधारणाएं खेल की दुनिया में भी प्रासंगिक हैं, जहां लोग एक समान मंच पर भाग लेने के लिए एक साथ आते हैं। चाहे उनकी सामाजिक पृष्ठभूमि कुछ भी हो। गुरुओं का अनुसरण करते हुए सिख समुदाय खेल, टीमवर्क और फिटनेस में हमेशा सक्रिय रूप से शामिल रहा है।

### 12 साल के इशान ने आईएम विक्रमादित्य को बराबरी पर रोका

**भाषा।** मुंबई

**इशान तेंदोलकर** ने रविवार को यहां अखिल भारतीय फिडे रेटिंग शतरंज टूर्नामेंट के तीसरे दौर में हैरान करते हुए अंतरराष्ट्रीय मास्टर विक्रमादित्य कुलकर्णी को बराबरी पर रोक दिया। इशान ने शीर्ष बोर्ड पर काले मोहरों के साथ खेलते हुए 96 चाल के बाद विक्रमादित्य के साथ अंक बांटे। अन्य मुकाबलों में दूसरे वरीय सौरभ खेरदेकर (ईएलओ रेटिंग 2090), तीसरे वरीय राघव (ईएलओ 2066), चौथे वरीय अर्णव खेरदेकर (ईएलओ 1722), छठे वरीय गुरु प्रकाश (ईएलओ 1691) और सातवें वरीय योहान बोरिचा (1639) ने जीत दर्ज की। तीसरे दौर में बाद 12 खिलाड़ी संभावित तीन में से तीन अंक जुटाकर संयुक्त रूप से शीर्ष पर चल रहे हैं। नौ खिलाड़ियों के इनके बाद 2.5 अंक हैं। इस तीन लाख रुपए इनामी टूर्नामेंट में छह दौर का खेल और बाकी है।

### दिग्विजय ने आईटीएफ फ्यूचर्स में एकल खिताब जीता

**चेन्नई।** भारत के दिग्विजय प्रताप सिंह ने आईटीएफ मेन्स फ्यूचर्स टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में रविवार को यहां हमवतन सिद्धार्थ रावत को शिकस्त दी। तीसरी वरीयता प्राप्त दिग्विजय ने चौथी वरीयता प्राप्त रावत को 6-4, 7-6 से हराया। पहला सेट आसानी से जीतने के बाद दिग्विजय दूसरे सेट में 4-। से अगे चल रहे थे लेकिन रावत ने इसके बाद शानदार वापसी कर स्कोर 4-4 कर दिया।

### हैदराबाद एफसी की सुपर कप में जीत से शुरुआत

**मंजेरी।** इंडियन सुपर लीग की पूर्व चैंपियन हैदराबाद एफसी ने रविवार को यहां पायनाड स्टेडियम में ग्रुप बी के मुकाबले में आइजोल एफसी को 2-। से हराकर सुपर कप फुटबॉल टूर्नामेंट में अपने अभियान की सकारात्मक शुरुआत की। हैदराबाद एफसी की तरफ से ऑस्ट्रेलियाई मिडफील्डर जोएल जोसेफ चैनीज ने 17वें मिनट में पहला गोल किया। ब्राजील के मिडफील्डर जोआओ विक्टर ने 50वें मिनट में पेनल्टी को गोल में बदलकर हैदराबाद को 2-0 से बढ़त दिला दी।

# प्रियांशु ने ओरलियंस मास्टर्स का खिताब जीता

● पहला बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर सुपर 300 खिताब आने नाम की

**भाषा।** ओरलियंस



**भारत** के प्रियांशु राजावत ने रविवार को यहां रोमांचक फाइनल में डेनमार्क के मैग्नस योहानसन को तीन गेम में हराकर ओरलियंस मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल का खिताब जीत लिया। थॉमस कप 2022 का खिताब जीतने वाली भारतीय टीम में शामिल मध्य प्रदेश के 21 साल के प्रियांशु ने दुनिया के 49वें नंबर के खिलाड़ी योहानसन को 68 मिनट में 21-15 19-21 21-16 से हराकर अपने करियर का सबसे बड़ा खिताब जीता। विश्व में 58वें नंबर के राजावत ने पीटीआई से कहा, मैं इस सप्ताह अपने प्रदर्शन से बेहद खुश हूं। यह मेरा पहला बड़ा खिताब है और मैं इसे जीतकर बहुत खुश हूं। क्वालीफायर से फाइनल तक का सफर तय करने वाले दोनों खिलाड़ियों ने खिताबी मुकाबले में शानदार खेल दिखाया लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने महत्वपूर्ण मौकों पर अंक जुटाकर अपना पहला विश्व टूर सुपर 300 खिताब जीता। इक्कीस साल के इन दो खिलाड़ियों के बीच यह पहला मुकाबला था लेकिन इस दो लाख 40 हजार डॉलर इनामी टूर्नामेंट के दौरान एक भी गेम नहीं गंवाने वाले प्रियांशु ने परिपक्वता दिखाई और आक्रामक तथा रक्षात्मक खेल के मिश्रण की बदौलत जीत दर्ज की। प्रियांशु ने क्रॉस कोर्ट स्मैश से कई अंक जुटाए। पिछले साल ओरलियंस मास्टर्स में इस भारतीय खिलाड़ी का सफर जल्दी थम गया था। पिछले साल यह सुपर 100 टूर्नामेंट था। प्रियांशु ने फाइनल में सकारात्मक शुरुआत की लेकिन योहानसन ने भारतीय खिलाड़ी को आक्रामक होकर नहीं खेलने दिया। भारतीय खिलाड़ी ने हालांकि जल्द ही लय हासिल की और दो आक्रामक रिटर्न के साथ 6-5 की बढ़त बनाई जिसे उन्होंने 9-7 तक पहुंचाया। प्रियांशु ने बैकहैंड स्मैश और फिर विनर के साथ ब्रेक तक 11-8 की बढ़त बना ली। भारतीय खिलाड़ी ने बढ़त को बरकरार रखा और दो क्रॉस कोर्ट स्मैश के साथ 18-11 की बढ़त हासिल की और फिर आसानी से पहला गेम जीता। दूसरे गेम में योहानसन ने अपने डिफेंस को मजबूत किया और अच्छी शुरुआत करते हुए 6-3 की बढ़त बनाई। प्रियांशु ने कुछ शॉट नेट पर मारे जिससे डेनमार्क का खिलाड़ी ब्रेक तक 11-8 से आगे था। प्रियांशु ने इसके बाद कई गलतियां की जिसका फायदा उठाकर योहानसन ने स्कोर 14-9 कर दिया। भारतीय खिलाड़ी ने वापसी करते हुए 17-15 की बढ़त बनाई लेकिन योहानसन ने धैर्य बरकरार रखते हुए गेम जीत लिया। तीसरे और निर्णायक गेम में प्रियांशु ने शानदार शुरुआत करते हुए 5-0 की बढ़त बनाई लेकिन डेनमार्क के खिलाड़ी ने 9-9 के स्कोर पर बरबारी हासिल कर ली। प्रियांशु ब्रेक तक 11-9 से आगे थे। भारतीय खिलाड़ी ने हालांकि इसके बाद योहानसन को अधिक मौके नहीं दिए। भारतीय खिलाड़ी ने सात चैंपियनशिप अंक हासिल किए।

### उत्तर प्रदेश में ताइक्वांडो खिलाड़ियों को मिलेंगे और अवसर : रफत



**लखनऊ।** भारत में वर्ल्ड ताइक्वांडो डब्लूटी से अधिकृत एक मात्र संस्था इंडिया ताइक्वांडो की उत्तर प्रदेश इकाई का गठन कर लिया गया है। कोरियन मार्शल आर्ट को उत्तर प्रदेश में बढ़ावा देने के लिए नवगठित उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो का अध्यक्ष पूर्व अंतरराष्ट्रीय ताइक्वांडो खिलाडी व पैरा ताइक्वांडो कोच डाणसैयद रफत जुबैर रिजवी को बनाया गया है। इस संस्था के महासचिव रजत आदित्य दीक्षित होंगे। वर्तमान में इंडिया ताइक्वांडो भारत में वर्ल्ड ताइक्वांडो से अधिकृत एक मात्र संस्था है जिसको भारत में ताइक्वांडो खेल के संचालन के लिए मान्यता दी गई है। वर्तमान में केवल इंडिया ताइक्वांडो के खिलाड़ी ही अधिकृत अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओ में भाग लेते है।

### एमेच्योर बॉक्सिंग के अध्यक्ष बने अभिषेक प्रकाश

**नोएडा।** आईएएस अभिषेक प्रकाश को उत्तर प्रदेश एमेच्योर बॉक्सिंग एसोसिएशन की नोएडा में हुई वार्षिक आम सभा की बैठक में हुए कार्यकारिणी के चुनावों में अध्यक्ष चुना गया है । इस बैठक में निर्वाचन अधिकारी रिटायर्ड जस्टिस हेत सिंह एवं उप चुनाव अधिकारी अधिवक्ता उमाकांत गोस्वामी उपस्थित थे। चुनाव के बाद परिणामों की घोषणा की गयी जिसमे लखनऊ मुक्केबाजी संघ से अभिषेक प्रकाश अध्यक्ष, गौतम बुद्ध नगर बॉक्सिंग संघ से प्रमोद कुमार सचिव तथा झांसी संघ से डॉक्टर रोहित पांडेय कोषाध्यक्ष पद पर चुने गए। उपाध्यक्ष के पद पर लखनऊ से अतुल अग्निहोत्री, कानपुर से अश्विनी दीक्षित, झांसी से अब्दुल हमीद, गौतमबुद्ध नगर से विजेंद्र पाल नागर व मुरादाबाद से राजीव गोयल चुने गए है।

### ताइक्वाण्डो एसोसिएशन के अध्यक्ष बने शैलू

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश ताइक्वाण्डो एसोसिएशन की वार्षिक साधारण सभा की बैठक रविवार को आयोजित की गयी। इस बैठक में हुए चुनावों में अध्यक्ष शैलेश कुमार सिंह शैलू सचिव राजकुमार व कोषाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह बनाए गए है। चुनाव परिणाम की घोषणा निर्वाचन अधिकारी आरबी त्रिपाठी ने की। ,उपाध्यक्ष आनन्द मणी जुगरान,सचिव- राज कुमार, सचिव -मोहित कुमार, कोषाध्यक्ष- देवेन्द्र सिंह, कार्यकारिणी सदस्य- हिम प्रीत सिंह, एसएम आसिफ, अमरनाथ,तसकीन जहीर ।